


दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी

क्रोध नहीं प्रेम से रिश्ते जीते जाते हैं।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, रविवार, 13 जुलाई, 2025 | श्रावण कृष्ण पक्ष: तृतीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 192 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### हरियाणा में अस्पतालों में वेटिंग लिस्ट से होगी डॉक्टरों की तैनाती

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग में अब वेटिंग लिस्ट में शामिल रहे डॉक्टरों को तैनाती दी जाएगी। इस संबंध में विभाग की तरफ से फाइल मुख्यमंत्री को भेज दी गई है। यहां कई दिनों से फाइल अटकने के कारण तैनाती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के 777 खाली पद भरने की कवायद पिछले कई माह से चल रही है लेकिन अभी तक इन पदों पर शत-प्रतिशत तैनाती नहीं हो पाई है। इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के बाद सरकार की तरफ से 502 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे। जिसके बाद शेष बचे 275 पदों पर भर्ती के लिए वेटिंग लिस्ट में से करीब 126 डॉक्टरों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद नियुक्ति पत्र सौंप जाने हैं। यह डॉक्टर पिछले करीब दो माह से ज्वाइनिंग की इंतजार कर रहे हैं। अभी तक इन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिले हैं। हरियाणा में डाक्टरों के रिक्त पदों का मुद्दा विधानसभा के बजट सत्र में उठा था। जिसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने प्रदेश में डॉक्टरों के करीब 777 रिक्त पदों को भरने का ऐलान किया था। अब निकट भविष्य में विधानसभा का मानसून सत्र आने वाला है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग चाहता है कि विधानसभा में दोबारा यह मुद्दा उठने से पहले ही भर्ती प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए। नियुक्ति पत्र से जुड़ी फाइल सीएम नायब सिंह सैनी के पास पहुंच गई है। अब वहां से मंजूरी मिलने के बाद इन डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। अभी वेटिंग लिस्ट से जुड़े 126 डॉक्टरों की ज्वाइनिंग नहीं हो पाई है कि विभाग ने वेटिंग लिस्ट से ही जुड़े 58 अन्य डॉक्टरों को दस्तावेजों की जांच के लिए बुलाया है। इन्हें पंचकूला स्थित मुख्यालय पर दस्तावेजों की जांच के लिए बुलाया गया है। प्रदेश में डॉक्टरों के खाली 777 पदों पर भर्ती के लिए रोहतक पीजीआई द्वारा परीक्षा ली गई थी। जिसका परिणाम स्वास्थ्य विभाग को भेज दिया गया था। अब उनमें से शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को दस्तावेजों की जांच और बायोमेट्रिक के लिए बुलाया जा रहा है, ताकि इन्हें नियुक्ति पत्र देकर प्रदेश के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में बनी डॉक्टरों को कमी को पूरा किया जा सके। सीएमओ में फाइल अटकने के कारण डॉक्टरों की तैनाती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही है।

### आतंकी पन्नू बोले- कपिल शर्मा कनाडा में बिजनेस क्यों कर रहे, हिंदुस्तान जाओ

**नई दिल्ली (अप्रस)।** खालिस्तान आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कॉमेडियन कपिल शर्मा को कनाडा में कैफे खोलने पर धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी करके कहा कि कपिल खुद को हिंदूवादी बताता है। उसके कैफे पर फिर गोलियां चलाई जा सकती हैं और खालिस्तानी समर्थकों पर आरोप लगाए जा सकते हैं। पन्नू ने कहा कि भारत के लोग कनाडा के सर्रे शहर में निवेश कर रहे हैं। क्या कपिल का कैफे सिर्फ एक कॉमेडी कैफे है या हिंदुत्व का वैश्विक विस्तार करने की एक रणनीति का हिस्सा है? ये लोग कनाडा में बिजनेस कर रहे हैं, भारत में क्यों नहीं? जब वो कनाडा के कानून को नहीं मानते तो यहां क्यों आ रहे हैं, ये कोई खेल का मैदान नहीं है। अपना पैसा लेकर वापस हिंदुस्तान जाओ। यहां हिंदुत्व विचारधारा नहीं चलेगी। हालांकि दैनिक भास्कर पन्नू के वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले 7 जुलाई को कैप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था। दावा किया गया कि हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की।




अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामला: 15 पेज की रिपोर्ट में खुलासा

# दोनों इंजन बंद हुए, एक पायलट ने दूसरे से पूछा- तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब मिला-नहीं

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं।

गौरतलब है कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने से हुआ



### पायलट कोशिश के बाद क्रैश से नहीं बचा पाए

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजन को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, टेकऑफ से लेकर हादसे तक की पूरी उड़ान करीब 30 सेकेंड ही चली। इस समय तक रिपोर्ट में बोइंग 787-8 विमान और जीई जीईएन एंड वीबी इंजन को लेकर किसी ऑपरेटर के लिए कोई चेतावनी या कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है। साथ ही रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और सबोटाज जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं है।

### बोइंग बोला- जांच एजेंसियों का सहयोग कर रहे

बोइंग ने रिपोर्ट आने के बाद अपने बयान में कहा कि हमारी संवेदनाएं एअर इंडिया फ्लाइट 171 के यात्रियों, क्रू मेंबर्स और अहमदाबाद में प्रभावित लोगों के परिवारों के साथ हैं। हम जांच एजेंसियों और अपने कस्टमर के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। यह बयान एएआईबी की शुरुआती जांच रिपोर्ट के बाद आया है।

### पायलट ने किया मेडे कॉल, जवाब नहीं मिला

विमान का आखिरी सिग्नल 190 मीटर (625 फीट) की ऊंचाई पर मिला, जो उड़ान भरने के तुरंत बाद आया था। विमान ने 12 जून की दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के बाद विमान के पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को मेडे कॉल (इमरजेंसी मैसेज) भेजा, लेकिन इसके बाद कोई जवाब नहीं मिला।

रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

# निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर सरकार का जोर: पीएम मोदी

कहा- आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर भी जोर दे रही है। पीएम मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद यह बात कही। इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नियुक्त किया गया है।

प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है। मैन्युफेक्चरिंग में बहुत बड़ी संख्या में नई जॉब्स बन रही हैं। मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए इस वर्ष के बजट में मिशन मैन्युफेक्चरिंग की घोषणा की गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर अच्छा खासा जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। हाल ही में सरकार ने एक नई स्कीम रोजगार प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। लोकतंत्र और युवा आबादी को भारत की असीमित शक्ति बताते हुए मोदी ने कहा कि आज 51 हज़ार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में परमानेंट जॉब मिल चुकी है। अब ये नौजवान...राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। आज दुनिया मान रही है कि भारत के पास दो असीमित शक्तियां हैं। एक डेमोग्राफी, दूसरी डेमोक्रेसी। यानि सबसे बड़ी युवा आबादी और सबसे बड़ा लोकतंत्र। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और अनुसंधान का एक सिस्टम मिलकर युवाओं का सशक्तिकरण कर रहा है।



### भारत सबसे अधिक समानता वाले देश की श्रेणी में शामिल

पीएम ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत को सबसे अधिक समानता वाले देश की श्रेणी में रखा गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बीते दशक में भारत के 90 करोड़ से अधिक नागरिकों को वेलफेयर स्कीम्स के दायरे में लाया गया है। आज वर्ल्ड बैंक जैसी बड़ी वैश्विक संस्थाएं भारत की प्रशंसा कर रही हैं। भारत को दुनिया के सबसे अधिक समानता वाले शीर्ष के देशों में रखा जा रहा है। मोदी ने कहा कि है इस तरह के रोजगार मेले युवा शक्ति को सशक्त बनाने तथा विकसित भारत का माध्यम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं ।

प्रदेश व जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के वाले 275 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# विद्यार्थी विकसित भारत के संकल्प को करें साकार: सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें नशे से दूर रहते हुए विकसित भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मुख्यमंत्री शनिवार को पंचकूला में 10वीं और 12वीं के प्रदेश व जिला स्तर के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी संकायों में प्रदेश स्तर व जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के वाले 275 विद्यार्थियों को सम्मानित किया व उनका हौसला बढाया। सीएम ने कहा कि हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत सुधारों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में न केवल स्कूली शिक्षा, बल्कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछले साढ़े दस वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की दिशा में कार्य किया है, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें और राज्य में चिकित्सकों की कमी दूर की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 15 जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हो चुके हैं तथा शेष जिलों में बन रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने बेटियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर 20 किलोमीटर की दूरी पर डिग्री कॉलेज स्थापित किए हैं, ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए दूर न जाना पड़े।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। सरकार ने निर्णय लिया है कि 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर पास हुए अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को 1 लाख 11 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे।

### दिल्ली में इमारत गिरने से दो लोगों की मौत, आठ घायल

**नई दिल्ली (अप्रस)।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार को एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य घायल हो गये। उत्तर पूर्वी जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कि वेलकम थाने की पुलिस को एक चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली थी तभी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दमकल कर्मी और अन्य एजेंसी के कर्मी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से आठ घायल लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात लोगों को जेपीसी अस्पताल में जबकि एक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में मारे गये लोगों की पहचान मतलूब (50) और उसकी पत्नी राबिया (46) के रूप में हुई है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक राहत बचाव अभियान जारी था। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही।







# कांग्रेस और भाजपा मिलीभगत कर ड्रग माफिया और गैंगस्टरों को बचा रही हैं: हरपाल चीमा

बाजवा की ऑनलाइन शिकायत पर भाजपा-नियंत्रित पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आप नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की

हजारों शिकायतों को नज़रअंदाज़ कर राजनीतिक बदले की भावना से आप नेताओं पर की गई एफआईआर: चीमा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब के वित्त मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता हरपाल सिंह चीमा ने कांग्रेस और भाजपा पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि दोनों पार्टियां मिलकर ड्रग तस्करों और गैंगस्टरों को बचाने के लिए काम कर रही हैं एवं झूठी एफ़आईआर व राजनीतिक दबाव के ज़रिए आप सरकार के ड्रग्स के खिलाफ़ अभियान को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं।

आप मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा नेता अब झूठी एफ़आईआर दर्ज करके आप को चुप कराने की साज़िश रच रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया, 'हमने दो दिनों के लिए विधानसभा सत्र की घोषणा की, इससे घबराकर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष प्रताप बाजवा चंडीगढ़ पुलिस के पास पहुंचे और ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। सिर्फ़ 24 घंटों में, मेरे और आप पंजाब अध्यक्ष अमन अरोड़ा के खिलाफ़ एफ़आईआर दर्ज कर ली गई। यह बेहद आश्चर्यजनक है।

चीमा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और भाजपा द्वारा मनोनीत राज्यपाल द्वारा शासित चंडीगढ़ पुलिस पर आरोप लगाया कि वह तेज़ी से राजनीतिक रूप से प्रेरित एफ़आईआर दर्ज कर रही है, जबकि हज़ारों जायज़ शिकायतें अभी भी लंबित हैं। उन्होंने अदालत में पेश चंडीगढ़ पुलिस के हलफनामे के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला दिया जिसमें 15 मई, 2024 तक, 7,067 शिकायतें लंबित थीं, जिनमें से कई साइबर अपराध, धोखाधड़ी और चोरी से जुड़े मामले भी है।

चीमा ने कहा, ÷यह दर्शाता है कि कैसे कांग्रेस और भाजपा असली अपराधियों की अनदेखी करते हुए आप नेताओं को फंसाने के लिए मिलीभगत कर रहे हैं। लेकिन हम इससे डरते नहीं हैं। हम कानून का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम सच बोलना कभी बंद नहीं करेंगे।'

चीमा ने बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी ने पहली बार 2017 में पंजाब चुनाव लड़ा था, जब प्रमुख मुद्दे नशाखोरी, बेरोजगारी और कृषि संकट थे। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या सबसे गंभीर चिंता का विषय थी और उस समय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी कहा था कि अकाली-भाजपा गठजोड़ के कारण पंजाब के 70 प्रतिशत युवा नशे की गिरफ्त में हैं। चीमा ने कहा, '2017 में कांग्रेस ने चार हफ्तों में नशा उन्मूलन का वादा किया था। उनके मुख्यमंत्री ने तलवंडी साबो के पास एक रैली में पवित्र गुटका साहिब की कसम भी खाई थी, लेकिन पांच साल में कांग्रेस ने कुछ नहीं किया।' उन्होंने बताया कि जब 2022 में फिर से चुनाव हुए, तो पंजाब की जनता ने आप पर भरोसा जताया और हमें ऐतिहासिक जनादेश देकर भगवंत मान को मुख्यमंत्री बनाया।

चीमा ने ज़ोर देकर कहा कि आप सरकार पिछले साढ़े तीन सालों से नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है, जो पिछले तीन महीनों में एक व्यापक युद्ध, 'युद्ध नशें विरुद्ध' में बदल गया है। उन्होंने कहा, 'हम किसी को नहीं बख्श रहे हैं। अवैध रूप से निर्मित संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है और दोषियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा रहा है। एक कैबिनेट उप-समिति का भी गठन किया गया था, जिसका अध्यक्ष मैं हूं और हमने पूरे पंजाब के पुलिस थानों का दौरा भी किया।' उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि आप सरकार ने सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए ड्रोन-रोधी प्रणालियां लागू की हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कोई कार्रवाई की जाती है तो कांग्रेस, भाजपा और अकाली नेता तोड़फोड़ पर सवाल उठाने लगते हैं और नशा तस्करों का बचाव करते हैं, जिससे उनकी मिलीभगत उजागर होती है।

### चन्नी ने एक बार ड्रग्स की तुलना अकाली नेता बिक्रम मजीठिया से की थी: चीमा

पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी का हवाला देते हुए चीमा ने कहा, 'चन्नी ने एक बार ड्रग्स की तुलना अकाली नेता बिक्रम मजीठिया से की थी और कहा था कि अगर कोई 'चिट्टा' (हेरोइन) की बात करता है, तो लोग कहते हैं कि मजीठिया आ गया है। नवजोत सिद्धू, सुखपाल खैरा और प्रताप बाजवा भी इस मुद्दे पर मुखर रहे हैं। बाजवा ने तो यहां तक कह दिया था कि ज़िम्मेदार लोगों को गले में रस्सी डालकर घसीटा जाना चाहिए। लेकिन आज वही कांग्रेसी नेता मजीठिया के लिए आंसू बहा रहे हैं। वे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं और उनके बचाव में वीडियो जारी कर रहे हैं। लेकिन लोग सब देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक 'चिट्टा चोर' था, दूसरा 'नीला चोर' और दोनों ने मिलकर पंजाब को लूटा।' चीमा ने अबोहर में हाल ही में एक कपड़ा व्यापारी की हत्या का भी ज़िक्र किया, जिसकी ज़िम्मेदारी गुजरात की साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वह जेल भाजपा सरकार के नियंत्रण में है। गुजरात से पूरे भारत के व्यापारियों को धमकाने के लिए फ़ोन क्यों आ रहे हैं? गुजरात की जेलों से व्यापारियों को आतंकित करने और उन्हें भाजपा की ओर धकेलने का एक बड़ा रैकेट चलाया जा रहा है।' मंत्री ने चेतावनी दी कि आप सरकार गैंगस्टरवाद और ड्रग माफिया को ख़त्म करके रहेगी। चीमा ने कहा, 'कांग्रेस और भाजपा अपराधियों को बचाने के लिए एकजुट हो गए हैं, लेकिन हम पंजाब के लोगों के साथ हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे। हम सच्चाई, न्याय और पंजाब के भविष्य के लिए लड़ते रहेंगे।'

# मुख्यमंत्री ने की राज्य में शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह क्रिकेट लीग शुरू करने की वकालत

इस कदम का उद्देश्य क्रिकेट खिलाड़ियों को ग्रामीण स्तर पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए तैयार करना

पी.सी.ए. की नई बनी टीम की ओर से मुख्यमंत्री से मुलाकात



अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** राज्य में ग्रामीण स्तर पर विश्व-स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह क्रिकेट लीग शुरू करने की जोरदार वकालत की। आज शाम अपने सरकारी आवास पर नई बनी पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के साथ मुलाकात के दौरान बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि लीग को गांव, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर मैच आयोजित करने चाहिए ताकि ग्रामीण स्तर पर क्रिकेट प्रतिभा की पहचान कर खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंटों के लिए तैयार किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को 'खेडा वतन पंजाब दीयां' की तर्ज पर आयोजित किया जाना चाहिए, जो राज्य सरकार द्वारा हर साल उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करता है। भगवंत सिंह मान ने कल्पना की कि यह लीग पंजाब भर के क्रिकेटरों की आंतरिक क्षमता को बाहर लाने में मदद करेगी, जिससे इस खेल को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के खिलाड़ी जैसे हरभजन सिंह (सांसद), शुभमन गिल, अर्शदीप सिंह और अन्य पहले ही क्रिकेट के क्षेत्र में अपने शानदार प्रदर्शन से देश का नाम रोशन कर चुके हैं या कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि खिलाड़ियों को अपनी योग्यताओं का प्रदर्शन करने के लिए मजबूत मंच प्रदान किया जाए, तो पंजाब से और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आएंगे। भगवंत सिंह मान ने नवनिर्वाचित पीसीए टीम को पूर्ण समर्थन और सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह टीम पंजाब में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि राज्य सरकार मुल्लांपुर में मौजूदा स्टेडियम के अलावा जालंधर और अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाएगी।

### भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों के कप्तान पंजाब से होना गर्व की बात

भगवंत सिंह मान ने गर्व के साथ कहा कि भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों के कप्तान पंजाब से हैं। उन्होंने बुनियादी ढांचे को अपग्रेड करने और एथलेटिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करके पंजाब को खेलों में अग्रणी राज्य बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस दौरान मुख्यमंत्री का तहेदिल से धन्यवाद करते हुए पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों, जिनमें अध्यक्ष अमरजीत मेहता, उपाध्यक्ष दीपक बाली, सचिव कुलवंत सिंह विधायक और अन्य शामिल थे, ने भरोसा दिलाया कि एसोसिएशन राज्य में क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी।

# सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने हेतु कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर की अभिनव पहल

डॉ. बलजीत कौर ने मलोट हलके के गांव रामनगर से सरकारी स्कूलों में ए.सी. लगवाने की शुरू की विशेष मुहिम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मलोट, 12 जुलाई।** पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने विधानसभा क्षेत्र मलोट से एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। इस अभिनव मुहिम के तहत उन्होंने मलोट हलके के गांव रामनगर के सरकारी प्राइमरी और मिडल स्कूलों में ए.सी. लगवाने की मुहिम आरंभ की। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि विद्यार्थियों को अध्ययन के अनुकूल वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से यह मुहिम शुरू की गई है। अभी तक लगभग ढाई लाख रुपए की लागत से गांव रामनगर के सरकारी स्कूलों में छह ए.सी. और दो 50-50 लीटर क्षमता वाले वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही, कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर द्वारा गांव रामनगर में होने वाले कबड्डी टूर्नामेंट के लिए 8,100 रुपए की वित्तीय सहायता का चेक भी प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि यह पहल राज्य सरकार को विद्यार्थियों की इच्छाओं और लक्ष्यों को पूरा करने हेतु आवश्यक सहयोग देने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि पहले से ही पंजाब सरकार की 'शिक्षा क्रांति' मुहिम के तहत सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी व्यक्तिगत रुचि भी उन कार्यों में है, जो आम लोगों के जीवन स्तर में सुधार ला सकें, और वे लगातार ऐसे जनहित कार्यों के लिए समर्पण से काम कर रही हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज शुरू की गई यह पहल न केवल शैक्षणिक, बल्कि भावनात्मक रूप से भी विद्यार्थियों को सहयोग देने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो सकें।

### ये रहे मौके पर मौजूद

इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख व्यक्तियो में को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन जगदेव सिंह बाम, निजी सचिव अर्शदीप सिंह सिद्धू व शिंदरपाल सिंह, पूर्व सरपंच भुपिंदर सिंह, सरपंच संदीप कौर, राम सिंह, संदीप सिंह, लवली संधू, गुरप्रीत सिंह, निका प्रधान, हरमेल सिंह, बलराज सिंह, शिंदर सिंह, शंकल लाल, गुरमीत सिंह बराड़, सुखजिंदर सिंह भुल्लर, कुलदीप सिंह, प्रिंसिपल शीशु बाला, प्रिंसिपल जगमीत सिंह के अलावा विभिन्न गांवों की ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# युद्ध नशों विरुद्ध का 133वां दिन: 707 ग्राम हेरोइन सहित 120 नशा तस्कर काबू

'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 76 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास के लिए किया तैयार



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब में नशे के खात्मे के लिए चल रही जंग 'युद्ध नशों विरुद्ध' के तहत आज 133वें दिन भी कार्रवाई जारी रखते हुए पंजाब पुलिस ने 707 ग्राम हेरोइन और 16,300 रुपए की ड्रग मनी बरामद करते हुए 120 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकार, केवल 133 दिनों में अब तक गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों की कुल संख्या 21,660 हो चुकी है।

यह राज्यव्यापी ऑपरेशन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के नेतृत्व में प्रदेश के सभी 28 जिलों में एक साथ चलाया गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान पहले ही पुलिस कमिश्नरों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त बनाने का स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं। इसी के तहत पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का भी गठन किया है, जो इस अभियान की निगरानी कर रही है।

स्पेशल डीजीपी (कानून-व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने जानकारी दी कि 85 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में, 1300 से अधिक पुलिसकर्मियों की 180 से ज्यादा पुलिस टीमें गठित की गई, जिन्होंने प्रदेशभर में 428 स्थानों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई के तहत 77 एफआईआर दर्ज की गई और 472 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई।

स्पेशल डीजीपी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में नशे के खात्मे के लिए तीर-थरी रणनीति – एनफोर्समेंट (कानूनी कार्रवाई), डी-एडिक्शन (नशा छुड़ाना) और प्रिवेंशन (रोकथाम) – लागू की गई है। इसी रणनीति के तहत आज पंजाब पुलिस ने 76 व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

# गुरदासपुर स्टेट यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु आधुनिक कोर्स शुरू किए जाएंगे: बैंस

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बेहतर परिणामों के लिए विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण वातावरण पर दिया ज़ोर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** पंजाब के तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी, गुरदासपुर को राज्य में उच्च शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से इस अकादमिक सत्र से विश्वविद्यालय में आधुनिक और उद्यमशीलता पर केंद्रित कोर्स शुरू करने के निर्देश दिए हैं ताकि 'भविष्य के लिए तैयार' स्नातक तैयार किए जा सकें। स बैंस ने यहां अपने कार्यालय में यूनिवर्सिटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण माहौल सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार शैक्षणिक संस्थानों को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

दाखिलों में बढ़ोतरी व रणनीतिक योजना पर ज़ोर देते हुए स बैंस ने यूनिवर्सिटी में दाखिलों में और वृद्धि के निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए रणनीतिक योजना बनाते समय दाखिलों से जुड़े रुझानों का विस्तृत और सटीक डेटा संकलित किया जाना चाहिए।

स बैंस ने व्यापक फैकल्टी प्रशिक्षण व विकास कार्यक्रमों की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि शोध किसी भी विश्वविद्यालय का अहम हिस्सा है, जो उसकी गुणवत्ता और पहचान को दर्शाता है। उन्होंने विश्वविद्यालय से आग्रह किया कि वह क्षेत्रीय आधार पर अनुसंधान क्षेत्रों की पहचान करे और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर ऐसे शोध करें जो सीधे स्थानीय समुदाय को लाभ पहुंचाएं और क्षेत्रीय विकास में सहायक बनें।

यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एस.के. मिश्रा ने तकनीकी शिक्षा मंत्री को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी उभरती तकनीकों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की योजना बना रही है। यह केंद्र कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और एक जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम को विकसित करने पर केंद्रित होगा।

इस बैठक में तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निदेशक श्री मोनीश कुमार, आई.के. गुजराल पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. सुशील मित्तल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अमृतसर के निदेशक डॉ. समीर श्रीवास्तव, कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रमुख श्री जगमीत बेदी, एस.बी.एस.यू. के रजिस्ट्रार डॉ. अजय महाजन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### रोज़गार और स्टार्टअप्स पर ध्यान

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का फोकस रोज़गार और स्टार्टअप्स पर है। उन्होंने ज़ोर दिया कि प्रत्येक विद्यार्थी को उद्यमशीलता, स्टार्टअप्स और रोज़गार की दिशा में सक्षम बनाया जाए। विद्यार्थियों को नए बिज़नेस आइडिया विकसित करने और सार्थक रोज़गार के लिए प्रेरित किया जाए और ऐसे प्रयासों का सुव्यवस्थित डाटा संग्रह किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक ज़रूरतों के अनुरूप नौकरी और तकनीकी दृष्टिकोण से कुशल बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और फिनटेक जैसे उन्नत प्रोग्रामों को अकादमिक पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए। साथ ही, उद्योगपतियों, वाइस चांसलरों, प्रमुख संस्थाओं के निदेशकों, विषय विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को विश्वविद्यालय में बुलाया जाए ताकि वे विद्यार्थियों के साथ अपना अनुभव साझा कर सकें, उनकी अकादमिक समझ बढ़ा सकें और उन्हें जीवन में बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करें।

### गुरदासपुर स्टेट यूनिवर्सिटी के फैकल्टी व स्टाफ की सेवाएं नियमित करने को मंजूरी

इस बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि सरदार बेअंत सिंह स्टेट यूनिवर्सिटी, गुरदासपुर में वर्ष 2011 से अनुबंध पर कार्यरत फैकल्टी और स्टाफ की सेवाओं को नियमित किया जाएगा। इसके अलावा, बोर्ड ने विश्वविद्यालय में 6वें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की भी मंजूरी दे दी।

# एसएसजीआई, डेराबस्सी में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता आश्वासन पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

अर्थ प्रकाश/चौहान




**डेरा बस्सी, 12 जुलाई।** श्री सुखमणि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (एसएसजीआई), डेरा बस्सी द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में 'उच्च शिक्षा में क्वालिटी एश्योरेंस' पर एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में गुणवत्ता मानकों को मजबूत करना और अकादमिक परिणामों को उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. मुकेश वर्मा, आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने उच्च शिक्षा में क्वालिटी एश्योरेंस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस एफडीपी का उद्देश्य शिक्षकों को आउटकम बेस्ड एजुकेशन (ओबीई) लागू करने के लिए उपकरण और रणनीतियाँ प्रदान करना है।

कार्यक्रम में आउटकम बेस्ड करिकुलम के मुख्य घटकों जैसे प्रोग्राम आउटकम्स (पीओज़), प्रोग्राम स्पेसिफिक आउटकम्स (पीएसओज़), कोर्स आउटकम्स (सीओज़) और लर्निंग आउटकम्स (एलओज़) पर चर्चा की गई। ब्लूम्स टैक्सोनॉमी के अनुसार आउटकम्स की मैपिंग, प्रभावी स्टूडेंट असेसमेंट पद्धतियां और लर्निंग आउटकम्स में रोजगार कौशल को समाहित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अकादमिक डिलीवरी और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के बीच की दूरी को कम कर विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना रहा।

सत्रों का नेतृत्व डॉ. एस.के. भट्टाचार्य, डायरेक्टर एकेडमिक्स, एसएसजीआई ने किया और प्रोग्राम का सफल संचालन डॉ. कपिल कुमार ने किया।

चेयरमैन श्री कंवलजीत सिंह ने कहा, 'यह एफडीपी सतत् अधिगम और नवाचार की संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक कदम है।' डॉ. दमनजीत सिंह, डायरेक्टर, एसएसजीआई ने कहा, ÷यह पहल हमारे संस्थान के विकास और राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन तथा क्षमता निर्माण के लक्ष्यों के अनुरूप है।' प्रो. रशपाल सिंह, चीफ एडमिनिस्ट्रेटर एवं आईक्यूएसी के चीफ पैट्रन ने कहा, ÷यह प्रोग्राम हमारे संस्थानों में गुणवत्ता संस्कृति को मजबूत करने और उच्च शिक्षा में निरंतर सुधार की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।'

इस कार्यक्रम में समूह के संबद्ध कॉलेजों के 80 फैकल्टी मेंबर, विभागाध्यक्ष (एचओडीज़) और प्रिंसिपल्स ने सक्रिय भागीदारी की।

## पेज एक का शेष

### विद्यार्थी विकसित भारत...

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं। शिक्षा और संस्कारों के माध्यम से हमें उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है, क्योंकि तभी वे जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सफल जीवन के लिए केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है; बच्चों को नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए, क्योंकि नैतिक मूल्यों से रहित शिक्षा निरर्थक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भावी पीढ़ी को शिक्षित, चरित्रवान, स्वस्थ और दक्ष बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा स्तर तक गुणवत्ता में सुधार और शिक्षा को अधिक रोजगारोन्मुखी बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। सैनी ने कहा कि हमने पिछले साढ़े 10 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव और प्रगति के लिए कई कदम उठाए हैं। छात्रों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। विद्यालयों में ढांचागत सुविधाएं बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। विद्यालयों में गुणवत्तापरक शिक्षा हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके अन्तर्गत खेल-खेल में शिक्षण, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, निरंतर मूल्यांकन, नई तकनीकों से शिक्षा प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में 21वीं सदी के भारत को ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में नई बुलंदियों पर ले जाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई है। हमने इस शिक्षा नीति को प्रदेश में वर्ष 2025 तक पूरी तरह लागू करने का लक्ष्य रखा है, हालांकि देश में इसको लागू करने की समयावधि 2040 तक है। नई शिक्षा नीति का एक लक्ष्य छठी कक्षा से ही बच्चों को प्रोफेशनल और स्किल की शिक्षा देना है। हरियाणा में स्कूलों में ही नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के माध्यम से बच्चों को विभिन्न कौशलों में निपुण बनाने की व्यवस्था की है। अब तक 1001 स्कूलों में यह व्यवस्था की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां तक स्कूल शिक्षा से पहले की शिक्षा का सम्बन्ध है। इस क्षेत्र में भी राज्य द्वारा ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में 4081 ऐसी आंगनवाड़ी हैं, जो विद्यालय परिसरों में स्थित है। राज्य में 1418 राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय बनाए गए हैं। इनका मुख्य उ?द्देश्य 'नो होमवर्क' वातावरण में छोटे बच्चों के मन से पढ़ाई के भय को दूर करना है।

प्रदेश में 138 राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि इनमें पठन-पाठन का माध्यम अंग्रेजी है। राज्य के विद्यालयों को 1415 कलस्टरों में बांटा गया है। हर साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स आदि के स्कूल कलस्टर में प्रत्येक स्ट्रीम सुनिश्चित किए गए हैं। राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग उपलब्ध करवाने हेतु वर्ष 2018 से सुपर-100 कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें उन्हें आई.आई.टी-जे.ई.ई/एन. ई.ई.टी. इत्यादि परीक्षाओं की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए कोचिंग दी जाती है।

## प्योदा गांव प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री

# प्रदेश में एक लाख घरों की छतों पर मुफ्त में 2 किलोवाट के सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य : नायब सैनी

सीएम ने स्वयं लाभार्थी के घर जाकर देखा सोलर सिस्टम,

गांव के विकास के लिए 21 लाख

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



कैथल के प्योदा गांव में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफत बिजली योजना कार्यक्रम में पहुंचने पर सीएम नायब सैनी को सम्मानित करते हुए सरपंच रेखा, अशोक गुर्जर, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा व अन्य।

**कैथल, 12 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को कैथल के गांव प्योदा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने सर्वप्रथम इस योजना के लाभार्थी के घर की छत पर लगे सोलर रूफटॉप सिस्टम को देखा और इसके लाभ के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गांव के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में इस योजना की शुरूआत भी कैथल जिले से ही हुई थी और आज उन्होंने स्वयं लाभार्थी के घर पर इस सोलर सिस्टम को देखा है। सोलर सिस्टम से जहां एक ओर हमें ग्रीन ऊर्जा मिलती है, वहीं लोगों को बिजली के बिलों में भी बड़ी राहत मिल रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं और अपने बिजली बिल को कम से कम करें। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में एक लाख घरों की छतों पर मुफ्त में 2 किलोवाट के सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा है। यह सिस्टम अंत्योदय परिवारों के घरों की छतों पर लगाया जा रहा है। जैसे ही एक लाख परिवारों का लक्ष्य पूरा होगा, अगले एक लाख और परिवारों को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक 26 हजार परिवार इस योजना का लाभ ले चुके हैं। कैथल में अभी तक 1707 परिवारों ने योजना के अंतर्गत सोलर सिस्टम लगवाया है।

### भारी-भरकम बिलों से मिल रही निजात

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये तक है, उन परिवारों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार सोलर सिस्टम लगवाने पर सब्सिडी दे रही है। इससे लोगों को भारी-भरकम बिलों से निजात मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से यह योजना शुरू हुई और इस तरह का सिस्टम खड़ा हुआ। उन्होंने योजना का लाभ लेने वाले समस्त लाभार्थियों को बधाई दी।

### म्हारा गांव जगमग गांव योजना के अंतर्गत 24 घंटे मिल रही बिजली

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज प्रदेश के साढ़े 6 हजार गांवों में से 5800 से ज्यादा गांवों को म्हारा गांव जगमग गांव योजना के अंतर्गत 24 घंटे बिजली मिल रही है। उन्होंने बचे हुए शेष गांवों को भी इस योजना के अंतर्गत लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सरकार बिजली बिलों पर अपनी मर्जी से सरचार्ज लगाती थी, जिससे उपभोक्ता का बिजली बिल ज्यादा आता था, लेकिन हमने सरचार्ज को माफ करके उपभोक्ताओं को राहत देने का काम किया है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को पीएम मुफ्त बिजली घर योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, जिला परिषद के चेयरमैन कर्मवीर कौल, बीजेपी के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, जिला प्रशासन की ओर डीसी प्रीति, एसपी आस्था मोदी, एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, ग्राम सरपंच रेखा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिविर में 10 कान व 12 स्पीच से संबंधित व्यक्तियों की निःशुल्क जांच की

**कैथल (अप्रस)।** साई हीयर केयर क्लीनिक में लगे शिविर में 10 कान से संबंधित व्यक्तियों तथा 12 स्पीच से संबंधित व्यक्तियों की निश्शुल्क जाँच की गई। डा. अमीषा चावला ने बताया कि साई हीयर केयर क्लीनिक में शिविर लगाया गया। जिन बच्चों या व्यक्तियों को बोलने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जैसे हकलाकर बोलना, तुतलाकर बोलना, अक्षरों का गलत उच्चारण करना आदि के बारे में निश्शुल्क राय प्रदान की गई और स्पीच थैरेपी के टिप्स दिए। इस शिविर में कुल 12 स्पीच से जूझ रहे मरीजों को जांचा गया। इसके अतिरिक्त 10 व्यक्तियों ने अपने कानों की जाँच करवाई जो किसी वजह से कान की समस्या से पीड़ित थे। डा. अमीषा चावला ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को मुफ्त या कम लागत पर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना उनका उद्देश्य है। शिविर में विशेषज्ञ द्वारा कानों की जांच ऑडियोमीट्री रूम में की गई। अमीषा चावला ने आगे बताया कि साई हीयर केयर क्लिनिक में रविवार को भी कान से संबंधित व्यक्तियों तथा स्पीच से संबंधित व्यक्तियों की निश्शुल्क जाँच की जाएगी। इसके अतिरिक्त आगे से प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार और रविवार को लगाया जाएगा निश्शुल्क जाँच शिविर।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने संगमेश्वर महादेव मंदिर, सरस्वती मन्दिर में टेका माथा



अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 12 जुलाई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने अरुणाय स्थित संगमेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने भगवान शिव के चरणों में शीश नवाकर प्रदेशवासियों की सुख-शांति की कामना की। तथा पिहोवा सरस्वती मन्दिर में जाकर मां सरस्वती की पूजाचर्ना की। बाद में भाजपा के मन की बात के जिला प्रमुख हन्नू चक्रपाणि के कार्यालय में पत्रकारों से प्रदेश में पार्टी की रणनीतियों, आगामी योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और ज़मीनी स्तर पर संवाद पार्टी की ताक़त है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार प्रदेश में तीन गुणा गति से विकास कार्य करवा रही है। अंत्योदय की नीति पर नीतियों को तैयार करते हुए हर वर्ग को लाभ दिए जा रहे हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर की गई टिपपणी पर उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री मान ने देश की 140 करोड जनता का अपमान किया है। उन्हे देश से माफी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तजिंदर सिंह गोल्डी, डीडी जय भगवान शर्मा, जिला परिषद चेयरपर्सन कंवल जीत कौर, जिला महामंत्री अर्जुन त्यागी, नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, सतीश सैनी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### हसला कैथल ने नवपदोन्नत प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन कैथल ने जिला प्रधान राजीव मलिक के नेतृत्व में कैथल जिले में नियुक्त नवपदोन्नत प्रधानाचार्यों को सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट देकर व पुष्पमाला पहनाकर पदोन्नति की बधाई व शुभकामनाएं दीं। राजीव मलिक ने कहा कि नवपदोन्नत प्रधानाचार्यों ने पिछले लगभग बीस से तीस सालों तक प्रवक्ता के रूप में हसला में रहकर हसला को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है। हमें बड़ी खुशी है कि अब ये साथी प्रधानाचार्य बन गये हैं लेकिन वो हमेशा हसला का अभिन्न अंग रहेंगे। मलिक ने सभी साथियों को हसला कैथल की तरफ से हमेशा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया व प्रधानाचार्य के रूप में उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सभी प्रधानाचार्यों की तरफ से प्रधानाचार्य चंद्र किशोर राय, गिरधारी लाल, सुखदेव सिंह, रणबीर सिंह, वीरेंद्र देओल व सुन्दर सिंह ने हसला कैथल का इस मान- सम्मान के लिए धन्यवाद किया व हसला कैथल को हमेशा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर हसला कैथल के मुख्य संरक्षक बलवान कुंडु व रमेश कौशिक, चेयरमैन यतेंद्र नरवाल, महासचिव बिजेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान सुमन तंवर, मीडिया प्रभारी यशपाल रात्रा, कोषाध्यक्ष सचिन धीमान, गुरनाम सिंह, नरेंद्र संधू व अन्य साथी मौजूद रहे।

### आरकेएसडी स्कूल में एनईपी 2020 कार्यशाला आयोजित



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति 2020 से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में आए विभिन्न बदलावों और नई शिक्षा नीति के क्रियान्वन से अवगत कराना था। इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में श्वेता गर्ग व दीप कौर ने नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस कार्यशाला में अनेक विद्यालयों के शिक्षक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या निवेदिता भट्ट ने बताया कि सीबीएसई के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए समय-समय पर शिक्षकों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। नई शिक्षा नीति में आए परिवर्तनों व मूलभूत ढांचे को समझने के लिए शिक्षकों को इस प्रकार की कार्यशालाओं में भाग लेना अनिवार्य है। स्कूल का यह हर संभव प्रयास रहता है कि वह अपने शिक्षकों को नई शिक्षा पद्धति से परिचित करवाता रहे और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएं।

## खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा करता है प्रदान : विधायक

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराडा, 12 जुलाई।** खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। जो हम सभी के जीवन को शारीरिक व मानसिक रुप से सशक्त व समृद्ध बनाता है। साथ हीं हमारे अंदर छुपी प्रतिभा को ही सामने लाकर निखारने का एक अनुपम प्रयास भी है। निरंतर खेल का आयोजन समाज में एकता स्थापित करने का मार्ग भी है। उक्त बातें मुलाना विधायक पूजा ने कॉलेज मुलाना में युवाओं द्वारा अयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य रूप से शामिल होकर खिलाड़ियों व उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कही।

विधायक ने कहा कि खेल एक महान सामाजिक संगठन है। जब हम खेल खेलते हैं, तो हम साथी खिलाड़ियों के साथ ग्रुप में संगठित होते हैं और टीम वर्क करते हैं। इससे हमारे सामाजिक और संगठनात्मक कौशल विकसित होते हैं और हम अन्य लोगों के साथ सहयोग करने का कौशल बनाते हैं। खेल हमें नेतृत्व के गुण विकसित करता है, हमारी सामरिक बुद्धि को मजबूत बनाता है और हमें संघर्ष के साथ सामर्थ्यपूर्ण व्यवहार करने का मौका देता है।

विधायक ने कहा कि खेल हमें नैतिकता और संयम की महत्वपूर्ण शिक्षा भी प्रदान करता है। जब हम खेल में भाग लेते हैं, तो हमें नियमों और नियमितता का पालन करना पड़ता है। इससे हमारे अनुशासन, संयम और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं। हमें अन्य खिलाड़ियों के साथ सही ढंग से खेलने की आवश्यकता होती है।

## धर्मवीर देहरा वार्ड 18 से मनोनीत पार्षद नियुक्त

# एक छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा पार्टी में मिलता है पूरा मान सम्मान : देहरा

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**पानीपत, 12 जुलाई।** एक छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा पार्टी में मिलता है पूरा मान सम्मान इस कहावत को चरितार्थ करते हुए नवनियुक्त मनोनीत पार्षद धर्मबीर कश्यप नें भारतीय जनता पार्टी से केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व नें मेरे जैसे पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता पर विश्वास जताते हुए जो न्या दायित्व सौंपा है। उससे भी पार्टी की आशाओं पर खडा उतरने का काम करेंगे। भाजपा में सभी कार्यकर्ता समान हैं, पार्टी समय-समय पर अपने कार्यकर्ताओ को दायित्व सौंपती रहती है। वे सभी कार्यकर्ताओ के साथ तालमेल और सामंजस्य के साथ पार्टी को और मजबूत कर नई बुलंदियों तक ले जाने का कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा भारत बना रहे हैं, जिसमें हर भारतीय को गर्व महसूस होगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा की भाजपा सरकार के विकास और जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ऐसा भारत बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं, जो दुनिया का नेतृत्व करे।भाजपा देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसमें कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है। हमें पार्टी संगठन को मजबूत बनाने वाले अपनी पार्टी के पूर्ववती श्रद्धेय कार्यकर्ताओं को भी याद करना होगा, जिन्होंने पार्टी संगठन को यहां तक पहुंचाने में अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मैं भी पार्टी का सामान्य कार्यकता हूं। इस दौरान पानीपत के वार्ड 18 से मनोनीत पार्षद धर्मवीर देहरा के आवास पर देर रात तक बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। इस अवसर पर कश्यप राजपूत धर्मशाला समिति प्रधान सुल्तान कश्यप, प्रजान मेहरा, रणधीर कश्यप, त्रिलोक कश्यप, रविन्द्र उर्फ भोला, जगदीश कश्यप, राजेश कश्यप, भाजपा नेता आरडी कल्याण, बबलू पार्षद, समाजसेवी रोशन बिडलान, नीरज, प्रदीप कश्यप उपली, हरदेवा कश्यप, दलीप कश्यप, बिट्टू कश्यप, राकेश कौशिक, प्रवीण कश्यप, रणवीर कश्यप व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जिला प्रभारी दीपक ने हांसी जिला पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी



**हांसी, 12 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक जिला हांसी के पदाधिकारीयों एवं व्यवस्था प्रमुखों की एक समीक्षा बैठक आज जिलाध्यक्ष अशोक सैनी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में विशेष रूप से दीपक शर्मा जिला प्रभारी 13 जुलाई रविवार को होने वाले नवनिर्मित जिला कार्यालय हांसी के उद्घाटन समारोह की तैयारीयों का समीक्षा करने के लिए पहुंचे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली रहेंगे उनके साथ संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा , कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक हांसी विनोद भ्याना, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स , प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया व जिला प्रभारी दीपक शर्मा उपस्थित रहेंगे।दीपक शर्मा ने सभी व्यवस्था प्रमुखों व पदाधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली, सभी व्यवस्था लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम को और भव्य बनाया जा सके इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए, कार्यक्रम के पश्चात कार्यालय में जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का रहना हो इसकी जिम्मेदारी भी लगाई गई।बैठक का संचालन जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया ने किया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकताओं का धन्यवाद जिला महामंत्री विजेंद्र लोहान ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष ( मुनीश गोयल, देवेन्द्र शर्मा, नीरज देवी, राजकुमार पहल, पवन शर्मा ), जिला महामंत्री ( एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया, बिजेंदर लोहान),जिला सचिव (प्रवीन सैनी, सरला नाड़ा, डॉ श्री शर्मा, पूजा, ओमपाल यादव , प्रीति सैन ), कोषाध्यक्ष महेश शर्मा,कार्यालय प्रभारी मनजीत जांगड़ा,आई टी प्रमुख कुलदीप जांगड़ा, व सोशल मीडिया प्रमुख प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

## पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से पार्टी आज बुलंदियां छू रही है : प्रधान अनिल

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 12 जुलाई।** शहर के माता पुली रोड स्थित श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर कमेटी सदस्यों ने प्रधान अनिल बेनीवाल की अध्यक्षता में शनिवार को मंदिर के सभागार में भारतीय जनता पार्टी से जिला सचिव व कष्ट निवारण समिति सदस्य नरेश बैनीवाल का फूलमलाओ से स्मृति चिन्ह खाटूश्याम की प्रतिमा देकर पग?ी पहनाकर अभिनंदन किया। इससे पूर्व नव नियुक्त जिला सचिव नरेश बेनीवाल ने श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में माता दुर्गा के चरणों में शीश नवाकर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से पार्टी आज बुलंदियां छू रही है। बीजेपी के कर्मठ सदस्यों ने गांव-गांव घूमकर कार्यकर्ता तैयार किए और संगठन को मजबूत बनाया। कार्यकर्ता जब-जब मुझे याद करेंगे, वे मुझे अपने बीच ही पाएंगे। आप सभी कार्यकर्ता जनता की सेवा और चिंता करें, पार्टी संगठन आप सभी की चिंता करेगा। इस दौरान मंदिर कमेटी प्रधान अनिल बेनीवाल ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का नरेश बेनीवाल को जिला सचिव व कष्ट निवारण समिति सदस्य मनोनीत करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ता मेहनत के बल पर आगे बढ़ता है। भाजपा ने सदैव अपने कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान दिया है, जिसके चलते भाजपा आज विश्व की नंबर वन पार्टी है। वहीं पार्षद मनीष बेनीवाल ने बताया कि भाजपा राष्ट्रवाद को समर्पित पार्टी है, जिसमें साधारण कार्यकर्ता को भी पूरा मान-सम्मान दिया जाता है और वह कार्यकर्ता मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री पद की दौड़ तक जा सकता है। हमें उन कार्यकर्ताओं और नेतृत्वों को भी हमेशा याद रखना है, जिन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत कर हमें जनता की सेवा करने का अवसर दिलाया है।

## चंद मिनट की बारिश में सड़कें बनीं तालाब

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 12 जुलाई।** चंद मिनट की बारिश ने हीं पिहोवा शहर की गलियों और सड़कों को तालाब में बदल दिया। तेज बारिश ने प्रशासन के उन तमाम दामों की खोल कर रख दी। जिसमें दावा किया गया था कि इस बार शहर के नालों की सफाई युद्ध स्तर पर की गई है। इस बार जल भराव की स्थिति शहर के अंदर नहीं बनेगी लेकिन पहले ही बारिश ने नगर पालिका के सभी दावो को पानी में भिगो दिया। मॉडल टाउन, सरस्वती द्वार, मुख्य चौक, मेन बाजार सरस्वती बाजार अंबाला रोड, कैथल रोड, अनाज मंडी, तहसील परिसर की सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया, जिससे मुख्य चौक-चौराहे, कॉलोनियां और बाजार तालाब में तब्दील हो गए। मॉडल टाउन, नंद कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी, भैया कॉलोनी, पूजा कॉलोनी आदि क्षेत्र और भीतरी गलियां भी जलमग्न हो गईं।

मौसम विभाग ने पहले ही बारिश का अलर्ट जारी किया था, बावजूद इसके नालों और सीवरेज की सफाई समय पर नहीं हुई। नतीजा यह रहा कि सीवरेज ओवरफ्लो हो गया, गलियों में सड़े पानी की बदबू फैल गई, और लोगों को खुद बाल्टी-मग लेकर पानी निकालना पड़ा। दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और कहा कि हर साल लाखों खर्च होते हैं, लेकिन नतीजा शून्य रहता है। इस बार तो शहर के ऐसे क्षेत्रों में पानी जमा हो गया। जहां पर लोग चल भराव के बारे में सोच भी नहीं सकते थे।प्रशासन के तमाम दावे पानी में बह गए, लोग तंज कसते दिखे कि इंद्रदेवता ने खुद अधिकारियों की पोल खोल दी है। हर साल की तरह इस बार भी बारिश ने दिखा दिया कि कागजी दावे और दिखावटी तैयारी, असलियत में बेमानी हैं। जब तक नगर पालिका अधिकारी व जनता के चुने हुए प्रतिनिधि ईमानदारी और जनता के प्रति अपना कर्तव्य नहीं समझेंगे ।अंबाला कैथल रोड, शहर का मुख्य बाजार गुरुद्वारा रोड, तहसील रोड, सरस्वती द्वार व सरस्वती चौक सभी जल भराव के कारण, राहगीरों को मजबूर न बैंड मोटरसाइकिलों को खींचकर ले जाना पड़ा। बारिश की वजह से अवस्थित हुए ट्रैफिक जाम को भी लोगों को झेलना पड़ा।नगर पालिका से गुस्साए लोगों ने कड़े शब्दों में कहा कि हर साल करोड़ों खर्च होने के बावजूद नालों की सफाई अधूरी, ड्रेनेज सिस्टम फेल और कागजों पर ही काम पूरा दिखाया जाता है।

# नगर निगम करनाल को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में करनाल हुआ शामिल

महामहिम द्रोपदी मुर्मू दिल्ली के विज्ञान भवन में करेंगी सम्मानित

महापौर रेनू बाला गुप्ता व निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इतिहास रचने के लिए सेनीटेशन विंग, सफाई मित्रों व शहरवासियों को दी बधाई

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 12 जुलाई।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश के सबसे स्वच्छ शहरों की सूची में आने के लिए नगर निगम करनाल को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है। केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मामले मंत्रालय की ओर से इसकी घोषणा की गई है। यह पुरस्कार पाने वाला नगर निगम करनाल हरियाणा प्रदेश में पहला नगर निगम बन गया है। दूसरी ओर नगर निगम सोनीपत को राज्य में उत्कृष्ट स्वच्छता कार्यो के लिए मंत्री पुरस्कार मिला है। स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह आगामी 17 जुलाई को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें महामहिम द्रोपदी मुर्मू द्वारा यह पुरस्कार दिया जाएगा। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल शहर के लिए यह हर्ष का विषय है, कि अपने शहर को प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार हमारे सफाई मित्रों द्वारा किए गए बेहतर कार्यो तथा नागरिकों द्वारा दिए गए सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर की थी। इस अभियान का उद्देश्य पूरे देश को स्वच्छ और गंदगी मुक्त बनाना है। यह अभियान न सिर्फ सफाई को बढ़ावा देता है, बल्कि बीमारियों से बचाव और पर्यावरण को सुरक्षित करने में भी मदद करता है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि महीनों के समर्पित प्रयासों, नवीन दृष्टिकोणों और सभी सम्बंधित हितधारकों की स्वच्छता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि नगर निगम करनाल की सेनीटेशन विंग और हमारे सफाई मित्रों ने एक टीम के रूप में कार्य कर इस गौरव को हासिल किया है। स्वच्छता शाखा के अधिकारी व कर्मचारी अपने चौबीसों घंटों के प्रयासों और समर्थन के लिए वह विशेष प्रशंसा के पात्र हैं, जिन्होंने सभी पहलों के निर्बाध क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया। उन्होंने कहा कि इस सफलता के सच्चे नायक हमारे सफाई मित्र हैं, जिनका शहर को स्वच्छ बनाने के लिए असाधारण योगदान रहा। यह शहर को स्वच्छ रखने के लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अथक परिश्रम करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों को भी बधाई देते हुए धन्यवाद किया है, जिन्होंने अपने शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम का सहयोग दिया है । उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि सतत शहरी विकास और नागरिक कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ये सहयोगात्मक शासन की शक्ति को दर्शाते हैं, जहां नीति निर्माता, कार्यान्वयनकर्ता और नागरिक एक साझा उद्देश्य के लिए साथ आए। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि का जश्न मनाने के साथ-साथ हमें इस सफलता को ओर आगे बढ़ाने के लिए संकल्प लेना चाहिए, ताकि हम नवाचार करते रहें, समुदायों को जोड़ते रहें और अपने शहर को स्वच्छता और स्थिरता के आदर्श बनाने के लिए लगातार काम करते रहें। तिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में कड़ी मेहतन करने पर सफाई शाखा के कर्मचारियों व सफाई मित्रों को बधाई देते कहा कि हमें भविष्य में ओर बेहतर कार्य करना है।

# जीवन में सफलता के लिए शिक्षा है मजबूत आधार : मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

## मुख्यमंत्री ने पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर, 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित पीएसवाय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सभी सम्मानित शिक्षकों, विद्यार्थियों और संस्थाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का मार्ग है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, और यही किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता का मूल आधार शिक्षा ही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है और बीते वर्षों में राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। जहां पहले प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, आज वहां 15 से अधिक मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। साथ ही, आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थान भी राज्य में कार्यरत हैं। गांव-गांव में स्कूल खोले गए हैं, और बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप महाविद्यालयों की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि हमारे समय में कई गांवों के बच्चों के लिए केवल एक स्कूल होता था। मुझे याद है कि मैंने पांचवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दूसरे गांव में दी थी, क्योंकि हमारे गांव में परीक्षा केंद्र नहीं था। आज छत्तीसगढ़ में छात्रों के लिए असीम अवसर मौजूद हैं और प्रत्येक बच्चे को इन अवसरों का लाभ उठाकर अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर है, और इसी संकल्प को लेकर हम विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में भी तेज गति से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश ने वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त किया है और भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार नई शिक्षा नीति को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में देश में लागू की गई नई शिक्षा नीति के तहत छत्तीसगढ़ में शिक्षा अब स्थानीय भाषाओं में भी उपलब्ध हो रही है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में अब स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई करवाई जा रही है, और प्रदेश में मेडिकल की शिक्षा भी हिंदी में दी जा रही है। रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने संस्था द्वारा सम्मानित प्रतिभावान छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में इन बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने में हमारे युवाओं का योगदान निर्णायक सिद्ध होगा। विधायक श्री धरमलाल कौशिक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य न केवल प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करना है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही प्रतिभाओं को भी एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न भाषाओं में पारंगत बनाने की दिशा में ठोस कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की भी सराहना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ चित्रकार श्री राज सैनी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को एक विशेष उपहार के रूप में उनके प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ की पेंटिंग भेंट की। कार्यक्रम में पीएसवाय के प्रेसिडेंट डॉ. एस.के. मिश्रा, सलाहकार श्री महेंद्र गुप्ता, सीईओ श्रीमती शुभ्रा शुक्ला, सहित अनेक प्रबुद्धजन, शिक्षाविद्, गणमान्य अतिथि, एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बिहार विधानसभा चुनाव : हर 5 में से 4 मतदाताओं ने मतदाता सूची की जमा

**चुनाव आयोग का राज्य में 80.11 प्रतिशत मतदाताओं से संपर्क पूरा, मत गणना प्रक्रिया अंतिम दौर में**

अर्थ प्रकाश संवाददाता






**पटना, 12 जुलाई।** बिहार विधान सभा चुनाव के मद्देनजर भारत चुनाव आयोग अब तक 80 प्रतिशत मत प्रपत्रों की गणना कर मतदाताओं से संपर्क साध चुका है और यह प्रक्रिया अपने अंतिम दौर में पहुंचने की तरफ अग्रसर है।

समय से एक और कदम आगे बढ़ते हुए, बीएलओ ने शनिवार शाम 6 बजे तक 4.66 करोड़ गणना फॉर्म डिजिटल रूप में ईसीआईनेट पर अपलोड कर दिए हैं। ईसीआईनेट एक नव विकसित एकीकृत सॉफ्टवेयर है जिसमें पहले से मौजूद सभी 40 ईसीआई ऐप्स को समाहित कर लिया गया है

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के मुताबिक ईसीआईनेट में नया सत्यापन मॉड्यूल पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। 77,895 बीएलओ और 20,603 नए नियुक्त बीएलओ के साथ, आयोग 25 जुलाई की निर्धारित समय सीमा से पहले गणना प्रपत्रों का संग्रह पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में 38 जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) और 963 सहायक एआरओस सहित क्षेत्र-स्तरीय टीमें कार्यरत हैं। इस उद्देश्य के लिए सीईओ द्वारा इन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

चुनाव आयोग के इन प्रयासों में सभी राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बीएलए भी शामिल हैं, जो घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं कि 24 जून 2025 तक बिहार में मतदाता सूची में शामिल प्रत्येक मौजूदा मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो। 4 लाख से अधिक स्वयंसेवकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग मतदाताओं और अन्य कमजोर समूहों की सहायता के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

बताया गया कि 100त्न मुद्रण पूरा होने और अपने पते पर पाए गए सभी मतदाताओं को मतदाता सूची वितरण का काम लगभग पूरा होने के बाद शनिवार शाम 6 बजे तक संग्रह 6,32,59,497 या 80.11त्न को पार कर गया। इसका मतलब है कि बिहार में हर 5 में से 4 मतदाताओं ने मतदाता सूची जमा कर दी है। इस गति से, अधिकांश ईएफ 25 जुलाई से बहुत पहले ही एकत्र हो जाने की संभावना है।

**1 अगस्त को प्रकाशित होगी मसौदा मतदाता सूची:** 1 अगस्त को प्रकाशित होने वाली मसौदा मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए, मतदाताओं को अपने ईएफ, अधिमानतः, पात्रता दस्तावेजों के साथ जमा करने होंगे। यदि किसी मतदाता को पात्रता दस्तावेज जमा करने के लिए अधिक समय चाहिए, तो वह उन्हें 30 अगस्त तक, यानी दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अंतिम तिथि तक, अलग से जमा कर सकता है और स्वयंसेवकों की सहायता भी ले सकता है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 12 जुलाई।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को शालीमार बाग विधानसभा के सी और डी ब्लॉक में चल रहे विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं और विकास परियोजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सी और डी ब्लॉक के लोगों ने हमेशा उनका साथ दिया है और अब उनकी जिम्मेदारी है कि वे इलाके के विकास के लिए काम करके अपनी प्रतिबद्धता दिखाएं।

उन्होंने कहा कि सी और डी ब्लॉक में 23.5 लाख रुपए की लागत से बाउंड्री वॉल बनाने का काम शुरू हो गया है। 73 लाख रुपए खर्च कर नालियां बनाने का काम भी चल रहा है। इलाके में रोशनी बेहतर करने के लिए 3 हाई मास्ट लाइट और 31 पोल लाइट लगाई गई हैं, जिन पर 12.27 लाख रुपए खर्च हुए हैं। सामुदायिक भवन (कम्युनिटी हॉल) की मरम्मत पर 9 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं और इसे अब बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के उपयोग के लिए तैयार किया जा रहा है।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि आयुर्वेदिक अस्पताल के पास खाली जमीन पर एक नया आधुनिक कम्युनिटी हॉल बनाने का प्रस्ताव पास हो चुका है। इलाके के 10 पार्कों को नया रूप देने के लिए 1.5 करोड़ रुपए की लागत से काम शुरू कर दिया गया है, इनमें एक पार्क में बच्चों के खेलने के लिए प्ले-स्टेशन भी बनेगा। वहीं, पानी की समस्या को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने डीडीए और जल बोर्ड को कहा है कि वे पुरानी पाइपलाइनों की जांच करें ताकि पानी की गुणवत्ता और सप्लाई बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि सड़कों का निर्माण शुरू होने से पहले पानी की समस्या का समाधान प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 3 हजार करोड़ रुपए की लागत से एक एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, जो क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगा। इसके अलावा, दिल्ली का मास्टर प्लान जल्द ही जनता के सामने पेश किया जाएगा। उन्होंने 25-27 साल पुराने बैंक लॉक को समाप्त करने के प्रयासों का भी जिक्र किया।

रेखा गुप्ता ने कहा कि सी और डी ब्लॉक से मेरा नाता 2007 से है, जब मैं पहली बार निगम पार्षद बनी थी। तब से मैंने इस क्षेत्र के लिए लगातार काम किया है। पहले सामुदायिक भवन का निर्माण हो या अब नए प्रोजेक्ट्स, मेरा लक्ष्य है कि क्षेत्रवासियों को हर सुविधा मिले।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार रोज नई नीतियां बना रही है ताकि दिल्लीवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

# 9 लाख की ड्रग्स से साथ तस्कर काबू आरोपी 6 दिन के पुलिस रिमांड पर

**पुलिस इस पूरे गिरोह व नेटवर्क की तह तक जाकर तस्करों की कड़ी जोड़ने में जुटी : डीसीपी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान के तहत पंचकूला पुलिस लगातार मुस्तैदी से कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में डीसीपी क्राइम अमित दहिया के नेतृत्व में कार्यरत एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि हमारी एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक पंचकूला में नशा तस्करी करता है और वह आज सेक्टर-24 स्थित आई-पार्क से सेक्टर-28 की ओर जाने वाली सड़क पर किसी को नशा सप्लाई करने वाला है।

सूचना मिलते ही एंटी नारकोटिक्स सेल इन्चार्ज सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार की टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर एक स्कोडा कार को रोका और उसमें सवार युवक को काबू किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हर्षवर्धन नाहरवाल निवासी सेक्टर-24, चंडीमंदिर, पंचकूला, उम्र 43 वर्ष के रूप में हुई है। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एमडीएमए (मिथाइलीन डाइऑक्सी मेथाफेटामिन) नामक ड्रग्स 23 ग्राम मात्रा में तथा 150 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से बरामद एमडीएमए की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 9 लाख 20 हजार रुपये है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(क्क)(द्बद्ब)(क्क) व 22(ष्ट) के तहत मामला थाना चंडीमंदिर में दर्ज कर लिया है।

डीसीपी क्राइम ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 6 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस यह जानने का प्रयास करेगी कि आरोपी यह नशा कहां से खरीदकर लाया था, इसका नेटवर्क क्या है और वह किसे सप्लाई करने वाला था। पुलिस इस पूरे गिरोह व नेटवर्क की तह तक जाकर तस्करों की कड़ी जोड़ने में जुटी है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

| |
|---|
| **Tender No. : NR-Proj-FZR-25005** |
| **Tender title :** फिरोजपुर डिवीजन के ओएचई/पीएसआई का संशोधन कार्य तथा एम्युनिशन साइडिंग बद्दोवाल, एफसीआई साइडिंग मोगा, अदानी साइडिंग डगरू का विद्युतीकरण का संशोधन कार्य तथा पीक्यूआरएस साइडिंग नकोदर की टॉप वायरिंग का कार्य। अम्बाला डिवीजन के ओएचई/पीएसआई का संशोधन कार्य और अम्बाला डिवीजन के भटिंडा–श्रीगंगनगर सेक्शन में पंजकोसी एसएसपी का निर्माण कार्य। |
| **App. Cost (Rs.) :** 8.59 Cr. |
| **Bid Security (Rs.) :** 5,79,600 |
| **Completion period (Months) :** 12 Month |
| **Cost of Tender document (Rs.) :** Nil |
| **Date of Closing :** 11.08.2025, 15:30 Hrs. |

निविदा दस्तावेज रेलवे वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदाकर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

**नोट:** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम एवं शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड कि जा सकती है।

सं.: NR/Proj/UMB/Advt./12 तारीख: 11.07.2025 2110/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के विभागों में 51 हज़ार नौकरियां देने के लिए रोजगार मेले के 16वें चरण का शुभारंभ किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कपूरथला, 12 जुलाई।** केंद्र सरकार की 51 हज़ार नौकरियों के लिए भर्ती अभियान ÷रोज़गार मेला÷ का सोलहवाँ चरण आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में स्थित 47 केंद्रों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया । समारोह के दौरान, 51,000 नवनियुक्त व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने इन नवनियुक्त व्यक्तियों को वर्चुअल माध्यम से संबोधन भी किया और नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों से पूर्ण समर्पण की भावना से सेवा करने का आग्रह किया।

रोज़गार मेला रोज़गार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोज़गार मेला युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

पंजाब में, यह आयोजन रेल डिब्बा कारखाना (ऋष्टस्न), कपूरथला में आयोजित किया गया, जिसमें माननीय केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री, श्री कृष्ण पाल ने पंजाब और आसपास के क्षेत्रों से आए 64 नवनियुक्त लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें से, 23 युवाओं को रेल डिब्बा कारखाना,कपूरथला के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे गए ।इस अवसर पर आर सी एफ के महाप्रबंधक श्री एस.एस. मिश्र और सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। माननीय मंत्री श्री कृष्ण पाल ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा से ही रोजगार सृजन , नवाचार और टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने पर जोर दिया है और इन रोजगार मेलों के माध्यम से देशभर में 51,000 से अधिक नौकरियां उपलब्ध कराने का अभियान आज से फिर शुरू हो रहा है।

इन नवनियुक्त लोगों को रेलवे , डाक विभाग, वित्तीय सेवा विभाग में नियुक्ति दी गई है। रेल डिब्बा कारखाना , कपूरथला में एकत्रित हुए नवनियुक्त युवाओं में भारी उत्साह था, जो सेल्फी लेते और साक्षात्कार देते देखे गए। उन्होंने नियुक्ति मिलने पर प्रधानमंत्री और भारत सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया और पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प लिया।

# हरियाणा के 22 जिलों में लोक अदालतों का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एचएएलएसए) ने आज माननीय न्यायमूर्ति लीजा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय एवं कार्यकारी अध्यक्ष, एचएएलएसए के मार्गदर्शन में पूरे हरियाणा में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। लोक अदालत का आयोजन हरियाणा के 22 जिलों और 34 उप-मण्डलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से किया गया।

एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि श्री रजनीश कुमार शर्मा, वरिष्ठ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला न्यायालय, करनाल की अध्यक्षता में कश्मीर बनाम मेसर्स सिमर की 11 वर्ष पुरानी आपराधिक अपील लंबित थी, का निपटारा किया गया।

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) के तहत अजय बनाम कुबेर और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी नामक मामला, जो 2020 से लंबित था, याचिकाकर्ता को विकलांगता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया था। मामले की तात्कालिकता और संवेदनशीलता को समझते हुए, माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद ने समाधान के लिए सक्रिय कदम उठाए और लोक अदालत की व्यवस्था के तहत अदालत परिसर में मौजूद एक चिकित्सा विशेषज्ञ ने याचिकाकर्ता की तुरंत जांच की और 41 प्रतिषत की सीमा तक स्थायी विकलांगता का आकलन किया।

# भागलपुर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशनधारियों के खातों में पहुंचे पैसे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**भागलपुर, 12 जुलाई।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत 1,11,19,949 पेंशनधारियों के खातों में 12,27,27.38 लाख रुपए का हस्तांतरण डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से किया।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर भागलपुर के टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के श्रम संसाधन मंत्री सह भागलपुर के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, पीरपैंती के विधायक ललन कुमार, कहलगांव के विधायक पवन कुमार यादव, महापौर डॉ. वसुंधरा लाल, जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन यादव, उप महापौर डॉ. सलाउद्दीन अहसन और जिला परिषद उपाध्यक्ष डॉ. प्रणय कुमार मौजूद।

जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि पूर्व में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को 400 रुपए प्रतिमाह दिए जाते थे, जिसे अब बढ़ाकर 1100 रुपए कर दिया गया है। यह बढ़ी हुई राशि जून 2025 से प्रभावी होगी। भागलपुर जिले के 3,16,000 लाभार्थियों के खातों में 34.84 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए जाएंगे, और इसकी सूचना लाभार्थियों को उनके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने जीविका समूह की तारीफ करते हुए कहा कि जिस तरह 'जीविका दीदियों' को स्वावलंबी बनाने में सहयोग कर रही है, उसी तरह यह बढ़ी हुई पेंशन राशि पेंशनधारियों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी। उन्होंने सभी लाभार्थियों को बधाई दी।

## 'राज्यपाल ने ली आकांक्षी ब्लाक कोरबा और पोंड़ीउपरोड़ा में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक'

# जीवन में बदलाव और जीवन के बचाव के लिए जागरूकता का होना आवश्यक : राज्यपाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रायपुर, 12 जुलाई।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज कोरबा जिले में आकांक्षी ब्लॉक कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आकांक्षी ब्लॉक के इंडिकेटर्स में निर्धारित बिंदुओं पर चर्चा की और स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य पैरामीटर्स में वृद्धि लाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने योजनाओं के माध्यम से गाँव के लोगों को लाभान्वित करते हुए उनके जीवन में बदलाव लाने, जो कार्य किया जा रहा है उसे और बेहतर करते हुए कार्य करने, विकास कार्यों के लिए उपलब्ध राशि का सदुपयोग करने, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी अच्छे कार्यों में भागीदार बनाने के निर्देश देते हुए अपने गाँव, जिला,राज्य और देश के विकास के लिए कार्य करने कहा। उन्होंने कोरबा जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात को बेहतर करने के लिये जुर्माना ही विकल्प नहीं है। लोगों का जीवन अनमोल है और जीवन की रक्षा के लिए जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता का ही परिणाम है कि लोग हाथों की अच्छे से सफाई और शौचालय का उपयोग करते हैं।

आकांक्षी ब्लॉक कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा के अधिकारियों की बैठक लेकर राज्यपाल श्री डेका ने अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की और प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत निर्धारित इंडिकेटर्स में सेचुरेशन के निर्देश दिए। राज्यपाल ने स्वास्थ्य अंतर्गत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, आयुष्मान के माध्यम से उपचार, टीबी, हाइपरटेंशन, डाइबिटीज के मरीजों की पहचान करते हुए उनका समय पर उपचार और इसके रोकथाम के लिए जागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित क्षेत्रों के बच्चों को समय पर पूरक पोषण आहार प्रदान करते हुए उन्हें सुपोषित बनाने के निर्देश दिए। राज्यपाल श्री डेका ने शाला त्यागी (ड्राप आउट) बच्चों को शिक्षा से जोड़ने, बोर्ड परीक्षाफल में सुधार करने और 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण और जलसंरक्षण की दिशा में कदम उठाने के निर्देश देते हुए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के निर्माण को बढ़ावा देने, मनरेगा अन्तर्गत निर्मित अमृत सरोवर, डबरी एवं तालाबो में जल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मानसून से पहले और मानसून के बाद जल भराव की स्थिति का आकलन करते हुए ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने के निर्देश दिये। राज्यपाल श्री डेका ने गांव में खेलकूद को बढ़ावा देने, सामाजिक कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप में संचालित करने, अध्ययन का माहौल विकसित करने जिम, सामुदायिक भवन, लाइब्रेरी की स्थापना पर भी जोर देने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूल, छात्रावास, अस्पताल तक पहुंच मार्ग, पीएम आवास योजना अन्तर्गत राशि प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को आवास पूर्ण कराने प्रोत्साहित करने, स्वसहायता समूह की सदस्यों को लखपति दीदी बनाने, ग्रामीणों को पशु पालन से जोड़ते हुए उनकी आजीविका की दिशा में कार्य करने के भी निर्देश दिये।

## चंडीगढ़ प्रशासन के महकमों की घटिया कारगुजारी से विवादों में 24 इंटू 7 का वॉटर प्रोजेक्ट

# मनीमाजरा में 24 घंटे वॉटर सप्लाई प्रोजेक्ट को लेकर 2021 में उठाई थी आशंकाएं

**चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीजीएम ने इन आशंकाओं को तब आधारहीन बताया था**

**प्रोजेक्ट को लेकर लिखी चिट्ठी में किये थे बड़े बड़े दावे, पीएम ऑफिस को भेजी गई थी शिकायत**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** चंडीगढ़ के मनीमाजरा में 24 इंटू 7 पानी सप्लाई करने के प्रोजेक्ट की परतें उधडऩी शुरू हो चुकी हैं। इस प्रोजेक्ट को किसके दबाव में शुरू किया गया और फ्रांस की कंपनी को ही 400 करोड़ का लोन देने के लिये चुना गया, इसकी जांच होना जरूरी है।

चंडीगढ़ प्रशासन ने जिस तरह से इस प्रोजेक्ट को लोगों के सामने ख्वाब बनाकर पेश किया, उसकी असलियत अब सबके सामने है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मनीमाजरा में 24 इंटू 7 पानी देने का सपना बुना गया। 400 करोड़ रुपये का लोन फ्रांस की कंपनी से लिया गया जिसे अगले सात साल में ब्याज सहित वापिस करना है। ये बोझ पड़ेगा चंडीगढ़ म्यूनिसिपल कारपोरेशन पर जो पहले ही बड़े आर्थिक संकट से गुजर रही है।

चंडीगढ़ के लोगों को इस प्रोजेक्ट की मार्फत ऐसे सपने बेचे गये जिन्हें पूरा करना प्रशासन के बूते से बाहर लग रहा है। इसको लेकर कहा गया कि मनीमाजरा के पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद वर्ष 2027 में इसे पूरे शहर में लागू कर दिया जाएगा। अब चंडीगढ़ के निवासी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मांग कर रहे हैं कि इस प्रोजेक्ट की जांच सीबीआई से कराई जाए ताकि पता तो चले कि इसे लाने के पीछे कौन सी शक्तियां काम कर रही थी?



### 24 घंटे तो क्या, साफ पानी भी नहीं मिल पा रहा मनीमाजरा निवासियों को

मनीमाजरा का पायलट प्रोजेक्ट तो बीच में ही लटका है, उल्टा इस इलाके में साफ पानी की सप्लाई भी नहीं हो पा रही है। लोग पानी की सप्लाई को लेकर त्राहि त्राहि कर रहे हैं। आए दिन पानी के पाइपों की लीकेज का सिलसिला भी लगातार चल रहा है। ऐसा नहीं है कि इस प्रोजेक्ट को लेकर आशंकाएं अभी खड़ी हुई हैं। वर्ष 2019 में प्रोजेक्ट का एमओयू साइन हुआ लेकिन 2021 में ही इसको लेकर आशंकाओं के चलते सवाल खड़े किये गये थे। तब चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के चीफ जनरल मैनेजर ने बड़ी-बड़ी बातें इस प्रोजेक्ट को लेकर कही थी। वह बातें तो आज धरातल पर कहीं पूरी होती दिखाई नहीं दे रही, उल्टा प्रोजेक्ट की विजिलेंस जांच शुरू कर दी गई है। लोग मांग कर रहे हैं कि विजिलेंस तो चंडीगढ़ प्रशासन के अंदर ही काम करती है और इसने पहले भी चंडीगढ़ के भ्रष्टाचार की कई फाइलें अपने दफ्तर में दफन कर रखी हैं लिहाजा इसकी जांच सीबीआई से करानी चाहिए ताकि स्पष्ट तौर पर बात सामने आ सके कि इस प्रोजेक्ट में किस स्तर पर धांधली हुई। क्या राजनीतिक सत्ता ने इस प्रोजेक्ट में दखल दिया या अफसरों की मनमानी से चंडीगढ़ के लोगों को इतना बड़ा नुकसान उठाना पड़ा?

### ख्वाबों का जाला बुना था सीएससीएल के सीजीएम ने

चंडीगढ़ के आरटीआई एक्टीविस्ट व समाज सेवी आरके गर्ग ने इन आशंकाओं को चंडीगढ़ प्रशासन को 31 मार्च 2021 को एक पत्र लिख कर सांझा किया था। 4 अगस्त 2021 को इसके जवाब में चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के चीफ जनरल मैनेजर ने इन सभी आशंकाओं को निर्मूल साबित करते हुए उन्हें व प्रशासन को जवाब दिया। कहा गया कि जो आशंकाएं जताई जा रही हैं वह बिलकुल बेफिजूल हैं। इनका असलियत से कोई नाता नहीं है। चीफ जनरल मैनेजर ने कहा कि चंडीगढ़ (पैन सिटी)को 24 इंटू 7 पानी की सप्लाई से कई लक्ष्य हासिल किये जाने हैं। कहा गया कि इसके जरिये नॉन रेवेन्यू वॉटर परसेंटेज को 15 प्रतिशत के भीतर ही रखने का लक्ष्य है जो गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के नार्म्स के मुताबिक है। इस प्रोजेक्ट के जरिये वॉटर सप्लाई इनफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड किया जाना है। स्कॉडा के जरिये और एडवांस मीटरिंग इनफ्रास्ट्रक्चर लागू कर इसे हासिल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के जरिये वॉटर कंजर्वेशन यानि पानी को बचाया, लीकेज को रोका, अंडरग्राउंड वॉटर की प्रीजर्वेशन हो सकेगी क्योंकि पीने के पानी के लिये ट्यूबवैलों का इस्तेमाल बंद होगा। सातों दिन और 24 घंटे फ्रैश वॉटर की सप्लाई हो सकेगी। पब्लिक पानी की स्टोरेज नहीं करेगी जिससे पानी की बचत के साथ वेस्टेज कम होगी। दिन के किसी भी वक्त तेज प्रैशर से पानी मिल पायेगा। पानी की लाइनों में प्रैशर की वजह से जो गंदगी या रुकावट होती है वह रूक पाएगी और गंदा पानी सप्लाई नहीं होगा। चीफ जनरल मैनेजर की ओर से कहा गया कि 30 दिसंबर 2019 को चंडीगढ़ म्यूनिसिपल कारपोरेशन ने 24 घंटे व सातों दिन पानी सप्लाई के एजेंडे को डीपीआर के साथ पास भी कर दिया जिसमें देश के भीतर सेंट्रल गवर्नमेंट या फोरेन बैंकों की मदद से चल रहे इस तरह के प्रोजेक्टों को एक एवीडेंस के तौर पर देखा गया।

### 24 घंटे बेहतर व सस्ती दरों पर पानी सप्लाई की कही थी बात

चीफ जनरल मैनेजर ने जो बातें कहीं उनमें कहा गया कि लोगों को 24 घंटे सातों दिन बेहतर पानी की सप्लाई मिलेगी। कंज्यूमर को बेहतर सर्विस मिलेगी, क्वालिटी और क्वांटीटी में पानी मिलेगा, प्रैशर के साथ हर समय पानी उपलब्ध होगा। गरीबों के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन दिखेगा। उनकी हेल्थ व हाईजीन बेहतर होगी। लाइनों में खड़ा होकर पानी नहीं लेंगे बल्कि हर वक्त पानी की सप्लाई होगी तो स्टोरेज नहीं करेंगे और अपने खाने कमाने में ज्यादा वक्त गरीब खर्च कर सकेंगे। इसके प्रोजेक्ट के बाद ऊपर पानी पहुंचाने के लिये वॉटर पंप नहीं लगाने पड़ेंगे जिससे बिजली बचेगी और कंज्यूमर का खर्चा घटेगा। 24 घंटे पानी की सप्लाई को लेकर कहा गया कि इससे वॉटर वेस्टेज घटेगी। खुली टूटियां नहीं छोडऩी पड़ेंगी। घरों में पानी स्टोर नहीं करना पड़ेगा। इससे लीकेज बंद हो जाएगी। इस प्रोजेक्ट के जरिये इफेक्टिव सप्लाई और डिमांड मैनेजमेंट होगी क्योंकि लीकेज पर रोक लगेगी। एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर से वॉटर कंजर्वेशन प्रोत्साहित होगी। टैरिफ भी कंज्यूमर को कम लगेगा। इसके जरिये इंप्रूव्ड ऑपरेशनल एफीशियेंसी होगी क्योंकि एडवांस मीटरिंग और स्कॉडा के जरिये रियल टाइम मॉनीटरिंग और कस्टमर केयर काम होगा। अवैध कनेक्शनों पर भी प्रहार होगा। चीफ जनरल मैनेजर की ओर से कहा गया चूंकि प्रोजेक्ट के इतने सारे फायदे हैं लिहाजा इस प्रोजेक्ट को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। इस प्रोजेक्ट को लेकर आरके गर्ग की ओर से जो शिकायत की गई है वह पूरी तरह से आधारहीन है।

# कागजों पर सिमटी योजनाएं, रुके हुए प्रोजेक्ट्स का लंबा इंतजार

**कई महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट दशकों से अधर में लटके पड़े हैं**

**मेट्रो प्रोजेक्ट, ट्रिब्यून फ्लाईओवर, एजूकेशन सिटी, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3, फिल्म सिटी जैसे प्रोजेक्ट बने लेकिन अभी तक कोई काम नहीं**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 11 जुलाई।** कभी भारत का सबसे सुनियोजित शहर माना जाने वाला चंडीगढ़ आज अपनी बिगड़ती जीवन गुणवत्ता और रुके हुए विकास परियोजनाओं के कारण चर्चा में है। मेट्रो, ट्रिब्यून फ्लाईओवर, एजुकेशन सिटी, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3 और फिल्म सिटी जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स दशकों से अधर में लटके पड़े हैं।

इसका ठीकरा अक्सर यूटी प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली पर फोड़ा जाता है, लेकिन असल में कहां अटक रही है बात, इसको लेकर वास्तविकता जानते हैं।

### ट्रिब्यून फ्लाईओवर: धीमी रफ्तार में अटका

2016 में स्वीकृत ट्रिब्यून चौक फ्लाईओवर, रोटरी और अंडरपास प्रोजेक्ट को 2019 में 184 करोड़ की मंजूरी मिली, लेकिन पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के स्टे ने इसे रोक दिया। 2024 में स्टे हटने के बाद लागत बढक़र 245 करोड़ हो गई। अब केंद्रीय सडक़ परिवहन मंत्रालय ने 1.6 किमी लंबे छह-लेन फ्लाईओवर के लिए दोबारा बोली मंगाई है। रोजाना 1.43 लाख वाहनों की भीड़ से जूझते ट्रिब्यून चौक के लिए यह प्रोजेक्ट अहम है। सडक़ सुरक्षा विशेषज्ञ नवदीप असीजा ने कहा, बिना अध्ययन के महंगे प्रस्तावों को बढ़ावा देना यूटी प्रशासन की अदूरदर्शिता को दर्शाता है।



### फिल्म सिटी: टूटा सपना

2007 में सरनपुर में 32 एकड़ पर प्रस्तावित फिल्म सिटी प्रोजेक्ट भी विफल रहा। 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने यूटी प्रशासन को पार्सवनाथ फिल्म सिटी लिमिटेड को 118 करोड़ का भुगतान करने का आदेश दिया। देरी से डीमार्केशन प्लान और बिजली लाइनों को हटाने में नाकामी ने प्रोजेक्ट को डुबो दिया। अभिनेता-निर्देशक दर्शन औलख ने कहा, प्रशासन की उदासीनता के कारण यह प्रोजेक्ट शुरू नहीं हुआ, वरना पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के युवाओं को बड़ा लाभ मिलता।

### मेट्रो प्रोजेक्ट: पटरी पर रुका सपना

2009 में शुरू हुआ चंडीगढ़ मेट्रो प्रोजेक्ट कई अड़चनों का शिकार रहा है। पूर्व बीजेपी सांसद किरण खेर के विरोध और 25,000-30,000 करोड़ की भारी लागत ने इसे जटिल बना दिया। जून 2024 में रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विसेज (राइट्स) ने इसे आर्थिक रूप से व्यवहार्य माना, लेकिन 85.65 किमी के रूट में 16.5 किमी चंडीगढ़ के हेरिटेज सेक्टर्स से होकर गुजरेगा, जो नई चुनौती के रूप में सामने आया है। 2027 में निर्माण शुरू होने और 2032 तक फेज-1 पूरा होने की उम्मीद है, बशर्ते सभी मंजूरियां मिल जाएं। पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल ने कहा, 2014 के बाद फॉलो-अप की कमी के कारण यह प्रोजेक्ट अटका। अगर समय पर काम हुआ होता, तो आज शहर की ट्रैफिक समस्या कम हो सकती थी।

### इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3: चार दशक से अधूरा

1970 में शुरू हुआ इंडस्ट्रियल एरिया फेज-3 का प्रोजेक्ट 150 एकड़ में फैला है, लेकिन केवल तीन भूखंड आवंटित हुए। 2003 में जमीन अधिग्रहण और योजना बनी, लेकिन जोनिंग और बुनियादी ढांचे की कमी ने इसे रोका। चंडीगढ़ चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष नवीन मंगलानी ने कहा कि लीजहोल्ड नीति और भारी शुल्कों ने औद्योगिक विकास को बाधित किया। फ्रीहोल्ड नीति अपनाने से एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

### क्यों हो रही प्रोजेक्टों में रुकावट

नौकरशाही की सुस्ती- फॉलो-अप की कमी और बदलती प्राथमिकताएं।

योजना की कमी- बिना अध्ययन के प्रस्ताव और अव्यावहारिक शर्तें।

कानूनी और वित्तीय अड़चनें- कोर्ट के स्टे, ऊंची लागत और पुरानी नीतियां।

चंडीगढ़ के निवासी इन प्रोजेक्ट्स के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं, जो शहर को ट्रैफिक, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते थे। क्या प्रशासन अब इन सपनों को हकीकत में बदलेगा? यह सवाल हर चंडीगढ़वासी के मन में है।

### एजूकेशन सिटी: 19 साल का इंतजार

2006 में प्रस्तावित 150 एकड़ का एजूकेशन सिटी प्रोजेक्ट, जो चंडीगढ़ को विश्वस्तरीय शैक्षणिक केंद्र बनाने का सपना था, लगभग गायब हो चुका है। केवल एक संस्थान ही स्थापित हुआ। 2009 में आईआईटी-रोपड़ और आईआईटी-अमृतसर जैसे संस्थानों से बात चली, लेकिन कठिन शर्तों के कारण वे पीछे हट गए। पूर्व यूटी सलाहकार धर्मपाल ने 2021 में इसकी विफलता की जांच के आदेश दिए, लेकिन उनके 2023 में जाने के बाद यह प्रोजेक्ट भुला दिया गया। पूर्व निदेशक विवेक अत्रे ने कहा, यदि यह प्रोजेक्ट पूरा होता, तो क्षेत्र के युवाओं को नौकरियों के लिए शहर छोडऩा न पड़ता।

# ऑनलाइन ठगी के मामले में तीन काबू

## पुलिस टीम ने आरोपियों को कोलकाता, पश्चिम बंगाल और चंडीगढ़ से पकड़ा

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन ठगी मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान वारिस अली, सोनू और अफजल हुसैन के रूप में हुई है। यूटी पुलिस की थाना साइबर क्राइम टीम ने टेक्निकल तकनीक और गुप्त सूचना के आधार पर उक्त आरोपियों को कोलकाता, पश्चिम बंगाल और चंडीगढ़ से काबू किया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, चैक बुक, पास बुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 39 निवासी ने पुलिस को बताया था कि 28 फरवरी, 2025 को उनके बैंक खाते से अनधिकृत लेनदेन से संबंधित कई ओटीपी अलर्ट प्राप्त हुआ। बाद में बैंक विश्लेषण से पता चला कि 2 लाख रुपये एक अन्य बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए गए थे। जाँच के दौरान बैंक खातों के सीएएफ, सीडीआर रिकॉर्ड और केवाईसी प्राप्त किए गए। पाया गया कि वारिस अली के नाम से पंजीकृत एक अन्य बैंक के खाते में 2,00,000/- स्थानांतरित किए गए और उसी दिन अलीपुर कोलकाता स्थित एक एटीएम से निकाले गए। पुलिस की टीम ने 10 जुलाई को कोलकाता में छापा मारा गया। जिसके परिणामस्वरूप आरोपी वारिस अली को गिरफ्तार किया गया। उसने खुलासा किया कि उसने दूसरों के निर्देश पर बैंक खाता खोला था और 20 हजार रुपए कमीशन पर केवाईसी किट और एटीएम कार्ड दूसरे आरोपियों को सौंप दिया था। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद इस्तेमाल किए गए बैंक खाते की पासबुक और चेकबुक एक ओप्पो रेनो 8 मोबाइल फोन आरोपी का आधार कार्ड बरामद किया।

दूसरे मामले में शिकायतकर्ता सैक्टर 39 निवासी ने पुलिस को बताया था कि शातिर धोखेबाजों ने खुद को बैंक का अधिकारी बताकर उनके साथ ठगी की थी।



आरोपियों ने पीड़ित को बीमा पॉलिसियों की समय से पहले परिपक्वता और 20 प्रतिशत बोनस का झांसा दिया। कई लेन-देन के दौरान शिकायतकर्ता से 34,20,158 की ठगी की गई। पुलिस जांच के दौरान, धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबर ओडिशा, झारखंड और अंततः चंडीगढ़ के मनीमाजरा में पाए गए। पुलिस द्वारा टेक्निकल तकनीक और गुप्त सूचनाओं के आधार पर, मनीमाजरा में छापेमारी की गई जहाँ अफजल हुसैन को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से निम्नलिखित वस्तुएँ बरामद हुई जिसमें चार मोबाइल फ़ोन, धोखाधड़ी वाले खातों से जुड़े केवाईसी दस्तावेज़, दो चेक बुक, कई सिम कार्ड उससे पूछताछ में पश्चिम बंगाल निवासी एक दूसरे संदिग्ध सोनू की संलिप्तता का पता चला। जिसने घोटाले में इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड और धोखाधड़ी वाले बैंक खाते उपलब्ध कराए थे। पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बाद पुलिस की एक टीम ने पश्चिम बंगाल में छापेमारी की। 8 जुलाई, 2025 को सोनू उत्तर 24 परगना से गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 13 मोबाइल फ़ोन,एक लैपटॉप, विभिन्न बैंकों की चेक बुक और एटीएम कार्ड,कई सिम कार्ड बरामद किए। पुलिस द्वारा अन्य सहयोगियों की पहचान करने और ठगी की गई राशि की बरामदगी के लिए आगे की जाँच जारी है।

## पलसोरा पुलिस चौकी ने हेरोइन की सप्लाई करने वाली आरोपी महिला को किया काबू



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** यूटी के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वालों के खिलाफ पुलिस को सख्त से सख्त कार्रवाई करने के आदेश दे रखे है। यूटी पुलिस आदेशों की पालना भी कर रहे रही है।और नशीले पदार्थों की सप्लाई करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।वही यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के आदेशों की पालना करते हुए उनके दिशा निर्देशों के चलते सैक्टर यूटी साउथ वेस्ट डिविजन सैक्टर 56 स्थित पलसोरा पुलिस चौकी को उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली। जब पुलिस ने एरिया से हेरोइन की सप्लाई करने वाली एक आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई आरोपी महिला की पहचान सैक्टर 56 निवासी आरती के रूप में हुई है। पकड़ी गई आरोपी महिला के कब्जे से 10.22ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जानकारी के अनुसार पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते और स्वतंत्रता दिवस को मध्यनजर रखते हुए सैक्टर 56 पलसोरा चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह अपनी टीम के साथ शुक्रवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सैक्टर 56 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर महिला को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से 10.22 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पकड़ी गई आरोपी महिला को पुलिस ने जिला अदालत में पेश कर रिमांड हासिल कर सकती है। पकड़ी गई आरोपी महिला के खिलाफ पहले भी एक्साइज एक्ट के 5 मामले थाना 39 में दर्ज पाए गए है।

# सड़कों को रीकार्पेट करने पर खर्च होंगे 30 करोड़

## वी-3 रोड की रीकार्पेटिंग का काम नगर प्रशासन के पाले में

**प्रापर्टी टैक्स बढ़ाने के लिए नोटिफिकेशन जारी की थी**

**रोड ट्रांसफर होने से निगम के पैसे बचेंगे**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** सड़कों की रीकार्पेटिंग के लिए वी-3 रोड प्रशासन को ट्रांसफर करने का प्रस्ताव विगत मार्च माह की सदन बैठक में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने पारित नहीं होने दिया था। इस पर निगमायुक्त अमित कुमार ने डायसेंट नोट लगाया था। अब इसकी मिनट्स को कमिश्नर ने अभी हाल ही में सेक्रेटरी लोकल गवर्नमेंट के पास अनुमति के लिए भेजा है। प्रशासन इस प्रस्ताव को भी प्रापर्टी टैक्स की तरह पास कर दे तो वी-3 रोड की रीकार्पेटिंग का काम प्रशासन के पास चला जायेगा।

वित्तीय संकट के चलते एमसी विगत ढाई वर्ष से 2022-23 की ड्यू वी-3 रोड भी रीकार्पेट नहीं करवा सकता है। गौरतलब है कि प्रापर्टी टैक्स बढ़ाने के प्रस्ताव को भी कांग्रेस और 'आप' के पार्षदों ने रिजेक्ट किया था। परंतु उसमें भी कमिश्नर ने डायसेंट नोट लगाया था,



जिसके उपरांत प्रशासन ने प्रापर्टी टैक्स बढ़ाने की नोटिफिकेशन जारी की थी। ठीक उसी प्रकार की रीकार्पेटिंग के लिए भी प्रशासन अधिसूचना जारी कर सकता है और वी-3 रोड भी प्रशासन को ट्रांसफर हो सकती है। इसके लिए नगर निगम की मेयर ने कहा है कि तीन वर्षों से वी-3 रोड की रीकार्पेटिंग नहीं हो सकी है। इसके लिए नगर निगम को 30 करोड़ रुपये चाहिए। नगर प्रशासन एक बार रोड रीकार्पेटिंग करके निगम को वापस दे सकता है। निगम का वर्ष 2025-26 के बजट में 250 करोड़ का घाटा है।

हाउस मीटिंग में निगमायुक्त ने कहा था कि प्रशासन को रोड ट्रांसफर हो जाये तो नगर निगम के 30 करोड़ रुपये की बचत होगी। इस रकम को किसी और काम पर खर्च किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्षद गुरप्रीत सिंह गाबी ने कहा था कि निगम की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। प्रशासन से वी-3 रोड रीकार्पेटिंग के लिए मेयर डेडिकेटेड फंड क्यों नहीं लेकर आती है। हमारे यहां तो वी-3 रोड रीकार्पेटिंग हुई है। इसलिए आप कैसे कह सकती हैं कि तीन साल सेवी-3 रोड रीकार्पेट नहीं हुई। 'आप' पार्षद हरदीप सिंह बुटेरला ने कहा था कि जब प्रशासन को ट्रांसफर हो जायेंगे तो एमसी में रोड विंक का स्टाफ क्या करेगा। इसे भी प्रशासन को ट्रांसफर कर देती।

### वी-3 रोड पर चलते हैं वीआईपी

आप पार्षद प्रेमलता ने कहा था कि वी-3 रोड पर वीआईपी चलते हैं, वी-6 रोड पर गरीब चलते हैं। वी-3 रोड पर बाहरी प्रदेशों के लोग चलते हैं। उन्हें गड्ढों में दिक्कतें आयेंगी तो प्रशासन पर दबाव बढ़ेगा, तभी एमसी को फंड मिलेगा। वी-3 रोड प्रशासन को ट्रांसफर कर दी तो वी-6 रोड की रीकार्पेटिंग के लिए पैसे नहीं मिलेंगे। सौरभ जोशी ने कहा था कि नगर प्रशासन ने कम्युनिटी सेंटर भी नगर निगम को बनाकर दिए हैं। रोड री-कार्पेटिंग करके वापस निगम को दे देगा। किंतु वोटिंग में रोड प्रशासन को ट्रांसफर करने का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। इसके बाद निगमायुक्त ने इसमें डाइसेंट नोट लगाया था। इस प्रकार इस मामले पर निगम की तत्कालीन सदन बैठक में काफी गरमागर्म चर्चा की गई थी।

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 34 डिग्री से. |
| न्यूनतम | 27 |
| सूर्योदय | 5.29 बजे |
| सूर्यास्त | 7.28 बजे |
| सोना 24 कैरेट | 99,860.00 |
| सेंसेक्स | 82,500.47 |
| अमेरिका | 85.86 |
| कैनेडियन | 62.73 |
| आस्ट्रेलिया | 56.54 |

# पीजीआईएमईआर ने किया 1000 से अधिक पिट्यूटरी ट्यूमर मामलों का सफल इलाज

**क्यों बढ़ रहे हैं जायंट ट्यूमर**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** देश की अग्रणी स्वास्थ्य संस्था पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ ने पिट्यूटरी ग्रंथि से जुड़ी बीमारियों के इलाज में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। संस्थान में अब तक एक ही सर्जन द्वारा 1000 से अधिक पिट्यूटरी ट्यूमर का एंडोस्कोपिक तकनीक से सफल इलाज किया जा चुका है। पिट्यूटरी ट्यूमर का सुरक्षित और बिना चीरे वाला इलाज, अब पीजीआईएमईआर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। एंडोस्कोपिक ट्रांसनेजल सर्जरी के माध्यम से यह ट्यूमर नाक के रास्ते हटाया जाता है, जिससे मरीज को किसी भी प्रकार का बाहरी निशान नहीं पड़ता, और रिकवरी भी तेज होती है।



### भारत में क्यों दिख रहे हैं 'जायंट पिट्यूटरी ट्यूमर'?

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में आज भी बड़ी संख्या में मरीज तब अस्पताल पहुंचते हैं जब ट्यूमर बहुत बड़ा और जटिल हो चुका होता है। इसके पीछे मुख्य कारण हैं। देरी से निदान इसमें प्रमुख है। सिरदर्द, आंखों की रोशनी में कमी या हार्मोनल बदलाव जैसे प्रारंभिक संकेतों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। जन जागरूकता की कमी भी बड़ी वजह है। बहुत से लोग यह नहीं जानते कि ये लक्षण पिट्यूटरी ग्रंथि की बीमारी से जुड़े हो सकते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की खंडित व्यवस्था की वजह से छोटे अस्पतालों में मामूली केस तो संभाले जाते हैं, लेकिन बड़े और जटिल ट्यूमर को समय पर बड़े संस्थानों जैसे पीजीआईएमईआर को रेफर नहीं किया जाता।

### सावधान रहें, ये लक्षण हो सकते हैं खतरे की घंटी

- लगातार सिरदर्द
- धीरे-धीरे आंखों की रोशनी का कम होना
- अचानक वजन बढऩा या शारीरिक बनावट में बदलाव
- मासिक धर्म में अनियमितता या हार्मोन से जुड़े अन्य लक्षण

विशेषज्ञों का कहना है कि एक साधारण एमआरआई और हार्मोनल जांच से इस बीमारी का प्रारंभिक स्तर पर पता लगाया जा सकता है, जिससे इलाज ज्यादा आसान और सुरक्षित हो जाता है।

### पीजीआईएमईआर में मिल रहा है विश्वस्तरीय इलाज

पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में हर साल बड़ी संख्या में पिट्यूटरी ट्यूमर के केस आते हैं, जिससे यहां के डॉक्टर्स को उच्च प्रशिक्षण और अनुभव प्राप्त होता है। यहां की टीम में प्रशिक्षित रेजिडेंट डॉक्टर, अनुभवी नर्सें और तकनीकी स्टाफ मरीजों की पूरी देखभाल करते हैं। पीजीआईएमईआर का मानना है कि तकनीकी दक्षता के साथ-साथ समर्पित टीम व सतत मॉनिटरिंग ही जटिल मामलों में सफल इलाज की कुंजी है।

### डॉक्टरों की अपील, लक्षण नजर आते ही जांच कराएं

पीजीआईएमईआर की टीम ने आम जनता से अपील की है कि वे सिरदर्द, आंखों की कमजोरी या हार्मोन से जुड़ी किसी भी गड़बड़ी को नजरअंदाज न करें। समय रहते जाँच कराने से न केवल रोग का इलाज आसान हो जाता है, बल्कि आंखों की रोशनी और जीवन दोनों को बचाया जा सकता है।

### प्रो. राजेश छाबड़ा ने स्थापित किया नया रिकार्ड

पीजीआई के न्यूरोसर्जरी विभाग के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन प्रो. राजेश छाबड़ा ने पिछले 7 वर्षों में 1000 से अधिक पिट्यूटरी ट्यूमर की एंडोस्कोपिक सर्जरी कर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। यह उपलब्धि न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। प्रो. राजेश छाबड़ा का कहना है कि आज भी कई मरीज देर से अस्पताल पहुंचते हैं, जब ट्यूमर बड़ा हो चुका होता है। हमारी कोशिश है कि समय रहते सही इलाज मिले और मरीजों को जटिलताओं से बचाया जा सके।

### समर्पित विशेषज्ञों की टीम ने बनाया यह संभव

इस उपलब्धि के पीछे पीजीआईएमआर की अनुभवी और कुशल मल्टीडिसिप्लिनरी टीम का अहम योगदान रहा। इस टीम में न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रो. राजेश छाबड़ा एवं डॉ. अपिंदरप्रीत सिंह, ईएनटी (ओटोरहाइनोलैरिंजोलॉजी)के डॉ. रमंदीप विर्क, एंडोक्राइनोलॉजी के डॉ. पिनाकी दत्ता और डॉ. रमा अहलूवालिया, न्यूरोरेडियोलॉजी विभाग के डॉ. चिराग कमल आहूजा न्यूरोएनेस्थीसिया के डॉ. निधि पांडा और उनकी टीम शामिल रही।

### क्या होता है पिट्यूटरी ट्यूमर

पिट्यूटरी ग्रंथि, जिसे मास्टर ग्लैंड भी कहा जाता है, मस्तिष्क के आधार पर स्थित एक मटर के आकार की ग्रंथि होती है। यह शरीर के कई महत्वपूर्ण हार्मोन को नियंत्रित करती है, जैसे – वृद्धि, थायरॉइड, प्रजनन, तनाव प्रतिक्रिया और जल संतुलन। पिट्यूटरी ट्यूमर या एडेनोमा प्राय- कैंसरयुक्त नहीं होते, लेकिन यदि समय पर इलाज न हो तो ये दृष्टि दोष, हार्मोनल असंतुलन, यहां तक कि कोमा तक का कारण बन सकते हैं। ये ब्रेन ट्यूमर का लगभग 15 फीसदी हिस्सा बनाते हैं।

### सर्जरी में तकनीकी क्रांति, अब कोई चीरा नहीं, तेज़ रिकवरी

पहले पिट्यूटरी ट्यूमर को सिर खोलकर (क्रैनियोटॉमी) निकाला जाता था, जिसमें जटिलताएं ज्यादा होती थीं। अब प्रो. छाबड़ा और उनकी टीम एंडोस्कोपिक ट्रांसनेजल तकनीक का उपयोग करते हैं, जिससे मरीज की नाक के रास्ते बिना चीरा लगाए सर्जरी की जाती है। इस तकनीक के फायदे ये हैं कि चेहरे पर कोई निशान नहीं पड़ता,अस्पताल में कम समय भर्ती रहने की जरूरत है,तेज़ रिकवरी और कम जटिलताएं हैं, दृष्टि और हार्मोनल कार्यों का संरक्षण रहता है। प्रो. छाबड़ा ने यह भी बताया कि पिट्यूटरी ट्यूमर को लेकर अभी भी लोगों में जागरूकता की कमी है। समय पर जांच और इलाज से गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है। पीजीआई की यह ऐतिहासिक उपलब्धि आने वाले समय में हजारों मरीजों के लिए आशा की किरण बनेगी।

सम्पादकीय

# भारत-पाक संघर्ष में विदेशी मीडिया के रहे दोहरे मानदंड

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के इस बयान में काफी सच्चाई है कि विदेशी मीडिया ने ऑपरेशन सिंदूर को कवर करने में दोहरे मानदंडों का परिचय दिया है। यह कहना होगा कि महज विदेशी मीडिया ही नहीं अपितु विदेशी राजनयिकों ने भी पक्षपातपूर्ण तरीके से इस घटनाक्रम को देखा है। डोभाल इस ऑपरेशन के मुख्य संचालनकर्ताओं में शुमार हैं, उन्हें पता है कि भारत ने इस दौरान क्या गंवाया है और क्या हासिल किया है। निश्चित रूप से भारत ने गंवाया कुछ नहीं है, अपितु उसने वह हासिल किया है, जोकि आजादी के बाद से अब तक हासिल नहीं हो पाया था। पाकिस्तान पर रणनीतिक जीत। इस सीमित युद्ध के दौरान पाकिस्तान बेहद बुरे तरीके से आत्मसमर्पण को अगर बाध्य हुआ है तो इसकी वजह यह सटीक ऑपरेशन सिंदूर रहा। पाकिस्तान को यह अहसास हो चुका था कि अगर इस समय वह नहीं झुका तो मिट्टी में मिला दिया जाएगा। और यही वजह है कि पाक प्रेमी देशों ने अपने दिल ठंडे करने के लिए पाक को एक पीड़ित देश के रूप में देखा और विदेशी मीडिया ने भी उसके नुकसान को प्रदर्शित नहीं किया। हालांकि भारत के संबंध में अनर्गल बयान दिए गए। यही वजह है कि अजीत डोभाल ने विदेशी मीडिया को चुनौती दी कि वह भारत को हुए नुकसान की रिपोर्ट दिखाए। उस दौरान सीमावर्ती राज्यों में घरों को क्षति पहुंची और इसमें कई जानें भी चली गई।

**गौरतलब है कि डोभाल की चुनौती के बाद पाक विदेश मंत्रालय की ओर से हताशा भरे बयान आए हैं। उसे इतने वर्षों में पहली बार याद आया है कि स्थायी शांति का रास्ता आपसी बातचीत और आपसी सम्मान में निहित है। क्या वास्तव में यह शब्द पाक के हो सकते हैं। बरसों से जो बात भारत समझाने की कोशिश करता आया है, उसे अब तक पाक ने नहीं समझा था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद वह बातचीत और आपसी सम्मान का राग अलापने लगा। क्या यह बातें उसे अमेरिका तो नहीं सिखाई हैं। ऑपरेशन सिंदूर में मिली शर्मनाक पराजय के बावजूद पाकिस्तान को जिस प्रकार से अमेरिका से दुलार मिला है, उससे पाक सरकार जैसे धन्य हो गई है और उसे अब शांति, बातचीत और सम्मान जैसी बातें समझ आ गई हैं। गौरतलब है कि घाटी में निर्दोषों की हिंसा को पाक आजादी की लड़ाई बताता है।**

गौरतलब है कि डोभाल की चुनौती के बाद पाक विदेश मंत्रालय की ओर से हताशा भरे बयान आए हैं। उसे इतने वर्षों में पहली बार याद आया है कि स्थायी शांति का रास्ता आपसी बातचीत और आपसी सम्मान में निहित है। क्या वास्तव में यह शब्द पाक के हो सकते हैं। बरसों से जो बात भारत समझाने की कोशिश करता आया है, उसे अब तक पाक ने नहीं समझा था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद वह बातचीत और आपसी सम्मान का राग अलापने लगा। क्या यह बातें उसे अमेरिका तो नहीं सिखाई हैं। ऑपरेशन सिंदूर में मिली शर्मनाक पराजय के बावजूद पाकिस्तान को जिस प्रकार से अमेरिका से दुलार मिला है, उससे पाक सरकार जैसे धन्य हो गई है और उसे अब शांति, बातचीत और सम्मान जैसी बातें समझ आ गई हैं। गौरतलब है कि घाटी में निर्दोषों की हिंसा को पाक आजादी की लड़ाई बताता है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर में भारत का यह संकल्प कि अगर आगे से आतंकी वारदात होती है तो भारत इसे युद्ध ही समझेगा, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर को पोज किया गया है, बंद नहीं, निश्चित रूप से पाक के तेवरों को बदलने वाला साबित हुआ है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने जो कहा वह सच है, हालांकि पाकिस्तान को अगर इससे दर्द हो रहा है तो ऐसा इसलिए क्योंकि यह सच्चाई वह पचा नहीं पा रहा। यह आज के जमाने का मामला है, जब बेइज्जत होकर भी कोई खुद को सम्मानित महसूस करता है, क्योंकि उसे इसी में अपनी बड़ी कामयाबी नजर आती है। पाक प्रधानमंत्री और उसके आर्मी चीफ ने हर जगह अपने सच को छुपाया है, लेकिन दुनिया इसके बावजूद सब जानती है। निश्चित रूप से विदेशी मीडिया को यह समझाया जाना जरूरी है कि वह अब भारत को कमतर आंखों से देखना बंद कर दे।

वास्तव में युद्ध को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि गोली न क्षेत्र देखती है, न धर्म, न जाति और न ही अवस्था। उसका काम इंसानी शरीर को भेदना है और वह यही करती है। निश्चित रूप से इस कथन के संदर्भ में यह भी समझे जाने की जरूरत है कि अपनी आत्मरक्षा करना एक देश का धर्म है। भारत सदियों से इसी परंपरा का निर्वाह करते आया है, अगर पहलगाम में आतंकियों ने मौत का खेल नहीं खेला होता तो आज संभव है स्थिति पहले की तरह चल रही होती। लेकिन केंद्र सरकार ने देश की इस पुकार को सुना है कि पाकिस्तान को उसके किए की सजा मिलनी चाहिए। एक सरकार के लिए अपने देश की संप्रभुता और उसकी अखंडता को कायम करना धर्म होता है, ऐसे में पाकिस्तान पर कार्रवाई उचित है। निश्चित रूप से सरहदें कभी अच्छी या बुरी नहीं होती, लेकिन उनके पार जो रहते हैं, वे अच्छे या बुरे होते हैं। एक समय तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं। उनका यह कथन सर्वथा उचित है और आज के समय में पाकिस्तान और चीन जैसे देशों पर सही बैठता है। दरअसल, कोई दूसरे का बुरा करके अपना भला नहीं कर सकता।

# ब्रिक्स में दिखा भारत का कूटनीतिक पराक्रम, मोदी की ब्राजील यात्रा ने सफलता के नए कीर्तिमान रचे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया ब्राजील यात्रा सिर्फ एक कूटनीतिक यात्रा भर नहीं थी, बल्कि यह भारत के वैश्विक कद और मोदी की नेतृत्व क्षमता की ताक़त का स्पष्ट प्रमाण भी बनी। ब्राजील के रियो डी जेनेरो में हुई 17वीं ब्रिक्स शिखर बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह वैश्विक राजनीति, भू-आर्थिक चुनौतियों और बहुपक्षीय सहयोग को लेकर भारत का पक्ष रखा, उसने न केवल भारत की छवि को मज़बूत किया, बल्कि यह भी साबित किया कि एक दूरदर्शी नेतृत्व किस तरह जटिल वैश्विक माहौल में राष्ट्रीय हितों की रक्षा कर सकता है।

मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेषकर दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में चीन की एकाधिकारवादी रणनीति की ओर इशारा करते हुए यह स्पष्ट किया कि कोई भी देश इन संसाधनों को 'हथियार' के रूप में इस्तेमाल न करे। यह बयान ना सिर्फ भारत की रणनीतिक चिंता को दर्शाता है, बल्कि मोदी के संतुलित, लेकिन दृढ़ वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक भी है। रूस और चीन जैसे देशों की मौजूदगी में भी मोदी ने न तो पश्चिमी ताक़तों की आलोचना की और न ही अंध समर्थन दिया। इसके बजाय उन्होंने ग्लोबल साउथ के अधिकारों, विकास के अवसरों और समावेशी वैश्वीकरण की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उनका यह रुख ब्रिक्स को एकतरफा मंच बनने से रोकता है और भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को उजागर करता है। प्रधानमंत्री के संबोधनों से यह भी स्पष्ट हुआ कि नरेंद्र मोदी केवल घरेलू राजनीति के माहिर नहीं, बल्कि वे अंतरराष्ट्रीय राजनीति की बारीक समझ रखने वाले नेता भी हैं। देखा जाये तो वह भारत को वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक निर्णायक खिलाड़ी के रूप में प्रस्तुत करने में सफल रहे हैं।

इसके अलावा, प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत-ब्राजील के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और सामरिक साझेदारी को मजबूत करने वाली भी साबित हुई। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में रक्षा, ऊर्जा, कृषि, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी 2.0 की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता जताई है।

हम आपको बता दें कि भारत और ब्राजील ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। खासतौर पर कृषि उत्पाद, औषधीय उद्योग, टेक्सटाइल, और आईटी सेवाओं में सहयोग के नए द्वार खुले हैं। इससे भारतीय स्वास्थ्य और निर्यातकों को नए बाजार मिलेंगे। इसके अलावा, ब्राजील जैव ईंधन और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी देश है। भारत के 'नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन' को देखते हुए दोनों देशों ने हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी साझेदारी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। साथ ही ब्रिक्स, प्रतिशत 20 और संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक मंचों पर भारत और ब्राजील ने विकासशील देशों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए समन्वय बढ़ाने पर सहमति जताई। ब्राजील ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की मजबूत वकालत की।

इसके अलावा, ब्राजील के साथ मजबूत संबंध भारत को लैटिन अमेरिका में रणनीतिक पहुँच प्रदान करते हैं। यह महाद्वीप ऊर्जा, खनिज और कृषि संसाधनों से समृद्ध है और भारत के लिए एक नया आर्थिक और भू-राजनीतिक अवसर है। हम आपको यह भी बता दें कि ब्राजील, विश्व का सबसे बड़ा सोया उत्पादक और निर्यातक है। भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए यह साझेदारी महत्त्वपूर्ण हो सकती है। साथ ही, ब्राजील के पास प्रचुर मात्रा में कच्चा तेल, इथेनॉल और जलविद्युत क्षमता है जो भारत की ऊर्जा रणनीति में योगदान कर सकती है।

इसके अलावा, अंतरिक्ष तकनीक, रक्षा उत्पादन और एयरोनॉटिक्स के क्षेत्र में ब्राजील की विशेषज्ञता और भारत की विनिर्माण क्षमता मिलकर एक मजबूत टेक्नोलॉजिकल गठजोड़ बना सकते हैं। HAL और Embraer जैसे संस्थानों के बीच सहयोग की संभावनाएं प्रबल हैं। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और ब्राजील दोनों जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर समान सोच रखते हैं। ग्लोबल साउथ के हिस्से के रूप में, दोनों मिलकर विकसित देशों से जलवायु फंड और तकनीकी हस्तांतरण के लिए सामूहिक दबाव बना सकते हैं।

हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा के बीच वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने आतंकवाद से निपटने पर भी विचार-विमर्श किया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर स्पष्ट हैं कि आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। मोदी ने मीडिया को दिये अपने बयान में कहा, ''आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हमारी सोच एक जैसी है, यथा- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और यह कि इसे लेकर दोहरा मानदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हम आतंकवाद और आतंकवाद का समर्थन करने वालों का कड़ा विरोध करते हैं।'' मोदी ने कहा, ''हम चाहते हैं कि भारत-ब्राजील संबंध कार्निवल (रंगारंग जुलूस) की तरह रंगीन हों, फुटबॉल की तरह जोशीले हों, और सांबा (नृत्य) की तरह दिलों को जोड़ने वाले हों और वीजा काउंटर पर लंबी कतारें न हों। इस भावना के साथ।'' उन्होंने कहा, ''हम दोनों देशों के लोगों, खासकर पर्यटकों, छात्रों, खिलाड़ियों और व्यापारियों के बीच आपसी संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रयास करेंगे। विभिन्न भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-ब्राजील साझेदारी स्थिरता और संतुलन का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और दोनों पक्ष इस बात पर एकमत हैं कि सभी विवादों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द नेशनल ऑर्डर ऑफ द सदर्न क्रॉस' से सम्मानित किया गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला डी सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख वैश्विक मंचों पर भारत-ब्राजील सहयोग बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया। मोदी ने लूला के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा, ''आज राष्ट्रपति द्वारा ब्राजील के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना न केवल मेरे लिए, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के लिए भी अत्यंत गर्व और भावना का क्षण है।'' हम आपको बता दें कि मई 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से किसी विदेशी सरकार द्वारा उन्हें दिया गया यह 26वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

हम आपको यह भी बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी का ब्रासीलिया के अल्वोराडा पैलेस में 114 घोड़ों की एक अनूठी परेड के साथ भव्य औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद, प्रधानमंत्री के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत भारत माता की जय÷ के नारों से किया। मोदी ने वहां मौजूद लोगों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री का स्वागत संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी की ब्राजील यात्रा एक बार फिर यह सिद्ध करती है कि उनका नेतृत्व केवल भाषणों या आयोजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह अंतरराष्ट्रीय रणनीति, साझेदारी और भारत के दीर्घकालिक हितों की ठोस पैरवी में भी प्रभावशाली है। आज जब विश्व एक बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, तो ऐसे में भारत का नेतृत्व एक ऐसे व्यक्ति के हाथों में है जो न केवल अपने देश के लिए सोचता है, बल्कि दुनिया के भविष्य को भी दिशा देने की क्षमता रखता है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक राजनयिक दौरा नहीं थी, बल्कि यह ग्लोबल साउथ की आवाज़ को संगठित करने और भारत की एक जिम्मेदार, भरोसेमंद भागीदार के रूप में छवि को और मजबूती देने की दिशा में एक ठोस कदम थी। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि भारत और ब्राजील के बीच बढ़ती निकटता न केवल दोनों देशों के नागरिकों को व्यावसायिक, तकनीकी और सांस्कृतिक लाभ देगी, बल्कि यह वैश्विक बहुध्रुवीय व्यवस्था को संतुलित करने में भी योगदान दे सकती है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### सरकार के खिलाफ पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव रद्द

चंडीगढ़। हरियाणा में श्री भजन लाल के नेतृत्व वाली कांग्रेस (आई) की सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा विधानसभा में पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव आज ध्वनिमत से रद्द हो गया। लगभग साढ़े 4 घंटे चली, लंबी बहस के पश्चात विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के इस अविश्वास प्रस्ताव को रद्द कर दिया। यह अविश्वास प्रस्ताव सजपा के अलावा हविपा जद व भाजपा के सदस्यों की ओर से रखा गया था। बसपा का एकमात्र सदस्य उस समय सदन में उपस्थित नहीं था। इस प्रस्ताव पर बहस शुरु करते हुए विपक्षी नेता प्रो. संपत सिंह ने मौजूदा सरकार की कार्य प्रणाली की जमकर आलोचना की। उन्होंने सिरसा जिला के एक मंत्री पर खाड़कुओं को पनाह देने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ टांडा के अधीन कैसे दर्ज करने की मांग की। प्रो. संपत सिंह ने सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार से काम लिए जाने कानून व्यवस्था बिजली पानी को स्थिति ठीक न होने आदि के आरोप भी सत्तासीन सरकार पर लगाए। बाद में मंत्री ने अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए इन आरोपों को गलत बताया और कहा कि प्रो. संपत सिंह को अगर कोई टाटा जो कहे तो उसका मतलब भी वह टाडा ही समझते है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1992 यीत्ज़ाक राबिन इस्राइल के प्रधानमंत्री बने।

2000 अमेरिका और वियतनाम ने बड़े व्यापार अनुबंध पर हस्ताक्षर किया।

2008 अफगानिस्तान में युद्ध-तालिबान छापामारों ने नाटो के अफगानिस्तान के दूरवर्ती प्रांत अफ़गान में वायगल जिले के वानाट गाँव पर हमला किया।

2009 शी वुल्फ शकीरा ने अपने आठवें एल्बम की शुरुआत की।

2010 जनवरी, 2011 को यूरोपीय संघ ने घोषणा की कि एस्टोनिया यूरो का सत्रहवाँ सदस्य होगा। यूरो के सदस्य दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे हैं।

2011 शोधकर्ताओं के दो अध्ययनों से पता चला कि एंटीरेट्रोवायरल ड्रग्स जो एड्स के उपचार के लिए निर्धारित हैं, उनका उपयोग एचआईवी संक्रमण को रोकने के लिए भी किया जा सकता है।

2011 नॉर्मन मूर, वरिष्ठ राजनेता ने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से अनुरोध किया है कि वह कार्बन टैक्स और मिनरल्स रिसोर्स रेंट टैक्स के बारे में विचार करें।

2012 7.6 प्रतिशत पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना द्वारा तीन वर्षों में सबसे कम आर्थिक वृद्धि है। इसका अनुभव हाल ही में हुआ है।

2012 संयुक्त राज्य अमेरिका के माध्यम से फैला एक सूखा 1000 से अधिक काउंटियों की ओर जाता है। इसे प्राकृतिक आपदा प्राकृतिक आपदा क्षेत्र घोषित किया गया है।

2013 एक नाव जो शरण चाहने वालों को क्रिसमस द्वीप के उत्तर में स्थित थी। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों द्वारा 88 लोगों को बचाया गया था और 9 लोगों के मरने की आशंका थी।

## बोल ब्यूटीफुल



**डा. ब्रह्मा चेलानी:** अभी तक के 14 में से दो दलाई लामा तिब्बत के बाहर से हुए है। एक मंगोलिया से और एक भारत के तवांग से। यदि मोदी सरकार तिब्बत धार्मिक संस्थाओं के साथ रणनीतिक सुसंगति कायम रखे तो अगले दलाई लमा भारत की हिमालयी बेल्ट से हो सकते है।

**अनुरंजन झा:** गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की पिता द्वारा हत्या झकझोरने वाली है। कोई हत्या कैसे आनर हो सकती है? इसे हरार किलिंग ही कहिए। अभी भी समाज से हारर किलिंग नहीं खत्म हो रही है। यह बहुत शर्मनाक है।

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे। सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे 'महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान' बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया।



यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आई, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहा महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियाँ अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है। यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थायी उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी।

हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी यादव का कहना है कि महिला आरक्षण सही है, लेकिन रोजगार के अवसर कब हैं? सरकारी नियुक्तियों की प्रक्रिया वर्षों से लटकी रहती है, परीक्षा की तारीखें टलती हैं, नियुक्ति पत्र देर से आते हैं, ऐसे में आरक्षण का लाभ कब और किसे मिलेगा? उनकी बातों में सच्चाई भी है, क्योंकि प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और समयबद्धता भी उतनी ही आवश्यक है जितनी आरक्षण की नीति। यह महिला आरक्षण अब केवल बिहार के स्थायी निवासियों अर्थात डोमिसाइल महिलाओं के लिए ही होगा। यानी जो महिलाएं राज्य की स्थायी निवासी नहीं हैं, उन्हें इस आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा-उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करना होगा। इसलिये इसे केवल घरेलू हितों को साधने वाला प्रत्यक्ष प्रचार माना जा रहा है, जिसमें गैर-स्थायी निवासियों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है। विपक्ष इस कदम को डोमिसाइल नीति के अनुरूप बताते हुए सवाल उठा रहा है कि क्या इससे सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना नहीं बिगड़ जाएगी? बिहार में बेरोजगारी चुनावी चर्चा का मुख्य मुद्दा है। युवा खासकर उच्चशिक्षित वर्ग नौकरी की तलाश में है। 35 प्रतिशत आरक्षण के साथ-साथ सरकार ने वेकेंसी क्रिएशन, युवा आयोग गठन, कृषि व सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च जैसे उपाय किए है। 2025 के बिहार चुनाव बहुआयामी लड़ाई से परिपूर्ण है, जातिगत समीकरण, युवा और ग्रामीण विकास, मतदाता सूची संशोधन जैसे मुद्दों ने चुनावी माहौल को गहराई दी है। सरकार ने पिछले बजट में 'महिला हाट', 'पिंक बस', 'पिंक टॉयलेट', स्कूल जाने वाली ल?कियों के लिए साइकिल योजनाएं, दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए ÷संबल÷ वित्तीय सहायता जैसी महिलाओं को लुभाने वाली योजनाओं के प्रावधान किये हैं। नीतीश सरकार ने चुनावों को देखते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मिलने वाली राशि में भारी ब?ोतरी की घोषणा की है। अब वृद्ध, दिव्यांग और विधवा महिलाओं को प्रतिमाह 400 रुपए की बजाय 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। इस घोषणा के बाद पूरे बिहार में पेंशन के 1 करो? 9 लाख 69 हजार लाभार्थियों में हर्ष का माहौल दिखाई दे रहा है।

यह कहना उचित होगा कि बिहार की राजनीति इस बार स्थानीयता, जातिगत समीकरण और सामाजिक कल्याण के मिश्रित आरोपणों के बीच गंभीर मुठभे? के दौर से गुजर रही है। चुनाव नतीजे यह तय करेंगे कि क्या यह रणनीतियाँ सचमुच सतत परिवर्तन की ठोस बुनियाद रखेंगी, या चुनावी भाषण के बाद हवा में खो जाएँगी। नवीनतम ओपिनियन पोल बताते हैं कि एनडीए फिर सत्ता में लौट सकता है, खासकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच मजबूत समर्थन के चलते। वहीं, महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस, अन्य) जातीय समीकरण (ईबीसी-ओबीसी) का आधार लेकर मुकाबले में है।

# आपदा राहत : केंद्र-राज्य की हिस्सेदारी में न फंस जाए घर बसाने का काम

मुख्यमंत्री बोले, केंद्र सरकार जमीन नहीं देगी, तो हम कैसे बसाएंगे उजड़े हुए घर

अर्थ प्रकाश/संदीप उपाध्याय



**शिमला, 12 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक ही रात कई जगह बादल फटने से तबाही आई है। राहत बचाव कार्य तेजी से चल रहा है, अभी सही अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि कितना नुकसान हुआ है। शुरुआत में दिख रहा है कि सराज विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ करसोग और धर्मपुर में सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने बेघर हुए लोगों के लिए राहत शिविर लगाए हैं और किराए के मकान में रहने के लिए 5 हजार महीना किराया सरकार की ओर से देने की बात की है। मुख्यमंत्री ने बेघर हुए लोगों से वायदा किया है कि चिंता न करें, हम सभी का घर बसाएंगे। अब घर बसाने के लिए सरकार को जमीन चाहिए। जिन गांवों के लोग बेघर हुए हैं, वहां हिमाचल सरकार की जमीन नहीं है, वहां फारेस्ट लैंड है और फारेस्ट लैंड केंद्र सरकार की है। केंद्र सरकार ही घर बनाने के लिए जमीन दे सकती है। जिससे सवाल उठता है कि कहीं आपदा में बेघर हुए प्रभावितों के घर बसाने का काम केंद्र व राज्य की हिस्सेदारी में न उलझ जाए और घर बनाने में देरी हो।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दो दिन लगातार सराज और नाचन विधानसभा के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में दौरा किया है। इससे पहले धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बादल फटने की घटनाओं से भारी नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने आपदा से बेघर हुए लोगों से वायदा किया है कि सभी का घर सरकार बसाएगी। मुख्यमंत्री ने साथ में यह भी कहा कि यहां की जमीन सरकार की नहीं है। केंद्र सरकार जमीन देगी तो हम घर बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों से दूर सरकार की जमीन है लेकिन लोग जिस गांव में रहते थे, वहीं बसना चाहते हैं, वह दूर नहीं जाना चाहते। इस कारण लोगों को अपने गांव में बसाने के लिए फारेस्ट लैंड की जरुरत होगी। फारेस्ट लैंड केंद्र सरकार ही देती है। जब तक केंद्र सरकार जमीन नहीं देगी, हम घर कैसे बसा पाएंगे।

### भाजपा के 7 सांसदों से आग्रह, प्रधानमंत्री के पास जाकर दिलाएं जमीन

मुख्यमंत्री ने भाजपा के 7 सांसदों से आग्रह किया है कि वह आपदा प्रभावितों के घर बसाने के लिए मदद करें और प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के पास जाकर हिमाचल में आपदा प्रभावित लोगों के घर बसाने के लिए केंद्र से जमीन दिलवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों की संपत्तियां आपदा में नष्ट हो गई हैं, उन्हें राज्य सरकार द्वारा जहां भी संभव हो सकेगा, भूमि उपलब्ध करवाई जाएगी। हालांकि वन भूमि के आबंटन के लिए केंद्र सरकार की अनुमति आवश्यक है और इस संबंध में राज्य सरकार केंद्र को प्रस्ताव भेजेगी। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के सभी भाजपा सांसदों से वन भूमि पर आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए केंद्र सरकार से अनुमति दिलवाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कहा कि हिमाचल प्रदेश का 68 प्रतिशत भू-भाग वन क्षेत्र है और आपदा में जिन लोगों ने अपनी भूमि गंवाई है, उन्हें विशेष अनुमति के माध्यम से वन भूमि पर पुनर्वासित किया जा सकता है। भाजपा सांसदों को इस विषय में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री नड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा, केंद्र सरकार करेगी पूरी मदद

मंडी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्?डा ने भी दौरा किया। नड्?डा ने जनता से वायदा किया है कि केंद्र सरकार पूरी तरह आपदा प्रभावितों की मदद करेगा। केंद्र सरकार पूरी तरह राज्य सरकार की साथ खड़ी है। पहले भी आपदा में केंद्र सरकार ने भारी मदद की है। इस बार भी जो भी जरुरत होगी, केंद्र सरकार हर संभव मदद करेगी। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार सराज के विकास के लिए केंद्र सरकार को प्रपोजल भेज। वह केंद्र सरकार के पास जाएंगे और आपदा प्रभावितों की मदद के लिए बजट लाएंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रणौत ने भी कहा कि वह केंद्र सरकार से आपदा राहत के लिए विशेष पैकेज के लिए आग्रह करेंगी।

### आपदा से भारी नुकसान, राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी

मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि मंडी जिले में आपदा से भारी नुकसान हुआ है। अभी तक के अनुमान के अनुसार करीब 800 करोड़ से अधिक के नुकसान की रिपोर्ट है। आपदा के कारण अब तक 15 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 27 लोग लापता हैं। आपदा से 1,184 घर, 710 गौशालाएं और 201 दुकानें प्रभावित हुई हैं तथा 780 पशु भी मारे गए हैं। राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सहायता के लिए ज़िला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को 2,657 राशन किट और 3,603 तिरपाल वितरित किए हैं। इसके अतिरिक्त, 17 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जिनमें 677 लोग ठहरे हैं।

---

मुख्यमंत्री ने जापान में आयोजित होने वाली कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकानाएं दीं, कहा-

# इन खिलाड़ियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना समस्त देशवासियों और खिलाड़ियों के लिए गर्व की बात

प्रदेश सरकार राज्य में खेल और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जापान के ओसाका में 15 से 23 जुलाई, 2025 तक आयोजित होने वाली शिटोकाई गोजू-रियू कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 20 सदस्यीय भारतीय दल को अपने अधिकारिक आवास ओक ओवर से शनिवार को रवाना किया। भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इन खिलाड़ियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना समस्त देशवासियों और खिलाड़ियों के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री ने इन खिलाड़ियों के परिश्रम की सराहना करते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन और जीत की कामना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में खेल और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में अनेक पहल की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है ताकि वे और अधिक मेहनत कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित हों।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ऑलम्पिक, पैरालिम्पक और शीतकालीन ऑलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने पर पुरस्कार राशि को 3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं के लिए 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं के लिए एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये किया है। इसी प्रकार एशियन गेम्स और पैरा-एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेताओं को दी जा रही पुरस्कार राशि को 50 लाख से बढ़ाकर 4 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 30 लाख से बढ़ाकर 2.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये किया है।

उन्होंने युवाओं को जीवन में खेलों और अनुशासन को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जा सके और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखा जा सके।

### 20 सदस्यीय दल में 11 शिमला से

कराटे प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले 20 सदस्यीय दल में 11 खिलाड़ी जिला शिमला के बाघी स्थित रूट्स कंट्री स्कूल से हैं तथा शेष खिलाड़ी हिमाचल सहित देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से हैं। इस प्रतियोगिता में भारतीय टीम पांच वर्षों के अंतराल के बाद भाग ले रही है। खिलाड़ियों सहित टीम के हेड कोच सैन्सी अनिल कुमार जिश्टा और सहायक कोच सैन्सी हरि तमंग भी जापान जा रहे हैं। इस अवसर पर रूट्स कंट्री स्कूल के संस्थापक सुनील रोहटा भी उपस्थित थे।

---

# बच्चों ने मुख्यमंत्री से पूछा, हमारे स्कूल कब खुलेंगे

## सुविधाएं तो सब मिल रही हैं मगर हमें अपने घर में रहना है

मुख्यमंत्री बच्चों की बात सुन हुए भावुक

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा



**गोहर 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू उसे वक्त बहुत ही भावुक हो गए जब वो सराज विधानसभा क्षेत्र के बाड़ पंचायत घर और जलशक्ति विभाग की निरीक्षण कुटीर स्थित अनाह गांव के आपदा राहत शिविर का दौरान बच्चों से बात कर रहे थे। बच्चों ने बहुत ही विनम्र व भावुकता के साथ कहा सर हमें शिविर में सुविधा तो सब मिल रही हैं मगर हम अपने घर कब जाएंगे । मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिविर में रह रहे नन्हे बच्चो यहां प्रभावित परिवारों को सांत्वना दी और शिविर में रह रहे प्रभावित बच्चों के साथ लंच किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से आपदा में बह गए उनके घरों के बारे में पूछा। इस दौरान बच्चे मुख्यमंत्री से तपाक से बोले, हमारे स्कूल कब खुलेंगे। बच्चों की यह बात सुनकर मुख्यमंत्री ने डीसी मंडी से जाना कि स्कूल कब तक बंद हैं। डीसी ने उन्हें बताया कि आपदा के कारण 14 जुलाई तक स्कूल बंद रखे गए हैं।

मुख्यमंत्री ने डीसी को हालात की समीक्षा करने के बाद स्कूल खोलने के निर्देश दिए। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह जी ने बच्चों से पूछा कि वे स्कूल जाना चाहते हैं तो सबने हां कहा। इस पर उन्होंने कहा, जल्दी आपके स्कूल खोल दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बातों-बातों में राहत शिविर में सुविधाओं की टोह भी ली। बच्चों ने कहा, कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन वे अपने घर जाना चाहते हैं। रेस्ट हाउस में नहीं रहना चाहते। मुख्यमंत्री बच्चों से बोले कि घर तो अब रहा नहीं फिर कैसे रहेंगे। इस पर बच्चे बोले कि टैंट में रह लेंगे। मुख्यमंत्री ने उन्हें समझाया कि टैंट में नहीं रह सकते।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि वह घर बनाकर देंगे। चिंता नहीं करनी। मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने आसपास बिठाकर खाना खाया व उन्हें सलाद दिया। उनके साथ ढेर सारी बातें कीं, उनसे आपबीती सुनी और अपनेपन का अहसास करवाया। बेटियों ने खाना खाने के बाद कहा कि उन्हें यह लगा ही नहीं कि वे मुख्यमंत्री के साथ बैठकर लंच कर रही थीं। मुख्यमंत्री जी ने उनके साथ बड़े प्यार से बातचीत की और घर, आपदा व पढ़ाई के बारे में जाना।

---

# नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने सेब किसानों को रोग प्रबंधन पर दी सलाह

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 12 जुलाई।** मानसून की शुरुआत के साथ, हिमाचल प्रदेश में सेब के बागीचों में रोगों और कीटों के हमलों के प्रति जागरूकता लाने के लिये डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के वैज्ञानिकों ने शिमला ज़िले के प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों का क्षेत्रीय दौरा और जागरूकता अभियान चलाया। विश्वविद्यालय ने पादप रोग विज्ञान, कीट विज्ञान, फल विज्ञान और अन्य प्रासंगिक विषयों के विशेषज्ञों वाली पांच विशेषज्ञ टीमों का गठन किया है। ये टीमें विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर, क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, मशोबरा और सोलन व शिमला के कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) से ली गई हैं। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर रोग की गंभीरता का आकलन करना और बागवानों को समय पर वैज्ञानिक मार्गदर्शन प्रदान करना है।

**आयोजित क्षेत्रीय दौरेः टीम 1:** डॉ. उषा शर्मा, डॉ. नागेंद्र बुटेल, डॉ. नीना चौहान और डॉ. सुमित वशिष्ठ ने कोटखाई ब्लॉक के कलबोग और रतनारी, चिड़गांव ब्लॉक के बनुटी/देवीधार और संदासली, कुताडा, कोई, सोलंग का दौरा किया।

**टीम 2:** डॉ. दिनेश ठाकुर, डॉ. उपेंद्र शर्मा, डॉ. संगीता शर्मा और डॉ. अजय बरागटा ने रोहड़ू ब्लॉक के टिक्कर और पुजारली, जुब्बल ब्लॉक के नंदपुर का दौरा किया।

**टीम 3:** डॉ. शालिनी वर्मा, डॉ. अजय शर्मा और डॉ. किरण ठाकुर ने कोटखाई के महासू और धरोंक और जुब्बल ब्लॉक के छाजपुर और अंटी में किसानों से बातचीत की।

**टीम 4:** डॉ. आरती शुक्ला, डॉ. प्रमोद वर्मा और डॉ. अनुराग शर्मा ने कोटखाई के चैथला, पांडली और खनेटी और जुब्बल ब्लॉक के मधोल का दौरा किया।

### प्रमुख अवलोकन और सुझाव

अपने दौरे के दौरान, वैज्ञानिकों ने कई बागीचों में अल्टरनेरिया लीफ ब्लॉच और ब्लाइट की उपस्थिति देखी, जिसकी गंभीरता स्थान के अनुसार अलग-अलग पाई गई। यह भी पाया गया कि कई बागवान रसायनों का अत्यधिक उपयोग कर रहे है। कई मामलों में, कीटनाशकों, कवकनाशी, सूक्ष्म पोषक तत्वों और वृद्धि नियामकों को मिक्स हुए पाए गए, जो की एक ऐसी प्रथा जिसकी वैज्ञानिकों ने सख़्त मनाही की है। यह भी देखा गया कि गैर-अनुशंसित कृषि रसायनों का उपयोग किया जा रहा था, और छिड़काव कार्यक्रम का ठीक से पालन नहीं किया जा रहा था। टीमों ने अनुशंसित प्रथाओं का पालन करने के महत्व पर ज़ोर दिया और निम्नलिखित दिशानिर्देश जारी किए : कीटनाशकों को कवकनाशी, सूक्ष्म पोषक तत्वों या वृद्धि नियामकों के साथ न मिलाएँ। केवल अनुशंसित और परीक्षित ब्रांड-नाम वाले कृषि रसायनों का ही उपयोग करें। उचित छिड़काव कार्यक्रम का पालन करें और प्रणालीगत और गैर-प्रणालीगत उत्पादों के बीच रासायनिक चक्र सुनिश्चित करें। बागीचों में, विशेष रूप से पेड़ों के छायादार हिस्से में, आर्द्र सूक्ष्म जलवायु से बचें। कैनोपी में उचित दूरी बनाए रखें और पेड़ की शाखाओं और आस-पास की झाड़ियों को आपस में मिलने से रोकें।

**टीम 5:** डॉ. विकास शर्मा और डॉ. आर.एस. जरियाल ने ठियोग ब्लॉक के मतियाना और महोग और नारकंडा ब्लॉक के थानेदार और मधावनी का दौरा किया।

---

# मुख्यमंत्री ने सुनी गरीब एवं लाचार खोखाधारकों की पुकार : सुनील शर्मा बिट्टू

लगभग 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दुकानों और ग्रामीण हाट का किया शिलान्यास

कहा, नगर निगम हमीरपुर के लिए बनाया गया है 150 करोड़ रुपये की योजना का खाका

अर्थ प्रकाश/सुरेश कश्यप



**हमीरपुर 12 जुलाई।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने शनिवार को यहां बस स्टैंड के निकट लगभग 35 लाख रुपये की लागत से खोखाधारकों के लिए बनने वाली दुकानों और एपीएमसी की अपनी मंडी-ग्रामीण हाट का शिलान्यास किया। इसके बाद रानी झांसी पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गरीब एवं लाचार खोखाधारकों की पुकार सुनते हुए इन्हें पक्की दुकानों की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि इन खोखाधारकों को उजाड़ दिया गया था और इनके पुनर्वास के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी, लेकिन प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री ने इन खोखाधारकों का पुनर्वास सुनिश्चित किया है। इन खोखाधारकों के लिए दुकानों के निर्माण के साथ-साथ मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण हाट बनाने का निर्णय भी लिया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए एक उपयुक्त जगह मिलेगी और इन उत्पादों को अच्छे दाम मिलेंगे।

हमीरपुर में जारी विभिन्न विकास कार्यों की चर्चा करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि नगर निगम का दर्जा मिलने के बाद हमीरपुर शहर के विकास को बल मिलेगा। इसके शुरुआती दौर में लगभग 150 करोड़ रुपए की योजनाओं का खाका तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमीरपुर में प्रदेश के सबसे बड़े बस अड्डे का निर्माण करवा रहे हैं। उन्होंने हमीरपुर के मेडिकल कालेज में कार्डियोलॉजी, नैफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विभागों की स्थापना, जोल सप्पड़ में बन रहे कालेज के नए कैंपस में कैंसर केयर संस्थान, मातृ-शिशु अस्पताल, नर्सिंग कालेज, अत्याधुनिक पैट स्कैन मशीन और रोबोटिक सर्जरी जैसी तकनीक का प्रावधान किया है। इससे लोगों को अपने घर के पास ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि आपदा के समय में मुख्यमंत्री स्वयं आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा करके पीड़ित परिवारों का दुख-दर्द बांट रहे हैं तथा उन्हें प्रदेश सरकार के अपने संसाधनों से त्वरित सहायता प्रदान कर रहे हैं।

### एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार का स्वागत किया

इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार का स्वागत किया तथा दुकानों एवं ग्रामीण हाट के शिलान्यास के लिए आभार व्यक्त किया। खोखाधारक यूनियन, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों और अन्य संस्थाओं ने भी सुनील शर्मा बिट्टू का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश रानी एपीएमसी के सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस भोरंज के निवर्तमान अध्यक्ष विजय बन्याल, पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, ग्राम पंचायत धनेड़ की प्रधान नीलम शर्मा, दिम्मी की प्रधान उषा बन्याल, पूर्ववर्ती नगर परिषद के पार्षद रहे अनिल चौधरी, राजेश चौधरी, अन्य पार्षद एवं मनोनीत पार्षद, संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह किरवीं की चंपा देवी, आरती स्वयं सहायता समूह फरनोल की आशा कुमारी, लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह बकारटी की सीमा देवी, शिवा स्वयं सहायता समूह बकारटी की नीरू देवी, राधेश्याम स्वयं सहायता समूह मसियाणा की सीमा देवी, कान्हा स्वयं सहायता समूह सुजानपुर की नीलम देवी, सन शाईन स्वयं सहायता समूह सुजानपुर की संतोष कुमारी, उजाला स्वयं सहायता समूह रोपा की वंदना देवी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के अपने जिला हमीरपुर के मुख्यालय में अब ग्रामीण हाट बनेगा इसमें महिला मंडल द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को बिक्री करने की विशेष विशेष स्थान उपलब्ध करवाया जा रहा है जहां पर महिलाएं अपने उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाएगी।

---

# बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-2 के लिए केंद्र ने जारी की 20.25 करोड़ की पहली किश्त

हरोली के 22 से अधिक गांवों की 50 हजार कनाल भूमि को मिलेगा सिंचाई लाभ

उपमुख्यमंत्री की 'हर खेत को पानी' पहुंचाने की प्रतिबद्धता का सुफल है यह योजना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 12 जुलाई।** हरोली विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार ने बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-2 के लिए 20.25 करोड़ रुपये की पहली किश्त जारी कर दी है। यह योजना उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दूरदर्शी और सतत प्रयासों का प्रतिफल है, जिसे भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय ने मार्च 2025 में स्वीकृति प्रदान की थी। योजना की कुल लागत 75 करोड़ रुपये है, जिसमें 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेगी।

इस योजना के तहत बीत, पालकवाह, कर्मपुर क्षेत्र के 22 से अधिक गांवों की लगभग 50 हजार कनाल कृषि भूमि को बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया होगी। इससे क्षेत्र की कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है।

बता दें, यह योजना उपमुख्यमंत्री के हर खेत को पानी पहुंचाने की प्रतिबद्धता का सुफल है और उनके दूरदर्शी और लक्षित प्रयासों से संभव हुई है। इस योजना की मंजूरी के लिए उन्होंने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से कई चरणों में बैठकें कीं और हिमाचल प्रदेश का पक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। डीपीआर की स्वीकृति सहित सभी तकनीकी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद अब इसकी पहली किश्त जारी की गई है। उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए राज्य सरकार तथा जलशक्ति विभाग के अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

अग्निहोत्री ने बताया कि इससे पहले बीत क्षेत्र उठाऊ सिंचाई योजना के पहले चरण में 42 करोड़ रुपये की लागत से 9 गांवों की 29 हजार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। उन्होंने कहा कि बीत क्षेत्र एक समय गंभीर जल संकट से जूझ रहा था, लेकिन अब यहां नगदी फसलों का उत्पादन बढ़ा है और किसान कृषि कार्यों में पुनः सक्रिय हुए हैं। जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल नहीं पहुंचे हैं, वहां नई योजना के माध्यम से जल उपलब्ध करवाया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर खेत को पानी और हर किसान को राहत पहुंचाना है। इस दिशा में हम योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं और परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली क्षेत्र में जल आपूर्ति और सिंचाई क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं पर कुल 325 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किया जा रहा है। इनमें बीत क्षेत्र में 66 करोड़ रुपये की योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। पोलियां में 50 लाख लीटर और दुलैहड़ में 25 लाख लीटर जल संग्रहण क्षमता वाले टैंक तैयार किए गए हैं। पाइपलाइन विस्तार कार्य भी पूर्णता की ओर है। बल्क ड्रग पार्क के लिए पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था की गई है।

इसके अतिरिक्त, पुराने तालाबों व टोबों की रिचार्जिंग के लिए 12 करोड़ रुपये, पेयजल योजनाओं पर 105 करोड़ रुपये और सिंचाई परियोजनाओं पर 130 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में नालों के तटीकरण पर भी 13 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं।

---

### पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के कथन पर सहमति प्रकट की

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई, 12 जुलाई।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी की राज्य समन्वय समिति के सदस्य रामलाल ठाकुर ने उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के उस कथन से सहमति प्रकट की है जिसमें उन्होने कहा है कि 'मौजूदा राजनैतिक माहौल लोक तंत्र के लिए ठीक नहीं है'। रामलाल ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वास्तव में यदि ऐसा माहौल बना है तो उसके लिए भाजपा नेता स्वयं उत्तर्दाई हैं जो ऐसे प्रश्न उठाते हैं जो लोकतन्त्र को कमजोर करने वाले लगते हैं। उन्होने कहा कि जगदीप धनखड़ एक वरिष्ठ ऐडवोकेट रहे हैं और वे एक बहुत ही सम्माननीय संवेधानिक पद पर विराजमान हैं किन्तु यह प्रथम बार है कि जाने ङ्गअंजाने में वे भाजपा की सोच के अनुरूप कई बार ऐसे मुद्दे उठा देते हैं जिनका विरोध पक्ष द्वारा उत्तर दिया जाना एक लोकतंत्रीय दाईत्व बन जाता है और वे इस इतने ऊंचे पद को विवाद में डाल देते हैं।

---

# भोरंज में बूथ लेवल अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण : एसडीएम शशिपाल शर्मा

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**हमीरपुर, 12 जुलाई।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फोटोयुक्त मतदाता सूची के सत्यापन की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत भोरंज में उपमंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशिपाल शर्मा ने की। कार्यशाला में भोरंज विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर शशिपाल शर्मा ने बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाता विवरण का सत्यापन, नाम जोड़ना, हटाना, संशोधन एवं मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि सटीक, नवीनतम और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है। इसकी जिम्मेदारी बीएलओ के कंधों पर होती है। इन अधिकारियों को निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा और दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हुए सभी कार्यों को गंभीरता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न किया जाए। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान उपमंडल निर्वाचन कार्यालय की इलेक्शन कानूनगो ट्विंकल ठाकुर ने बीएलओ को विभिन्न फॉर्म भरने की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के उपयोग तथा नवीनतम डिजिटल प्रक्रियाओं से अवगत करवाया। कार्यशाला के समापन पर सभी उपस्थित अधिकारियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने तथा निष्पक्ष व त्रुटिरहित पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर निर्वाचन कार्यालय भोरंज के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# स्टॉक मार्केटिंग के नाम पर 1 करोड 61 लाख की ठगी में मामले में 3 आरोपी और गिरफ्तार, अब तक कुल 5 गिरफ्तार

## खातो की जानकारी, व्हाट्सअप चैट व डिजिटल साक्ष्यों की मदद से पकड़ में आए आरोपी, रिमांड के दौरान पूछताछ जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। स्टॉक मार्केटिंग के नाम पर 1 करोड़ 61 लाख रुपये की ठगी के मामले में पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह की टीम ने मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए ठगों की पहचान, खातों की जानकारी, व्हाट्सएप चैट और डिजिटल साक्ष्यों को एकत्रित कर ठोस सबूतों के आधार पर गिरफ्तारी की है।

मामले में शिकायतकर्ता अजय गिल निवासी पंचकूला ने बताया था कि वह एक एकेडमी चलाता है और 1 अप्रैल को उसे फेसबुक के माध्यम से एक लिंक मिला, जिसके जरिए उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप में स्टॉक मार्केटिंग में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा दिया गया और धीरे-धीरे अलग-अलग समय पर कुल 1 करोड़ 61 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। इस दौरान पीड़ित और उसकी पत्नी के आधार कार्ड का भी गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया।

पुलिस ने अजय गिल की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420, 467, 468, 471 और 120बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान जनवरी 2025 में पुलिस ने पहले आरोपी कुशदीप निवासी लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया था, जिसके खाते में



ठगी की रकम गई थी। पुलिस ने उससे रिमांड के दौरान 90 हजार रुपये की ठगी की रकम और वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन बरामद किया और बाद में उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मई 2025 में पुलिस ने कुशदीप के साथ काम करने वाले रजत गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया था। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर अभिषेक छिल्लर द्वारा की जा रही है।

अब इसी मामले में 10 जुलाई को साइबर क्राइम थाना टीम ने तीन और आरोपियों सुमित, मंजीत, दोनों निवासी गांव सिसराना, जिला सोनीपत और प्रदीप निवासी थानाकलां, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने सुमित और मंजीत को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि प्रदीप को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है ताकि अन्य आरोपियों और ठगी के नेटवर्क की गहराई से जांच की जा सके।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने आम जनता से अपील की है कि स्टॉक मार्केटिंग और सोशल मीडिया के माध्यम से मिलने वाले भ्रामक लिंक या मुनाफे के लालच में न आएं। साइबर ठग काफी सक्रिय हैं और आमजन को बहला-फुसलाकर लाखों रुपये की ठगी कर रहे हैं। यदि किसी के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी हो, तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या नजदीकी पुलिस स्टेशन में सूचना दें।

# पंचकूला व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने डीसीपी से की मुलाकात

फुटपाथों, बाजारों के किनारे अवैध तरीके से रह रहे लोगों की पहचान करने की अपील की, डीसीपी ने तुरंत आदेश देकर चलवाया चैकिंग अभियान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पंचकूला व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता से औपचारिक मुलाकात की। इस बैठक में पंचकूला व्यापार मंडल के प्रधान अनिल थापर, सचिव रवि बंसल, उपप्रधान राकेश गोयल, संयुक्त सचिव राज मित्तल सहित अन्य व्यापारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान व्यापारियों ने डीसीपी के समक्ष यह मुद्दा उठाया कि शहर में फुटपाथों, बाजारों के किनारे और विभिन्न सेक्टरों से सटे इलाकों में कुछ ऐसे लोग रह रहे हैं, जिनकी पहचान स्पष्ट नहीं है और जिनमें अधिकांश भिखारी शामिल हैं। यह स्थिति न केवल व्यापारिक गतिविधियों में व्यवधान उत्पन्न कर रही है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंता का विषय बन चुकी है।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने तुरंत इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे फुटपाथों और बाजारों के किनारे रह रहे अज्ञात व्यक्तियों का वेरिफिकेशन विशेष अभियान के तहत तत्काल शुरू करें। इस कार्रवाई में राइडर, ईआरवी और पीसीआर टीमों की मदद ली जा रही है। डीसीपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यह जानकारी जुटाई जाए कि ये लोग कहां से आए हैं, कितने समय से यहां रह रहे हैं और उनकी आजीविका का साधन क्या है। डीसीपी ने बताया कि यह कदम शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक है और इसकी चर्चा उन्होंने हाल ही में हुई क्राइम मीटिंग में भी की थी। निर्देश मिलते ही पुलिस टीमों ने संबंधित क्षेत्रों में वेरिफिकेशन व जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 0172-2582100 अथवा 75083-24900 पर सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। इसके अतिरिक्त डीसीपी सृष्टि गुप्ता के आदेशानुसार आज सुबह सेक्टर-14 थाना व सेक्टर-16 पुलिस चौकी की टीमों ने इंदिरा कॉलोनी व बुढ़नपुर क्षेत्रों में जुआ, अवैध शराब और नशा तस्करी जैसे अपराधों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान डॉग स्कवॉड, राइडर, पीसीआर व ईआरवी टीमों को साथ लेकर व्यापक तलाशी ली गई। डीसीपी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नशा व तस्करी जैसे अपराधों में लिप्त लोगों के मन में पुलिस का इतना भय होना चाहिए कि वे या तो पंचकूला छोड़ दें या अपराध करना बंद करें।

# भजन सम्राट कन्हैया मित्तल करेंगे नेतृत्व: श्री बालाजी संघ द्वारा 13 जुलाई को निकलेगी भव्य पैदल यात्रा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** श्री बालाजी संघ (रजि.), चंडीगढ़ के तत्वावधान में आगामी 13 जुलाई, रविवार को एक विशाल भक्ति पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक यात्रा सुबह 7 बजे सेक्टर 32-डी स्थित सनातन धर्म मंदिर से प्रारंभ होकर श्रद्धालुओं को माता मनसा देवी मंदिर तक ले जाई जाएगी। इस पदयात्रा का नेतृत्व प्रख्यात भजन सम्राट कन्हैया मित्तल करेंगे, जो अपने भावपूर्ण भजनों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह भजन, कीर्तन और धार्मिक झांकियां भी निकाली जाएंगी, जो संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग देंगी। श्री बालाजी संघ के आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे समय पर पहुँचकर अनुशासन और श्रद्धा के साथ इस आयोजन में सहभागी बनें। यह यात्रा न केवल आस्था का प्रतीक होगी, बल्कि सामाजिक एकता और धार्मिक सौहार्द का संदेश भी देगी।

# जीएमएसएसएस-35 चंडीगढ़ के निशानेबाज प्रिंस शर्मा ने नेशनल में सिल्वर मेडल जीतकर चंडीगढ़ का किया नाम रौशन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। जीएमएसएसएस-35 चंडीगढ़ के निशानेबाज प्रिंस शर्मा को स्कूल प्रिंसीपल ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। चंडीगढ़-गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल सेक्टर 35डी चंडीगढ़ के निशानेबाज प्रिंस शर्मा ने अभी हाल ही में एक जून से लेकर 6 जून तक देहरादून में नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित ओपन नेशनल कॉम्पिटिशन की युथ कैटेगरी के 25 मीटर पिस्टल (.22 बोर) इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर चंडीगढ़ का नाम रौशन किया। आज प्रिंस के स्कूल पहुँचने पर स्कूल की प्रिंसीपल निर्दोष कुमारी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं स्कूल के निशानेबाज द्वारा मेडल जीतने पर प्रिंसिपल ने स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर कुलदीप मेहरा को बधाई दी।

चंडीगढ़ में पहली बार हुई प्रेस सेवा पोर्टल पर हाइब्रिड कार्यशाला

# प्रेस पंजीकरण में आएगी पारदर्शिता : योगेश बवेजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारत के प्रेस रजिस्ट्रार जनरल (पीआरजी आई) योगेश कुमार बवेजा ने शनिवार को यूटी गेस्ट हाउस, चंडीगढ़ में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ क्षेत्र के समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण हाइब्रिड कार्यशाला का नेतृत्व किया। यह कार्यशाला प्रेस सेवा पोर्टल और प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण अधिनियम, 2023 पर केंद्रित रही, जिसका उद्देश्य पंजीकरण से जुड़ी प्रक्रियाओं को डिजिटल माध्यम से पारदर्शी और सरल बनाना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री बावेजा ने कहा कि सेवा पोर्टल के माध्यम से प्रकाशकों को अब पंजीकरण से जुड़े सभी कार्य ऑनलाइन मिल सकेंगे। इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि प्रक्रिया में पारदर्शिता और कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब प्रकाशक



किसी भी प्रकार की जटिलताओं के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर काटने से बचेंगे। यह व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल, सुलभ और जवाबदेह होगी।

**समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान:** इस कार्यशाला की खास बात यह रही कि महापंजीयक ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आए प्रकाशकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और कई मुद्दों का समाधान मौके पर ही किया गया। इससे उपस्थित प्रतिनिधियों को सरकार की तत्परता और सहयोग का स्पष्ट अनुभव हुआ।

उप प्रेस रजिस्ट्रार आशुतोष मोहले ने इस दौरान एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रेस एवं पत्रिका पंजीकरण अधिनियम, 2023 की मुख्य विशेषताओं और नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह नया अधिनियम पुराने कानून को संशोधित कर लाया गया है ताकि पंजीकरण प्रक्रिया और अधिक संगठित, निष्पक्ष और पारदर्शी हो सके। प्रेस सूचना ब्यूरो चंडीगढ़ के अपर महानिदेशक विवेक वैभव ने इस कार्यशाला का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यशाला चंडीगढ़ में पहली बार आयोजित की गई है और यह पूरे उत्तर भारत के समाचार पत्र प्रतिनिधियों के लिए मार्गदर्शक साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन मीडिया एवं जनसंचार अधिकारी अहमद खान ने किया और सहायक निदेशक श्रीमती शीनम जैन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**'सरकार आपके द्वार' अखबार मालिकों की समस्याएं अब होंगी त्वरित हल**

कार्यशाला के दौरान श्री बवेजा ने कहा कि केंद्र सरकार समाचार पत्र उद्योग से जुड़ी समस्याओं को लेकर अब स्वयं उनके द्वार तक पहुंच रही है। 'जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान सरकार प्राथमिकता से कराएगी,' — उन्होंने पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से जुड़े समाचार पत्र मालिकों के साथ साझा किया, जो ऑनलाइन बैठक के माध्यम से इस संवाद में शामिल हुए।

**प्रतिनिधियों की मांग- भविष्य में भी हो ऐसे आयोजन**

कार्यशाला के अंत में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने पीआरजीआई का आभार व्यक्त करते हुए यह अनुरोध किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से किया जाए, ताकि प्रकाशकों की समस्याओं का त्वरित समाधान मिलता रहे।

# पॉक्सो एक्ट के तहत युवक गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। थाना रायपुर रानी में दर्ज एक गंभीर मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला एक परिवार रोज़गार की तलाश में पंचकूला में रह रहा है। बीती 16 जून को पीड़ित नाबालिक के पिता ने थाना रायपुर रानी में मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को पड़ोस में रहने वाला एक युवक, जो कि स्वयं भी उत्तर प्रदेश का निवासी है और अभी पंचकूला में रह रहा है, शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी युवक को काबू कर बीती 8 जुलाई को पीड़िता को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

पीड़िता की मानसिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा उसकी लीगल एड काउंसलर से काउंसलिंग करवाई गई, ताकि उसे कानूनी और मानसिक रूप से उचित सहायता मिल सके। मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 96 और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने मामले में त्वरित कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम, विशेषकर जांच अधिकारी एएसआई अनीता की सराहना की है और कहा है कि पंचकूला पुलिस महिला व बाल सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सजग है और ऐसे अपराधों में कोई भी ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# ओबीसी संगठन के सहायक महामंत्री संजीव कुमार का अमृतसर वर्कशॉप दौरा, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** ओबीसी संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों के तहत सहायक महामंत्री संजीव कुमार जी ने अमृतसर वर्कशॉप का दौरा किया एवं वहां की गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ लखनऊ से कारखाना मंडल संगठन सचिव राजीव कुमार जी, सहायक सचिव मनोज कुमार जी तथा कालका से ओबीसी संस्थापक सदस्य प्रदीप कुमार जी एवं शाखा अध्यक्ष शशांक जी भी मौजूद रहे। अमृतसर वर्कशॉप पहुंचने पर ओबीसी अमृतसर वर्कशॉप ब्रांच के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सहायक महामंत्री श्री संजीव कुमार जी समेत सभी अतिथियों का गर्मजोशी से फूल-मालाएं एवं सिरोपा पहनाकर स्वागत, सम्मान और अभिनंदन किया गया। संजीव कुमार जी ने भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान श्री संजीव कुमार जी ने संगठन की 3डी योजना को कार्यान्वित करने पर जोर देते हुए सभी को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी बिना किसी भेदभाव के एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें। यदि किसी को कोई समस्या हो तो उसे संगठन के सामने बेझिझक रखें, उसका समाधान अवश्य किया जाएगा।



इसके उपरांत सहायक महामंत्री संजीव कुमार जी ने अमृतसर कृष्ण कुमार जी एवं महेश कुमार भारद्वाज जी के साथ एक बैठक की। बैठक की शुरुआत में उन्हें सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस बैठक में संगठन और कर्मचारियों के हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक सफलतापूर्वक एवं सकारात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन सचिव राजीव कुमार, कारखाना सहायक सचिव मनोज कुमार, कालका से संस्थापक सदस्य प्रदीप कुमार, शाखा अध्यक्ष श्री शशांक जी, अमृतसर से शाखा अध्यक्ष तनवीर सिंह, सचिव श्री हरदेव सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप सिंह, उपाध्यक्ष श्री गुरजिंदर सिंह, लेखा परीक्षक राम सिंह और सहायक सचिव श्री अंकित भी मौजूद रहे।

# सैक्रेड हार्ट स्कूल में आधार बायोमेट्रिक अपडेट शिविर, 300 से अधिक छात्रों ने कराया अपडेट

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित सैक्रेड हार्ट स्कूल में एक विशेष आधार बायोमेट्रिक अपडेट शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य उन बच्चों के आधार विवरण को अपडेट करना था, जिनकी उम्र 5 या 15 वर्ष पूरी हो चुकी है और जिनका अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है।

यह शिविर यूआईडीएआई द्वारा आधार सेवा केंद्र, शिक्षा विभाग और आईटी विभाग, यूटी चंडीगढ़ के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया। खास बात यह रही कि शिविर का आयोजन स्कूल में चल रही अभिभावक-शिक्षक बैठक के साथ किया गया, जिससे बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र मौजूद रहे और उन्हें एमबीयू सेवा का लाभ लेने में सुविधा हुई। शिविर में 300 से



अधिक छात्रों ने अपने आधार कार्ड का बायोमेट्रिक अपडेट कराया। अधिकारियों के अनुसार, यह पहल चंडीगढ़ में चल रहे उस बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य यूटी में बायोमेट्रिक अपडेट के लंबित मामलों को शीघ्रता से पूरा करना है। बता दें कि यूटी चंडीगढ़ में लगभग 1.14 लाख बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अब भी लंबित है। 5 और 15 साल की उम्र पूरी करने पर बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट कराना जरूरी होता है, जिससे उनकी पहचान और आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया सटीक बनी रहे। अधिकारियों का कहना है कि अपडेटेड आधार कार्ड से न केवल छात्रों की शैक्षणिक पहचान सुनिश्चित होती है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्तियों और कई अन्य सेवाओं में भी लाभ मिलता है। शहरवासियों की सुविधा के लिए यह सेवा अब चयनित बैंकों, डाकघरों, आधार सेवा केंद्रों और संपर्क केंद्रों पर भी उपलब्ध है।

# अशिवी शर्मा आज संभालेंगे भाजपा पंजाब का कार्यभार

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** आर्दश नगर नयागांव में एक बैठक में भाजपा पंजाब लीगल सेल के संयोजक एन.के. वर्मा ने कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता और पठानकोट से विधायक, अश्विनी शर्मा को हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वह रविवार, 13 जुलाई को सुबह 11 बजे चंडीगढ़ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आधिकारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, पंजाब भर से भाजपा कार्यकर्ताओं के चंडीगढ़ में बड़ी संख्या में एकत्रित होने की उम्मीद है। पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह की एक प्रबल लहर है और यह आयोजन संगठन की शक्ति, एकता और ऊर्जा का प्रदर्शन करेगा। भाजपा लीगल सेल में भी उत्साह की एक विशेष लहर देखी जा रही है। लीगल सेल से जुड़े वकीलों ने शर्मा की नियुक्ति पर अपार प्रसन्नता व्यक्त की है। इस अवसर पर, भाजपा पंजाब लीगल सेल के संयोजक श्री एन.के. वर्मा ने कहा कि राज्य भर से वकील श्री शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए प्रदेश कार्यालय पहुँच रहे हैं। उन्होंने इसे पार्टी के प्रति विधिक बिरादरी के समर्पण और सक्रिय भागीदारी का परिचायक बताया। श्री वर्मा ने आगे कहा कि विधिक लीगल सेल को श्री शर्मा के नेतृत्व से बहुत उम्मीदें हैं और उनके कार्यकाल से लीगल सेल के कामकाज को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है। पार्टी नेतृत्व ने सभी सदस्यों और पदाधिकारियों से समय पर पहुँच कर गरिमा और अनुशासन के साथ स्वागत समारोह में भाग लेने की अपील की है।



# सेक्टर 26 अनाज मंडी में मनीष तिवारी व एच.एस. लक्की का भव्य स्वागत, व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की सेक्टर 26 स्थित अनाज मंडी एसोसिएशन ने आज सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे बाजार में उत्साह का माहौल था, जहां बड़ी संख्या में व्यापारी और एसोसिएशन के पदाधिकारी इन वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से मिलने पहुंचे। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित सूद एवं अन्य पदाधिकारियों ने मंडी में व्यापारियों और दुकानदारों को आ रही समस्याओं पर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। मुख्य मुद्दों में सफाई की स्थिति, खराब होती आधारभूत संरचना, नोटिसों का डर, अधिक म्युनिसिपल शुल्क, पार्किंग की कमी, सुरक्षा और अधिकारियों द्वारा नियमों की आड़ में की जा रही लगातार परेशानियों को शामिल किया गया।

शाम को दोनों नेताओं ने दो और संवाद कार्यक्रमों में भाग लिया – एक सेक्टर 38 स्थित वूल मार्केट में, जिसे मनीष लांबा ने आयोजित



फोटोः अजय चौधरी

किया, और दूसरा मौली जागरण कॉलोनी में, जिसका आयोजन लेखपाल ने किया। दोनों स्थानों पर दुकानदारों, रेहड़ी वालों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याएं साझा कीं। इनमें बुनियादी सुविधाओं की कमी, गंदगी और बढ़ती कानून व्यवस्था की चिंताएं प्रमुख रहीं। मनीष तिवारी और एच.एस. लक्की ने सभी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी जनता के साथ खड़ी है और उनके हक की लड़ाई हर मंच पर लड़ेगी।

सांसद मनीष तिवारी ने अपने संबोधन में कहा हमारे बाजारों और कॉलोनियों की स्थिति प्रशासन की प्राथमिकताओं को दर्शाती है। दुर्भाग्य से भाजपा सरकार ने इन दोनों को ही नजरअंदाज कर दिया है। किसी भी जन प्रतिनिधि सरकार का कर्तव्य होता है कि वह व्यापारियों, छोटे दुकानदारों और आम नागरिकों को सहायता प्रदान करे, न कि उन्हें डराए या परेशान करे। कांग्रेस पार्टी आपके हक की आवाज हर मंच पर बुलंद करेगी और आपके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी।

इस अवसर पर प्रमुख व्यक्तियों में डी.पी. रंधावा, पूर्व मेयर राजकुमार गोयल, संजीव चड्ढा, कृष्ण बवेजा, राजकुमार गुप्ता, भीम सेन अग्रवाल, यैंकी कालिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। एच.एस. लक्की, अध्यक्ष, चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा चाहे सेक्टर 26 हो या मौली जागरण – एक बात स्पष्ट है कि लोग प्रशासनिक उपेक्षा और रोज़मर्रा की बढ़ती परेशानियों से त्रस्त हैं। व्यापारी हों, मजदूर हों या आम नागरिक – सभी ईमानदार प्रशासन और लालफीताशाही से राहत की उम्मीद कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जनता के साथ है और ज़मीन से लेकर सत्ता के गलियारों तक उनकी आवाज उठाती रहेगी।

मनीष तिवारी ने सेक्टर 26 अनाज मंडी में सुरक्षा कैमरों की स्थापना के लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना से 10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। तीनों कार्यक्रमों में भारी संख्या में लोगों की भागीदारी देखी गई, जो कांग्रेस नेतृत्व में जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

# लायंस क्लब चंडीगढ़ होस्ट ने बांटे फूड पैकेट्स



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** लायंस क्लब चंडीगढ़ (होस्ट) द्वारा आज 'हंगर' सेवा परियोजना का आयोजन गवर्नमेंट मेडिकल स्पेशलिटी हॉस्पिटल, सेक्टर 16, चंडीगढ़ में किया गया, जिसमें लगभग 300 जरूरतमंद लोगों को फूड पैकेट्स वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में लायन एच.एस. अटवाल (अध्यक्ष), लायन जगदीश कुमार (सचिव), लायन एम.एस. संधू, लायन आर.के. बंसल, लायन ए.के. अग्रवाल, लायन अरुण आनंद, लायन आर्यन आनंद, लायन वीना कुमार, लायन संदीप सिंह और लायन सुरिंदर शर्मा ने भाग लिया।

# गढ़वाल सभा नयागांव के चुनाव आज मतदान को लेकर बुरांश टीम ने की अपील



अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** गढ़वाल सभा(रजि) नयागांव ( मोहाली) के समस्त नयागांव गठबंधन, मतदाताओं एवं क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील करता है कि जैसा कि आप सभी को विदित है कि आज दिनांक 13 जुलाई दिन रविवार को गढ़वाल सभा नयागांव के चुनाव सम्पन्न होने जा रहे हैं। आज इस चुनाव में दो टीमों के बीच चुनाव हो रहा है। चुनाव का समय सुबह 8 बजे से सायं 5 तक होना निश्चित हुआ है, इस लोकतांत्रिक पर्व में आप सभी मतदाताओं से चुनाव चिन्ह बुरांश टीम निवेदन करता है कि आप,अपने अमूल्य मत का प्रयोग चुनाव चिन्ह बुरांश टीम के प्रधान पद के उम्मीदवार ज्योति भट्ट ग्रुप को अवश्य करें और चुनाव अधिकारी द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवधान रहित रूप से संपन्न हो सके। कृपया किसी भी प्रकार के प्रलोभन अथवा दबाव में आकर अनुचित कार्य, जैसे फर्जी मतदान अथवा अनुशासनहीनता, का प्रयास न करें। सशक्त गढ़वाल सभा(रजि) नयागांव ( मोहाली)के निर्माण हेतु एक ईमानदार, निष्ठावान और कर्मठ टीम का चयन करें। आपका एक मत परिवर्तन की दिशा तय कर सकता है। आपका सहयोग ही हमारी ताकत है।

कैबिनेट मंत्री ने गांव मोहाना में किया बाबा सुमर नाथ अनुसंधान एवं वेलनेस सेंटर का किया शिलान्यास

# स्वास्थ्य सिद्धि के रूप में शुरू की गई पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में होगी मील का पत्थर साबित: अरविंद शर्मा

देश में आयुष्मान भारत योजना तथा प्रदेश में चिरायु योजना के तहत गरीब व्यक्ति अच्छे अस्पतालों में करवा रहे है मुफ्त ईलाज

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शनिवार को मोहाना स्थित बाबा नैना नाथ जी डेरे में बनाए जा रहे बाबा सुमर नाथ अनुसंधान एवं वेलनेस सेंटर का बतौर मुख्यातिथि शिलान्यास किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिवा ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य सिद्धि के रूप में शुरू की गई पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यह केन्द्र समाज कल्याण, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक शोध के क्षेत्र में कार्य करेगा, जिससे स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी पुरानी पंरपरा व संस्कृति दोबारा जीवित होगी।

उन्होंने कहा कि पुराने समय में भारत में प्राकृतिक व आयुर्वेदिक चिकित्सा से ही लोगों का ईलाज किया जाता था जो हमारे देश में एक पहचान थी। उन्होंने कहा कि इसी पहचान को दोबारा जीवित रखने के लिए हरियाणा सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में अहम कदम उठा रही है।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पहले गरीब लोगों के मन में एक ही शंका रहती थी कि अगर वे बीमार हो गए तो उनका बिना पैसे के कैसे ईलाज हो सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब लोगों की इसी शंका व चिंता को खत्म करने के लिए देश का प्रधानमंत्री बनते हुए देश में आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की, जिसकी मदद से गरीब व्यक्ति भी जरूरत पड़ने पर अपना ईलाज अच्छे अस्पतालों में करवा सकता है। इस योजना के शुरू होने से अब किसी भी गरीब व्यक्ति को अपने ईलाज की कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने कहा कि इसी योजना के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने एक और कदम उठाते हुए प्रदेश में चिरायु योजना की शुरूआत की, जिसके तहत आयुष्मान भारत के तहत कवर होने वाले 01 लाख 20 हजार आय वाले परिवारों के अलावा अब चिरायु योजना के तहत 01 लाख 80 हजार रूपये आय वाले गरीब परिवार भी चिरायु योजना के तहत 05 लाख रूपये तक का ईलाज मुफ्त में करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार अंत्योदय उत्थान की भावना से हर गरीब व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रही है चाहे वो गरीब व्यक्ति को मुफ्त में राशन देने की बात हो या गरीब लोगों को मुफ्त में आवास देने की बात हो या मुफ्त में स्वास्थ्य सुविधाएं देने की बात हो।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोहाना बिजेन्द्र मलिक, नरेन्द्र गहलावत, राकेश शर्मा, गोहाना के सरपंच नरेन्द्र, मोनू बागडू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# खेड़ी तगा में 45 लाख से बने तीन रास्तों का विधायक कादियान ने किया उद्घाटन



अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान ने शनिवार को खेड़ी तगा गांव में तीन नए रास्तों का उद्घाटन किया। नारियल फोड़कर इन रास्तों को जनता को समर्पित किया गया। इनका निर्माण करीब 45 लाख रुपए की लागत से हुआ है।पहला रास्ता दातौली रोड से बैरागी वाले रास्ते तक बना है। इसकी लागत 13.50 लाख रुपए आई। दूसरा रास्ता सनपेड़ा रोड पर पूर्व सरपंच राकेश के खेत से लेकर अशोक त्यागी के खेत तक बना है। इस पर 13.25 लाख रुपए खर्च हुए। तीसरा रास्ता बेगा वाली सड़क पर सीताराम के खेत से नाथूराम त्यागी के खेत तक बना है। इसकी लागत 18 लाख रुपए रही।

गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से विधायक कादियान का स्वागत किया। लोगों ने रास्तों के निर्माण के लिए आभार जताया। विधायक ने कहा कि हलके में विकास की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किए जा रहे हैं। जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।कादियान ने कहा कि वर्षों से उपेक्षित रास्तों को अब धरातल पर उतारा जा रहा है। जनसमस्याओं के समाधान में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है। विकास के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस मौके पर बीडीपीओ राजेश टिवाना, पंचायती राज एसडीओ विपुल छौक्कर, सेक्रेटरी सुशील आंतिल, ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार, वाइस चेयरमैन अरुण शर्मा, सरपंच मोनू, अजय, हैप्पी त्यागी, अंकुश त्यागी, बिल्लू त्यागी और सुरेंद्र मौजूद रहे।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने नशीले पदार्थो की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे अनमोल वासी अम्बाला को काबू करके उसके कब्जे से 100 ग्राम अफीम/हैरोइन बरामद की। पुलिस टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी हरीकिशोर वासी अम्बाला को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 11 जुलाई 2025 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्गनिर्देश में पीएसआई राहुल कुमार,जसबीर सिंह, मुख्य सिपाही नरेश कुमार संदीप कुमार व गा?ी चालक सहायक उप निरीक्षक कृपाल सिंह की टीम एनएच-44 शाहबाद बराडा पुल के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अनमोल वासी अम्बाला अफीम/हैरोईन बेचने का काम करता हैं। आज भी स्कूटी नंबर एचआर-85-जी-1018 से साहा-शाहबाद रोड से होते कुरुक्षेत्र एरिया में अफीम/हैरोइन बेचने के लिए जाएगा।

सोनीपत में मेयर राजीव जैन ने दिखाई रोड स्वीपिंग मशीन को हरी झंडी

# वायु गुणवत्ता आयोग की मदद से मिली 70 लाख की सफाई मशीन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने झंडी दिखाकर रोड स्वीपिंग मशीन की शुरुआत की, यह मशीन केंद्र के प्रदूषण विभाग के तहत काम कर रहे वायु गुणवत्ता प्रबंधन कमीशन द्वारा (सी ए क्यूं एम) द्वारा उपलब्ध करवाई है जिस पर 70 लाख रुपए की लागत आई है।

राजीव जैन ने बताया कि इससे पहले कमिशन ने 16 लाख रुपए की लागत से धूल मिट्टी को दबाने हेतु पानी छिड़काव के लिए दो ट्रैक्टर टैंकर उपलब्ध करवाये हैं। कमीशन द्वारा विशेषकर सर्दियों के मौसम में वायु की गुणवत्ता में सुधार रहे इसके लिए एंटी स्मोक गन उपलब्ध करवाई जाएगी। मेयर ने बताया कि पहले भी सड़क सफाई के लिए दो मशीन चलाई जा रही है जो मुख्य सड़कों के किनारो से धूल मिट्टी साफ करती हैं। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है इसके लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

राजीव जैन ने जानकी दास स्कूल से प्रेम नगर टिल्ला तथा कालूपुर गांव में स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ सोनीपत अभियान के तहत सघन सफाई अभियान चलाया और कहा कि हर नागरिक को सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ का नारा ध्यान में रखना चाहिए। सफाई अभियान में पार्षद सुरेंद्र मदान व मोनिका नागर, एडवोकेट नकीन मेहरा, जोगेंद्र, वेद कालूपर शैलेंद्र तोमर, सुरजीत दहिया, विकास तिवारी, अनिल ग्रोवर, कृष्ण कुमार, राजेश वर्मा, सूरत जोगी, भोलू समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद कैथल शाखा ने मनाया 62वां स्थापना दिवस

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल।** भारत विकास परिषद कैथल शाखा ने अपने 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर परिषद ने पटवार भवन के सामने देसी घी का हलवा और छोले का भंडारा लगाया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के साथ हुई, जिसके बाद लगभग 1600 राहगीरों को देसी घी का हलवा और छोले का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। परिषद का उद्देश्य समाज के विकास में योगदान देना और लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। इस दिशा में परिषद विभिन्न कार्यक्रमों और परियोजनाओं का आयोजन समय-समय पर करती रहती है। इस अवसर पर परिषद के प्रधान अश्वनी अग्रवाल, शाखा सचिव सतपाल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष जयपाल गुप्ता, परिषद के सदस्य राजकुमार जिंदल, राजकुमार मित्तल, हरीश चावला, अशोक गुप्ता, सतपाल धीमान, रामेश्वर धीमान, अभिषेक गोयल, नरेश मित्तल, प्रदीप शर्मा एडवोकेट, संजीवा शर्मा, सुरेश डोलिया, साहिल गोयल, रमेश बंसल आदि सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक रमेश अग्रवाल और सहसंयोजक नरेश गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 34 हजार 937 मुकदमों का आपसी सहमति से निपटारा

14 करोड़ 59 लाख 627 रूपये की राशि का निपटान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी




सोनीपत। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष वाणी गोपाल शर्मा के निर्देशन में शनिवार को सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, व खरखौदा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान आपसी सहमति से 34 हजार 937 मुकदमों का निपटारा करवाया गया, जिससे 14 करोड़ 59 लाख 627 रूपये की राशि का निपटान हुआ।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम मामलों के 45 केसों का निपटारा किया गया, जिसमें वादियों का 01 करोड़ 66 लाख 68 हजार 119 रूपये की समझौता राशि का निपटारा किया गया। इसके अलावा 18 हजार 277 चालानों का निपटारा किया गया, जिससे 02 करोड़ 29 लाख 35 हजार 523 रुपये की राशि वसूली गई। इसके अलावा फौजदारी के 180 केसों का निपटान किया गया। इसके साथ ही 620 सिविल केस, 136 वैवाहिक विवाद संबंधी, 620 चेक बाउंस संबंधित केस का निपटान किया गया, जिससे 01 करोड़ 12 लाख 33 हजार 760 रूपये की राशि का निस्तारण किया गया। जिला एडीआर सेंटर में स्थाई लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न बैंकों के बैंक रिकवरी से संबंधित 100 केसों का निपटान किया गया।

डीएलएसए सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायधीश नरेंद्र सिंह, प्रिंसिपल जज (फॅमिली कोर्ट) ललिता पटवर्धन, अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायधीश अशोक कुमार मान, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सोनीपत सुषमा, जैस्मीन प्रीत कौर व अर्शबीर कौर संधू, उपमंडल स्तर पर अविनाश यादव, एसडीजेएम गोहाना, मानसी गौर, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी गनौर, सूर्य करण चौधरी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी खरखौदा की बेंचो के द्वारा केसों का निपटारा किया गया।

इसके अलावा पुलिस विभाग (कमिश्नर कार्यालय) व जिला राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा, खानपुर व् राई की बेंचो द्वारा राजस्व और अन्य सहायक मामलों सम्बन्धी मामलों का निपटान किया गया। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, सोनीपत द्वारा भी उपभोक्ता मामलों का निपटान किया गया।

# पुलिस अधीक्षक ने किया लाडवा थाने का निरीक्षण

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र नीतीश अग्रवाल ने शनिवार को थाना लाडवा का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग कर जरुरी दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना में तैनात पुलिस कर्मियों से उनके कार्य बारे जानकारी ली तथा बेहतर ढंग से कार्य करने के सुझाव तथा जरुरी दिशा-निर्देश दिये। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर तरीके से काम करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए समयावधि के भीतर उनको निपटाने के आदेश दिये।


सार्वजनिक सूचना

कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी बड़ौली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड बड़ौली हेतु मनरेगा (सोशल आडिट कलैण्डर अनुसार) करवाने हेतु Block Rsource Person की नियुक्ति प्रति कार्य दिवस राशि 750/- रुपए में मानदेय के आधार पर की जानी है प्रति वर्ष कार्यो दिवसों की संख्या का निर्धारण जारी (सोशल ऑडिट कलैण्डर अनुसार) होगा। अभ्यार्थी स्नातक हो, कम्प्यूटर एम.आई.एस. का ज्ञान सहित Anodroid Mobile प्रयोग में सक्षम हो। पहले कार्यरत वी.आर.पी. सोशल ऑडिट को वरीयता दी जाएगी। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन प्रारूप व शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना पट्ट से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में मनरेगा स्टाफ के कमरे में समस्त जरूरी दस्तावेजों की प्रति सहित दिनांक 14.07.2025 से दिनांक 23.07.2025 सांय 5.00 बजे तक जमा कराना सुनिश्चित करें।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बड़ौली

AP-2553


# दुकान से फोन चोरी करने के मामले में दो नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने मोबाइल फोन दुकान से फोन चोरी करने के मामले में दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 10 लाख रुपये मूल्य के चोरीशुदा 72 मोबाइल फोन व चोरी की वारदात में इस्तेमाल पूंडरी से छीनी गई बाइक बरामद की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी सीवन व पूंडरी में दो मोबाइल दुकानों से मोबाइल फोन चोरी व पूंडरी में एक बाइक व नकदी स्नैचिंग करने की वारदात सहित तीन वारदात सुलझी है। डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि डोहर निवासी रोहित ने शिकायत दी थी कि सीवन फिरोजपुर रोड पर उसकी एनआरआई नाम से मोबाइल दुकान है। चार जुलाई की रात दुकान से अज्ञात की ओर से दुकान का ताला तोड?र ठीक होने के लिए आए हुए करीब 20 स्मार्ट मोबाइल फोन, छह छोटे मोबाइल फोन व 10 हजार रुपये नकदी चोरी कर ली गई। इस बारे थाना सीवन में केस दर्ज किया गया। एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की टीम ने 11 जुलाई की शाम पाडला रोड़ कैथल से एक बाइक सहित आरोपी कैलरम निवासी अनिल व सिरटा रोड कैथल निवासी अमीन को काबू किया। उनसे पूछताछ उपरांत चोरी की वारदात में शामिल कैथल निवासी 17-17 वर्षीय दो नाबालिगों को भी शनिवार सुबह पकड़ा।


सार्वजनिक सूचना



श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष

**विषय:-** स्वर्गीय श्री ओपिंदर सिंह बेदी की पंजीकृत वसीयत के आधार पर आवासीय स्थल संख्या 767, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ (आरपीडी 13046) के संबंध में 40.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री ओपिंदर सिंह बेदी आवासीय स्थल संख्या 767, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ के 40.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक हैं।

ट्विंकल बेदी, स्वीटी आनंद द्वारा सूचित किया गया है कि श्री ओपिंदर सिंह बेदी का 18.01.2021 को निधन हो गया और उन्होंने मृतक मालिक के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) ट्विंकल बेदी - पुत्री, (2) स्वीटी आनंद - पुत्री, (3) विंकल बेदी - पुत्री, (4) संतोष बेदी - पत्नी।

अब, ट्विंकल बेदी, स्वीटी आनंद ने दिनांक 12.10.2012 की पंजीकृत वसीयत के आधार पर, स्वर्गीय श्री ओपिंदर सिंह बेदी द्वारा धारित 40.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 767, सेक्टर 8-बी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए

AP-2549

सार्वजनिक सूचना



श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष

**विषय:-** स्वर्गीय श्री प्रेम चंद शर्मा की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर आवासीय साइट संख्या 3599, सेक्टर 23-डी, चंडीगढ़ (आरपी 5212) के संबंध में 75.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री प्रेम चंद शर्मा आवासीय साइट संख्या 3599, सेक्टर 23-डी, चंडीगढ़ के 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक हैं।

रजनी शर्मा, मंजू शर्मा, चंद्र कांता शर्मा द्वारा सूचित किया गया है कि श्री प्रेम चंद शर्मा का निधन 21.02.2018 को हो गया और उन्होंने मृतक मालिक के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) नवीन शर्मा - पुत्र, (2) मंजू शर्मा - पुत्री, (3) रजनी शर्मा - पुत्री, (4) चंद्र कांता शर्मा - पत्नी

अब, रजनी शर्मा, मंजू शर्मा, चंद्र कांता शर्मा ने आवासीय साइट संख्या 3599, सेक्टर 23-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वर्गीय श्री प्रेम चंद शर्मा द्वारा धारित 75.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक उनके पक्ष में, बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए

AP-2549

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

सार्वजनिक सूचना

**मैं,** Barma नंद पुत्र माम चंद वासी मकान नं 1620 सैक्टर 16-17 हिसार हरियाणा ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Barma Nand से Brahma Nand Singal रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** सोनिया पत्नी पुनीत रामा वासी मकान नं 1552 पी सैक्टर 16-17 हिसार हरियाणा ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर सोनिया से सोनिया रामा रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।
एपी-2545

**मैं,** राम केवली देवी सैन्य संख्या-15346848W रैंक-हवलदार नाम-सत्येंद्र सिंह की माँ हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 63 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- ग्राम-मोतीपाकड श्रीकान्त, पोस्ट - रामपुर सोहरुना, तेहसील-हाटा, जिला-कुशीनगर, राज्य- उत्तर प्रदेश, पिन-274203 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम राम केवली देवी से बदलकर रामकवली कर लिया है और साथ ही अपनी जन्मतिथि 05/03/1955 से 01/01/1958 कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901956, दिनांक-12/07/2025

**मैं,** राम शनेही सिंह, सैन्य संख्या-15346848W रैंक-हवलदार नाम-सत्येंद्र सिंह की मां हूं जो वर्तमान में यूनिट- 63 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता-ग्राम- मोतीपाकड श्रीकांत, पोस्ट-रामपुर सोहरुना, तहसील-हाटा, जिला-कुशीनगर, राज्य- उत्तर प्रदेश, पिन-274203 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम राम शनेही सिंह से बदलकर रामस्नेही कर लिया है और साथ ही अपनी जन्मतिथि 02/04/1950 से 01/01/1953 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901957, दिनांक-12/07/2025
एपी-2546

I, ANBUSELVI GANESAN M/O No 9514898Y Hav (instrspl) TAMILMANI G, CCOSW WESTERN COMMAND, PIN-908103, C/o 56 APO in my Son's service record by mistake my Name is mentioned as ANBUSELVI G, while my correct Name is ANBUSELVI GANESAN.

I, NO 9514923M RANK HAV ARVIND KUMAR GUPTA S/O RAM KUBER GUPTA R/O VPO RANIPUR, BASTI, UTTAR PRADESH-272302 HAVE CHANGED MY FATHER AND MOTHER NAME IN MY SERVICE RECORD FATHER- RAM KUBER GUPTA TO RAM KUBER, MOTHER- BINDA DEVI TO VINDA DEVI. KINDLY NOTE ALL.

I, NO. 15779612P RANK HAV NAGI REDDY BALI REDDY S/O SH. NAGI REDDY BHASKARA REDDY R/O QTR NO. 3848, SECTOR - F, CHANDIMANDIR CANTT HAVE CHANGED MY FATHER, WIFE AND DAUGHTER NAME IN MY SERVICE RECORD, FATHER - BHASKARA REDDY TO NAGI REDDY BHASKARA REDDY, WIFE SIRISHA TO NAGI REDDY SIREESHA AND DAUGHTER N HOMA SREE TO NAGI REDDY HOMA SREE. KINDLY NOTE ALL.
एपी-2547

**मैं,** राजेश पुत्र सुरजभान निवासी वार्ड नं 1 , मकान नं 9, मंडी टाउनशिप हुडा, पुण्डरी तहसील पुण्डरी जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम राजेश से बदलकर राजेश कुमार रखता हूं। सम्बंधित कृपया नोट करें।
एपी-2548

**मैं,** मुन्नी पुत्री रूप राम और पत्नी सूरज कुमार, निवासी मकान संख्या 51, नाडा, जिला एसएएस नगर (मोहाली) पंजाब, सूचित करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड पर मेरा नाम गलती से पूजा और जन्मतिथि 02.02.1988 दर्ज की गई है। मेरा सही नाम मुन्नी है और जन्मतिथि 25.04.1981 है।
एपी-2549

**मैं,** Savita Bishnoi पत्नी Lalit Kumar निवासी मकान न. 10A, Aggarwal Colony, Near Bal Bharti School, Fatehabad, Haryana ने अपनी नाबालिक बेटी का नाम Yashshwi से बदलकर Yashshwi Bishnoi रख लिया है
एपी-2550

**मैं,** नायक पीयूष कुमार मिश्र (आर्मी नंबर- 6499602M), पुत्र श्री अवधेश प्रसाद मिश्र, भारतीय थल सेना में स्थायीरूप से सेवारत हुँ। मैं ग्राम एवं पोस्ट - जमुनीपुर, जनपद- प्रयागराज, उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ। मेरे सेना रेकॉर्ड की सर्विस बुक में मेरी माता का नाम गलत गीता मिश्रा उल्लेखित है जबकि मेरी माता का सही नाम अनिता मिश्रा है।
एपी-2550

**मैं,** राम लाल सिंगला पुत्र जगदीश राय निवासी H.NO. 4, वार्ड न. 16, अनाज मंडी, पेहोवा, कुरुक्षेत्र, हरियाणा ने अपना नाम राम लाल रख लिया है।

**मैं,** Harjeet Kaur पत्नी हरजीत सिंह निवासी गाँव कराह साहिब, कुरुक्षेत्र, हरियाणा ने अपना नाम Harjit Kaur रख लिया है।

**मैं,** नवीन कुमार पुत्र महिन्द्र सिंह गांव इस्माईलाबाद, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर नवीन उपनाम कुमार रख लिया है।

**मैं,** सुनीता पत्नी नवीन कुमार गांव इस्माईलाबाद , कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर सुनीता उपनाम रानी रख लिया है।

**मैं,** सुमन देवी पत्नी ऋषि पाल गाँव मुर्तजापुर,पिहोवा,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर सुमन रानी रख लिया है।

**मैं,** ऋषि पाल पुत्र बक्शी राम गाँव मुर्तजापुर, पिहोवा,कुरुक्षेत्र ने अपनी नाबालिग पुत्री Mahak का नाम बदलकर Mehak रख लिया है।
एपी-2554

बेदखली सूचना

**मैं,** कुलदीप सिंह शेखावत पुत्र श्री नारायण सिंह निवासी टाईयान पाना राजपूत धर्मशाला के पीछे भिवानी जिला भिवानी ( हरियाणा) घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र लवदीप व पुत्रवधु प्रीति दोनो मेरे कहने सुनने के बाहर है व हमारे साथ लगाई झगड़ा करते है अतः मैं इन दोनो को अपनी तमाम चल अंचल सम्पति से बेदखल करता हूं भविष्य मे इन दोनो के साथ लेन देन व व्यवहार करने वाला स्वय जिम्मेवार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेवारी ना होगी।

**मैं,** बलजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री अमर सिंह निवासी मकान संख्या 365, गाँव अभयपुर, जिला पंचकूला, हरियाणा घोषणा करता हूँ कि मैं अपने पुत्र कुलजीत सिंह और उसकी पत्नी अर्शदीप कौर को अपनी सभी चल/अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनसे किसी भी प्रकार का लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-2550

**मैं,** विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री भले राम निवासी चमेला कालोनी नरवाना तह0 नरवाना जिला जीन्द अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरी पुत्री प्रीति (जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है।) को मैं अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में यदि कोई इसके साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन या संबंध रखता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-2551

**मैं,** हरपाल पुत्र श्री मातू राम निवासी गांव कोयर, सब तहसील निगदू , जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अंकित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल अचल-संपत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-2552

**मैं,** पाला राम पुत्र गरीबू राम गाँव भट्टमाजरा, पिहोवा,कुरुक्षेत्र मेरा पुत्र बलबीर पुत्रवधू सिम्पल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं इसलिए मै इनको अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हु। भविष्य में इनके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व इनसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होंगा।
एपी-2554

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# खड़गे जी को अपने देश और अपने देश के लोगों व प्रधानमंत्री पर भरोसा नहीं है इनको विदेशियों पर भरोसा है: अनिल विज

खड़गे जी हमारी बात पर भरोसा करें ना करें लेकिन पाकिस्तान तो उनका अपना अजीज है उनके प्रधानमंत्री/उप-प्रधानमंत्री पर तो भरोसा कर लें

भारत-पाकिस्तान युद्ध रूकवाने में ट्रंप ने मध्यस्थता करने के लिए किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं की थी

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा




**अंबाला, 12 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को आडे हाथों लेते हुए कहा कि ''खड़गे जी को अपने देश और अपने देश के लोगों व प्रधानमंत्री पर भरोसा नहीं है इनको विदेशियों पर भरोसा है''। उन्होंने कहा कि ''खड़गे जी हमारी बात पर भरोसा करें ना करें लेकिन पाकिस्तान तो उनका अपना अजीज है उनके प्रधानमंत्री/उप-प्रधानमंत्री पर तो भरोसा कर लें कि भारत-पाकिस्तान युद्ध रूकवाने में ट्रंप ने मध्यस्थता करने के लिए किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं की थी''।

श्री विज आज मीडिया कर्मियों द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ब्यान कि 'मोदी जी और भाजपा कितना झूठ बोलते हैं। जब भारत-पाकिस्तान युद्ध चल रहा था, तब डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान युद्ध समाप्त कर दिया है, ट्रंप ने उन्हें रुकने को कहा था... ट्रंप ने यह बात 16 बार कही थी। मोदी ने उनका जवाब नहीं दिया, क्यों? क्योंकि उनमें ट्रंप के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं थी, के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ''जब प्रधानमंत्री ने कह दिया कि कोई भी किसी भी तरह की बातचीत नहीं हुई है और पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री ने भी कह दिया की कोई बातचीत नहीं हुई है, तो कम से कम पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री पर खडगे जी भरोसा कर लें क्योंकि पाकिस्तान तो उनका अपना अजीज है''।

राहुल गांधी ने हाल ही में कहा है कि फसल बीमा योजना का एक ही लक्ष्य है किसान का पैसा खाना और सरकार का पैसा खाकर तीन-चार अरबपतियों की झोली में पैसा डालना, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी यह तुम्हारे पिता जी स्व. श्री राजीव गांधी जी का समय नहीं है जब ऊपर से एक रुपया भेजते थे और नीचे 15 पैसे पहुंचते थे और 85 पैसे तुम्हारा सिस्टम खा जाता था। उन्होंने कहा कि आज हर आदमी का पैसा उसके खाते में जाता है, चाहे वह किसान निधि का हो, चाहे वह पेंशन का हो, चाहे वह विकलांग का हो। आज सब पैसा लाभार्थियों के खाते में जाता है तो फिर किस तरह से किसी की तिजोरी में चला जाएगा!!!

गुरुग्राम में तेज बारिश के बाद जल भराव हुआ और नौ लोगों की जान चली गई, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि '' जब गुरुग्राम की स्थापना हुई उस वक्त विपक्ष की सरकारों का राज था और शहर को बसाने से पहले ही नाले-नालियों, सीवर और सड़कों की योजना बनाई जाती है लेकिन बसे-बसाए शहर में इन सब को तोड़कर फिर से बनाना बहुत मुश्किल काम है और किसी भी पार्टी ने और किसी भी सरकार ने उस वक्त इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। हालांकि पिछले 10 सालों में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरूग्राम में सुधार करने का काफी प्रयास किया है लेकिन जब पहले ही शहर की रचना/योजना ही सही नहीं की गई है तो बड़ा सुधारना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम में लोगों की मृत्यु पर उन्हें काफी दुख है।

## हमारी सरकार में युवा बिना पर्ची, बिना खर्ची भर्ती हुए है, विपक्ष के राज में तो नौकरियां बिकती थी: विज

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अम्बाला के उन युवाओं को आर्शीवाद दिया जोकि सरकारी विभागों में भर्ती हुए हैं। उन्होंने युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बच्चे बिना पर्ची, बिना खर्ची के भर्ती हुए हैं, विपक्ष के राज के तो नौकरियां बिकती थी और तबादले होते थे हमने इन सब पर रोक लगा दी है। ये गरीब घरों के बच्चे भर्ती हुए है, जो आज तक किसी विधायक या सांसद के दरवाजे तक नहीं जा सके। यह बिना पर्ची व बिना खर्ची के हरियाणा सरकार में भर्ती हुए हैं, इसके अलावा और भी बहुत सारे बच्चे भर्ती हुए हैं। गौरतलब है कि अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लगभग आठ युवा शिक्षा, बिजली निगम, राजस्व एवं अन्य सरकारी विभागों में भर्ती हुए हैं। यह सभी युवा छावनी के आईसीएस कोचिंग सेंटर के विद्यार्थी है जोकि मंत्री अनिल विज से ज्वाइनिंग से पहले आर्शीवाद लेने के लिए पहुंचे थे। कोचिंग सेंटर संचालक एवं भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास बहगल ने बताया कि अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र से लगभग 50 बच्चे ऐसे है जोकि बीते कुछ समय में बिना पर्ची बिना खर्ची सरकारी सेवाओं में भर्ती हुए हैं। इस अवसर पर मौजूद भाजपा नेताओं व अन्य ने सभी युवाओं को शुभकामनाएं दी।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण से कई अहम विषयों पर चर्चा की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**घरौंडा, 12 जुलाई।** करनाल के सांसद व केंद्रीय ऊर्जा व आवास मंत्री मनोहर लाल शनिवार को सुबह रेस्ट हाउस पर पहुंचे। इस दौरान मनोहर लाल ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण से लगभग 25 मिनट तक कुछ विषयों पर अलग से चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री की हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण से अलग से चर्चा करना कई खास विषयों पर चर्चा होना माना जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री के आने की सूचना सार्वजनिक तौर पर किसी को न होकर सिर्फ पूर्व सांसद संजय भाटिया, स्पीकर हरविंद्र कल्याण, ब्रिज गुप्ता व कविंद्र राणा को थी। रेस्ट हाउस पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, पूर्व सांसद संजय भाटिया, भाजपा नेता बृज गुप्ता, कविंद्र राणा व करनाल के उपायुक्त के साथ लगभग डेढ़ घंटे तक बैठक कर चर्चा हुई। हालांकि बैठक में हुई चर्चाओं के बारे में कोई उल्लेख नहीं हुआ है। इतना जरूर है कि किसी विशेष मुद्दे पर ही बैठक में चर्चा हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### जिले के साधारण परिवार की बेटी बानी सीए



**यमुनानगर (अप्रस/अमित कुमार जैन)।** जिला यमुनानगर के एक साधारण परिवार कि बेटी ने सी. ए. एग्जाम पास कर परिवार के साथ साथ जिले का भी नाम रोशन किया है। महादेव कॉलोनी निवासी कंवलजीत पुरी कि 23 वर्षीय बेटी अवनी पुरी ने बताया कि 12 वीं तक कि पढ़ाई में उनके माता-पिता का सबसे बड़ा योगदान रहा है और 12 वीं के बाद सी. ए. कि प?ाई का खर्च उनकी नानी ने उठाया ताकि मैं अपना सपना पूरा कर सकूँ। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में सी. ए. का दूसरा लेवल पास करने के बाद मई 2024 में सी. ए. फाइनल का एग्जाम दिया जिसे वह उस समय पास नहीं कर पाई थी, तब उनके भाई विश्वास ने उन्हें प्रेरित किया, जिसके बाद मई 2025 एक बार फिर मैंने सी. ए. फाइनल का एग्जाम दिया जिसमे कामयाबी मिली है। अवनी कि माता इंदु बाला ने बताया कि आज उनकी बेटी ने सी. ए. का एग्जाम पास कर के पुरे परिवार को गौरवान्वित किया है, उनकी बेटी ने जो सोचा वह कर के दिखाया, यह सपना हमारे परिवार का वर्षो से था जो आज पूरा हुआ है।

### बीएलओ प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** नगरपरिषद टोहाना के मीटिंग हॉल में 7 से 11 जुलाई तक बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें बीएलओ को चुनावी प्रक्रिया, तकनीकी ऐप्स और मतदाता सूची अद्यतन से जुड़ी जानकारी दी गई। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि बीएलओ लोकतंत्र की मूलभूत इकाई हैं। उन्होंने बीएलओ को समयबद्ध, सटीक और पारदर्शी कार्य करने के निर्देश दिए और मतदाताओं से नियमित संपर्क बनाए रखने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में विशेषज्ञ बीरबल सिंह और मास्टर ट्रेनर रामप्रताप ने मतदाता सूची तैयार करने, फॉर्म भरने, शुद्धिकरण और सुधार की प्रक्रियाएं समझाईं। साथ ही नवीनतम दिशा-निर्देशों व तकनीकी सॉफ्टवेयर की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर नगरपरिषद सचिव मनीष कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सत्यपाल सिंह, अमरनाथ सहित सभी बीएलओ उपस्थित रहे।

### पति-पत्नी की जोड़ियों द्वारा रक्तदान: एक प्रेरणादायक पहल



**रोहतक (अप्रस/सुकरमपाल)।** आर.पी. एजुकेशन सोसाइटी द्वारा स्व. श्री चंद्रस्वरूप जी की पुण्यतिथि पर 84वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 68 रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों का उत्साह देखने लायक था। विशेष आकर्षण रहा कि चार पति-पत्नी की जोड़ियों ने एक साथ रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक मिसाल पेश की। शिविर में उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य, डॉ. के.एल. मलिक, डॉ. गजेन्द्र सिंह सहित अन्य अतिथियों ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. ज्योति के नेतृत्व में पीजीआई ब्लड बैंक टीम ने रक्त संग्रह किया। कई नियमित रक्तदाताओं ने एक बार फिर योगदान दिया, जबकि कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। इस आयोजन में विभिन्न संस्थाओं का सहयोग रहा और आर.पी. एजुकेशन सोसाइटी ने सभी प्रतिभागियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### उत्तर भारत स्तरीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन 7 सितम्बर को

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा द्वारा 7 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जींद में उत्तर भारत स्तर का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ से हजारों अग्रबंधु शामिल होंगे। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष राजकुमार गोयल की अगुवाई में बैठकें जारी हैं। पटियाला चौक स्थित बीएस मेमोरियल स्कूल में हुई बैठक की अध्यक्षता बीएस गर्ग ने की। इस अवसर पर पीसी जैन, डॉ. सुशील मंगला, सुरेश गर्ग, वीपी गर्ग, सुरेश गोयल, रामधन जैन, सावर गर्ग, पवन बंसल, दीपक गर्ग, मनीष गर्ग, रजत सिंगला, गोपाल जिंदल, राजेश गोयल, बजरंग लाल सिंगला, जयभगवान सिंगला, सतीश कुमार, सुनील गोयल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। राजकुमार गोयल ने बताया कि सम्मेलन में सैकड़ों युवक-युवतियां मंच पर परिचय देकर जीवन साथी चयन का अवसर पाएंगे। आयोजन हेतु 350 से अधिक पंजीकरण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें अकेले जींद जिले में 50 से अधिक होंगे। बीएस गर्ग, पीसी जैन, सुरेश गर्ग, रामधन जैन, सावर गर्ग, वीपी गर्ग, पवन बंसल आदि ने सम्मेलन को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और कहा कि यह आयोजन दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने में मददगार साबित होगा। सभी अग्रवाल बंधुओं से अपील की गई है कि वे इस पुण्य कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समाज को एक सशक्त व सकारात्मक दिशा देने में सहयोग करें।

# हरिद्वार में मां गंगे सावन जोत शोभायात्रा के मुख्यातिथि होंगे अशोक मैहता

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 12 जुलाई।** 3 अगस्त को हरिद्वार में निकलने वाली मां गंगे सावन जोत शोभायात्रा में राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के नैशनल प्रेजिडेंट एवं हरियाणा के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त अशोक मैहता मुख्य अतिथि होंगे। उन्हें पानीपत की श्री मां गंगे सावन जोत समिति के पदाधिकारियों ङ्क सुभाष गुलाटी, विपिन चावला और संयोजक सुरेश कामरा (भोला) ने नारायणगढ़ में सम्मानित कर आमंत्रित किया।

शोभायात्रा शाम 6 बजे चेतन ज्योति आश्रम से प्रारंभ होकर हर की पौड़ी पर गंगा आरती के साथ संपन्न होगी। इसमें शामिल होने वाले प्रमुख संत-महात्माओं में स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज, स्वामी धर्मदेव महाराज, महंत ऋषीश्वरानंद, रामस्वरूप ब्रह्मचारी, सतपाल ब्रह्मचारी, स्वामी हरिचेतनानंद जी, महंत दुर्गादास, बाबा हठयोगी, महंत प्रेमानंद शास्त्री, महंत शिवानंद और सतीश भगत शामिल हैं।

31 जुलाई को पानीपत में हनुमान मंदिर, पटेल नगर तक शोभायात्रा निकलेगी। मुख्य अतिथि होंगे शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, और विधायक प्रमोद विज व महापौर कोमल सैनी विशेष अतिथि रहेंगे। 2 अगस्त को हरिद्वार के चेतन ज्योति आश्रम में स्वामी जगन्नाथ आश्रम, ऋषिकेश के महंत लोकेश दास की उपस्थिति में माता की चौकी होगी, जिसमें दिल्ली के भजन गायक दीपक शर्मा भजन प्रस्तुत करेंगे। मुख्य अतिथि होंगे विजय लक्ष्मी और अजय पालीवाल, जबकि ज्योति प्रचंड की रस्म पूर्व विधायक रोहिता और समाजसेवी सुरेंद्र रेवड़ी निभाएंगे। अशोक मैहता ने जानकारी दी कि यह परंपरा पहले मुल्तान (अब पाकिस्तान) से शुरू हुई थी और विभाजन के बाद पानीपत, सोनीपत, दिल्ली और करनाल में फैल गई। मुल्तान सावन जोत के रूप में जानी जाने वाली यह परंपरा लाला रूप चंद मुल्तानी द्वारा शुरू की गई थी। महोत्सव का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा और धार्मिक एकता को बढ़ावा देना है।

इस धार्मिक आयोजन में महिलाएं डांडिया, युवा नृत्य और भजन-कीर्तन के साथ सहभागिता निभाते हैं। पूजा-पाठ, यज्ञ और सामाजिक सहभागिता के ज़रिये यह महोत्सव भारतीय संस्कृति की जड़ों को सहेजने का कार्य करता है।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत प्लाट किए आवंटित

## ग्रामीणों का अपना खुद का पक्का घर का सपना साकार कर बीजेपी सरकार: सरपंच

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 12 जुलाई।** केंद्र सरकार की ओर से देश के किसानों सहित अन्य लोगों के लिए कई तरह की लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका उन्हें सीधा लाभ मिल रहा है। इन्हीं योजनाओं में से केंद्र सरकार एक योजना प्रधानमंत्री आवास योजना विस्तार है जिसके तहत शहरी व ग्रामीण इलाकों के जरूरतमंद लोगों को अपना घर उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत ग्रामीणों को अपना मकान बनाने के लिए 100-100 वर्ग गज के प्लॉट दिए जा रहें हैं। इससे उनके अपने घर का सपना साकार हो सकेगा। ब्लॉक बापौली से समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी प्रजान मेहरा नें जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण आवास योजना विस्तार के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वे लोग जिनके पास अपना घर नहीं है, उन्हें 100 गज तक का प्लॉट आवंटित किया जा रहा हैं। सरकार द्वारा लाभार्थियों को प्लॉट वितरित किए जा रहें हैं ताकि वे अपने घर बना सकें। यह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) विस्तार फेस-1 के तहत ब्लॉक बापौली के गांव मतरौली से शुरुआत की गई हैं। इस योजना के तहत करीब 148 फार्म प्राप्त हुए थे जिसमें सर्व के बाद 129 लाभार्थियों को प्लांट आवंटित किए गए। उन्होंने बताया कि जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सभी जरूरतमंदों को पक्का घर उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत, सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करती है, और लाभार्थी अपनी जमीन पर घर बनाते हैं। वहीं घरों में शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं। इस योजना में, एससी, एसटी और ओबीसी सहित विभिन्न वंचित समूहों को शामिल किया गया हैं। मतरौली सरपंच संजय शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना विस्तार फेस वन को धरातल पर उतारते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी का समस्त ग्रामवासियो की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में जरूरतमंदों को मौके पर प्लांट आवंटित किए गए।

# नेशनल लोक अदालत में निपटाए 43875 मुकदमे

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 12 जुलाई।** माननीय न्यायमूर्ति लिसा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में सेशन डिवीजन, पानीपत में शनिवार को अधिनिर्णय की पूरी प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों, वादियों, बीमा कंपनियों और बैंक प्रतिनिधियों के बीच न्यायालय में निजी रूप से आकर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया ।लंबित मामलों के साथ-साथ पूर्व मुकदमेबाजी के मामलों से निपटने के लिए लोक उपयोगिता सेवाओं की खंडपीठ का भी गठन किया गया जिसमें दुर्घटना के दावे, चेक बाउंस, बैंक वसूली, नागरिक विवादों से संबंधित सार्वजनिक उपयोगिता सेवाएं, उपभोगता कमीशन के केस भी शामिल हैं और यहां तक कि घरेलू हिंसा अधिनियम आदि से संबंधित कंपाउंडेबल अपराधों के आपराधिक मामले भी शामिल है।

वर्षा शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने आगे खुलासा किया कि लोक अदालत विवादों के निपटान के प्रभावी तरीकों में से एक है। लोक अदालतों में विवादों का सौहार्दपूर्वक निपटारा किया जाता है। ÷सभी के लिए न्याय तक पहुंच÷ के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए एडीआर तंत्र का संवर्धन काफी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे खुलासा किया है कि पानीपत और सब डिविजन समालखा में मिलाकर कुल 50457 मुकदमों को लिया गया था जिनमें से 43875 मुकदमों को पानीपत और सब डिविजन समालखा में लोक अदालत में पारंपरिक रूप से निपटाया गया। लोक अदालत में निपटान की राशि 7,44,92,675/- रुपए थी। पानीपत जिले में 43875 मुकदमों का निपटारा किया गया।

## पूरे सावन माह सेढ़ा माजरा में महिलाएं करेगी भजन-कीर्तन

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** सेढ़ा माजरा गांव के पार्क शहीद दिनेश सिंह खटकड़ गांव में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। 11 जुलाई से शुरू हुए सावन माह से भजन-कीर्तन शुरू हुआ जो पूरे सावन माह चलेगा। महिलाओं ने बताया कि हर रोज शाम को पार्क में गांव कीम महिलाएं एकत्रित होकर भजन कीर्तन करती है। भगवान शिव, पार्वती के भजन महिलाएं प्रस्तुत करती है। सावन माह भगवान शिव का सबसे प्रिय माह माना जाता है। इस पूरे माह महिलाएं पार्क में भजन-कीर्तन करेगी। कमल, बिमला, कमलेश, कृष्णा, भतेरी ने कहा कि हमें अपने जीवन में कुछ समय भगवान की भक्ति के लिए निकलना चाहिए। पूरे दिन में कम से कम एक घंटना हमें भजन-कीर्तन के लिए निकालना चाहिए। इस तरह के आयोजन समय-समय पर गांव में होते रहते है। भक्ति के प्रति बच्चों की रूचि भी बढ़ती है क्योंकि वो भी भजन-कीर्तन में आते है। भक्ति में शक्ति होती है। सच्चे मन से की गई भक्ति का जीवन में फल अवश्य मिलता है।

# फिटनेस सर्टिफिकेट न होने पर भी चल रहे हैं निजी स्कूलों के वाहन

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 12 जुलाई।** शहर में ग्रामीण क्षेत्रों में जितने भी निजी स्कूल हैं सभी स्कूल अपने यहां पढ़ने आने वाले सभी विद्यार्थियों को लगभग 20 से 30 किलोमीटर के क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र से लेकर आने में छोड़ने का कार्य अपने ही स्कूलों की कई कई वर्षों पुराने वाहनों से करते हैं ज्यादातर निजी स्कूल सरकार द्वारा बनाई गई सुरक्षित स्कूल वाहन नीति का उल्लंघन करते पाए जा सकते हैं। टोहाना शहर में ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा सुरक्षित वाहन नीति के तहत एक संयुक्त अभियान चलाया जाना चाहिए जिसमें सभी प्राइवेट स्कूलों द्वारा चलाई जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जानी चाहिए ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग की टीम में विभिन्न स्कूलों के बाहर तथा मुख्य मार्गो पर चल रहे स्कूल वाहनों की जनता से जांच करें कि यह वहां बच्चों को स्कूल से लाने ले जाने वाले सभी सरकारी मनको व मोटर वाहन अधिनियम के तहत निर्धारित सुरक्षा मापदंडों का पालन कर रहा है या नहीं। टोहाना शहर के अधिकतर स्कूलों के वाहन इस चेकिंग अभियान में अनफिट नजर आएंगे और इन वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट, वेध परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, ड्राइवर का लाइसेंस हेल्पर की अटेंडेड की उपस्थिति, फर्स्ट एंड बॉक्स, अग्निशामक यंत्र, जीपीएस, सीसीटीवी जैसी सुविधाएं तो किसी भी व्हीकल में उपलब्ध नहीं होगी ज्यादातर वाहन ओवरलोडिंग ही चलते नजर दिखाई देते है। ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग जब स्कूलों में चेकिंग अभियान शुरू करता दिखाई देता है जब कोई दुर्घटना घट जाती है और अभिभावकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है।

# सेवा और समर्पण की मिसाल हैं सांसद नवीन जिन्दल: मोनिका गुलाटी



अर्थ प्रकाश/ राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 12 जुलाई।** बेसहारा और आवारा कुत्तों (स्ट्रे डॉग्स) के उपचार, नसबंदी व रेबिज वैक्सीनेशन ड्राइव के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन को सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा दी गई आर्थिक सहायता के लिए डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन संस्था की ओर से मोनिका गुलाटी ने सांसद नवीन जिन्दल का विशेष रूप से आभार प्रकट करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल सेवा और समर्पण की मिसाल हैं। उनकी यह पहल उन जीवों के प्रति एक गहरी संवेदनशीलता का प्रतीक है, जो बोल नहीं सकते लेकिन पीड़ा जरूर महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था शीघ्र ही कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में अपनी सेवाओं को विस्तार देते हुए, स्ट्रे डॉग्स के लिए रेबिज वैक्सीनेशन ड्राइव आरंभ करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा डॉग रेस्क्यू ऑर्गेनाइजेशन को सहयोग करना, यह दर्शाता है कि वे इस विषय को केवल एक समस्या नहीं, बल्कि एक मानवीय जिम्मेदारी मानते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में और अधिक व्यवस्थित ढंग से कार्य करते हुए इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रयासरत रहेगी।

# शिक्षा मंत्री ने किया पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 12 जुलाई।** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, हरियाणा प्रांत के दो दिवसीय 22वें त्रेवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन का शानदार आगाज मुख्य अतिथि महीपाल ढांडा, शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार के कर कमलों से हुआ। दो दिवसीय अधिवेशन का विषय 'आत्मबोध से विश्वबोध' है। प्रथम दिवस के सत्र की अध्यक्षता सारस्वत मोहन 'मनीषी' अध्यक्ष हरियाणा प्रांत ने की। बतौर विशिष्ट अतिथि शरद अग्रवाल अतिरिक्त महाधिवक्ता हरियाणा और सानिध्य डॉ पूर्णमल गौड़ मार्गदर्शक हरियाणा प्रांत और डॉ मंजुलता रेढू उपाध्यक्ष हरियाणा प्रांत ने मुख्य वक्ता के तौर पर भाग लिया। हरीश यादव अध्यक्ष और रणबीर आर्य समाज सेवी एवं उद्योगपति भी प्रथम सत्र का हिस्सा बनें। साय- कालीन सत्र में हरीश धनसोइयाँ विशिष्ट मेहमान के तौर पर, विधु कालरा अध्यक्ष गुरुग्राम इकाई मुख्य वक्ता, संतोष गर्ग उपाध्यक्ष हरियाणा प्रांत, प्रदीप शर्मा प्रधान अखिल भारतीय साहित्य परिषद् पानीपत इकाई और रमेश खुराना मार्गदर्शक अखिल भारतीय साहित्य परिषद पानीपत इकाई ने अधिवेशन में अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। रात्री के सत्र में काव्य संध्या का आयोजन किया गया जिसमें ख्याति प्राप्त तथा नवोदित कवीयों ने भाग लिया। अधिवेशन में आकर्षण का केंद्र विभिन्न परिषद् की विभिन्न इकाइयों से पधारे साहित्यकारों कि 11 नयी कृतियाँ रही जिनका विमोचन माननीय शिक्षा मंत्री ने किया। मंच संचालन डॉ संतोष कुमारी और मनोज ने किया। मेहमानों का स्वागत एसडी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) पानीपत के सचिव नरेश गोयल और प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया।

आज विमोचित कृतियों में प्रोफेसर सारस्वत मोहन 'मनीषी' रचित 'गुरु-गौरव अमृत-कलश (मनुराज प्रकाशन), डॉ जगदीप शर्मा 'राही' कृत 'ठंड्या आले खेत' (निर्मला प्रकाशन), डॉ महेंद्र सिंह 'सागर' कृत नाटक 'हवन' (शब्दश्री प्रकाशन), लाज्पर राय गर्ग कृत 'प्रेम के सियाह रंग' (बोधि जन संस्करण), डॉ विनोद कुमार शर्मा कृत 'अदृश्य रंग' (साहित्य कलश पब्लिकेशन), डॉ मनोज भारत का यात्रा संस्करण 'ऐसा देश है मेरा' (साहित्य गार), गीता सैनी कृत 'आत्म मंथन और मंजु मानव रचित 'मेरी ऊँगली तेरे गीत' (समदर्शी प्रकाशन) शामिल रही।

महीपाल ढांडा शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार ने कहा कि सभ्यताओं, गीत-संगीत, लोक गाथाएं,आदि को संजोने का काम साहित्य और साहित्यकारों का होता है। दुनिया में क्रान्ति पैदा करने का सबसे बड़ा हथियार साहित्य ही है। हमारा जीवन दर्शन कैसा हो, दुनिया में शान्ति और अमन कैसे स्थापित हो, यह सभी काम साहित्यकारों के जिम्मे होते है। जीवन की श्रेष्ठ कृति हमारी सर्वोत्तम पूंजी है। हर व्यक्ति साहित्यकार नहीं बन सकता। यह कला कुछ ही लोगों में विद्यमान होती है। साहित्यकार बिना कुछ कहे अपनी जिम्मेदारी चुप-चाप निभाता है और तभी साहित्य समाज के लिए नए आयाम पैदा करता है। उन्होंनें अधिवेशन में भाग लेने वाले प्रत्येक साहित्यकार और लेखक से आग्रह किया कि वे इस अधिवेशन में अपने चिंतन से देश और विदेश सभी के लिए कुछ बेहतर विचार पैदा करें। साहित्य ऐसा होने चाहिए जो हमारा विकास भी करें और हममें संस्कार भी भरे। साहित्य में जीवन का रस भी होना चाहिए।

# रविवार को इस तरह करें सूर्य देव की पूजा, मिलेगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

हिंदू धर्म में सूर्य को न केवल देवता माना जाता है बल्कि वे नौ ग्रहों के अधिपति भी माने जाते हैं। व्यक्ति पर सूर्य देव कृपा हो तो, व्यक्ति को सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। कुंडली में सूर्य मजबूत होने पर जीवन में सुख, संपत्ति और यश की प्राप्ति होती है।

**सूर्य देव पूजा विधिः** सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करें। इसके बाद उगते हुए सूर्य का दर्शन करते हुए उन्हें जल अर्पित करें। जल अर्पित करते समय ? घृणि सूर्याय नमः मंत्र का जाप करें। सूर्य को दिए जाने वाले जल में लाल रोली, लाल फूल मिलाकर जल दें। ऐसा करने से भगवान सूर्यदेव का आशीर्वाद मिलता है, और आपके सभी कार्य संपन्न होने लगते हैं।

सूर्य पूजन के लिए तांबे की थाली और तांबे के लोटे का उपयोग करना शुभ माना जाता है। पूजा में लाल चंदन और लाल फूल जरूर शामिल करें। इसके बाद लोटे में जल लेकर उसमें एक चुटकी लाल चंदन पाउडर और लाल फूल डालें। एक थाली में दीपक और लोटा रख लें। सूर्य देव को प्रणाम करें। ओम सूर्याय नमः मंत्र का जाप करते हुए लोटे से सूर्य देव को जल चढ़ाएं।



**इस तरह अर्पित करें जलः** अर्घ देते समय नजरे लोटे की जलधारा की ओर रखें। जल इस प्रकार अर्पित करें कि जल की धार में सूर्य का प्रतिबिंब एक बिंदु के रूप में दिखाई दे। इसके बाद हाथ जोड़कर सूर्य देव को प्रणाम करें।

**ये मिलते हैं लाभः** सूर्योदय के समय सूर्य देव का दर्शन करने से व्यक्ति के शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसलिए इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लेना चाहिए। ऐसा करने से कारोबार में सफलता प्राप्त होती है। सूर्य को जल चढ़ाने के साथ मंत्र का जाप करने से बल, बुद्धि और विद्या प्राप्त होगी।

### रविवार के दिन न करें ये 4 काम

- व्रती गलती से भी व्रत में नमक का सेवन न करें।
- तामसिक चीजों से परहेज करें।
- पिता का अपमान करने से बचें, क्योंकि सूर्य पिता का कारक ग्रह माने जाते हैं।
- इस दिन काले वस्त्र न पहनें।

# मन के प्रेम से ही आनन्द मिलता है



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

एक इन्सान कहने लगा कि मैं एअरकंडीशन (वातानुकूलित) दीवार के साथ लगा हुआ था, फिर भी मुझे बहुत गर्मी लग रही थी। दूसरा बोला कि क्या ए.सी.बन्द था, खराब था? तो कहने लगा, नहीं जी, मैं तो कमरेके बाहर की तरफ दीवार के साथलगा हुआ था, कमरे के अन्दर की तरफ नहीं।उसका शरीर अवश्य बाहर की दीवार को छू रहा है, लेकिन ए.सी.तो कमरे के अन्दर लगा हुआ है।इसलिए सूरज की गर्मी तोउसे सताएगी ही।इसी तरह (दिखावे की) भक्ति से नहीं, बल्कि अन्दर के प्रेम, मन के प्रेम से ही आनन्द मिलता है।

आज संसार में इस प्रियतम का नाम तो लिया जाता है, सुबह-शाम इस नाम का उच्चारण भी किया जाता है, लेकिन जब तक मन में इसका निवास नहीं होता, मन की तार इसके साथ नहीं जुड़ती, तब तक भक्ति का आनन्द प्राप्त नहीं हो सकता।जो भी इन्सान इस प्रभु का नाम लेता है, अगर वह नाम लेना केवल जुबान तक ही सीमित है, तो उसके जीवन में महानता नहीं आ सकती, क्योंकि जुबान से तो कई बार कोई भयानक दृश्य सामने आ जायें अथवा हालात ऐसे बन जायें, तो प्रभु-नाम निकल ही पड़ता है। इसी प्रकार कई बार कुछ लालसाओं की पूर्ति के लिए भी प्रभु का नाम लिया जाता है।इस प्रकार के कर्मों को भक्ति के अंग मानने वाले लोगों के लिए कहा गया है कि-

बाहरि गिआन धिआन इसनान।
अंतरि बिआपै लोभु सुआनु।

भाव, हे इन्सान! यह तो तू लोकाचार की बातें कर रहा है, यह वास्तविकता में सच्ची भक्ति नहीं है।यह जो तूने अपने देश में, व्याख्यानों से, लोगों को मोहित किया हुआ है, वश में किया हुआ है, इससे तू हरि की दरगाह में ऊँचा नहीं हो सकता।अगर हरि की दरगाह में तूने ऊँचा होना है, तो रोम-राम में इसके साथ नाता जोड़ना होगा।हृदय की तार अगर प्रभु के साथ जुड़ी रहे, तो जीवन में उजाला बना रहता है।

संसार में भी हमें देखते हैं कि कोई तार लगी होती है, बल्ब लगा होता है उसका कनैक्शन अगर विद्युत के साथ न जुड़ा हो, तो वह उजाला नहीं देता।इसी तरह जब तक इस हरि दातार के साथ मन की तार नहीं जुड़ी होती है, तब तक कुछ बनने वाला नहीं।जैसे एक मां की प्रीति अपने बच्चे के साथ जुड़ी होती है, वह बच्चा भले ही स्कूल में, कहीं बाहर बोर्डिंग में अथवा विदेशों में गया हो, लेकिन मां की ममता जानती है कि किस तरह से वह बच्चा उसके रोम-राम में बसा हुआ है।इसी प्रकार यह मालिक, यह हरि परमात्मा भक्त के रोम-रोम में बसा होता है।भक्त आठों प्रहरइसका ध्यान करता है।

अर्थ प्रकाश Career column OPPORTUNITIES

**नोकरियां यहां देखें**

**टीएमसी में**
कंसलटैंट, साइंटिफिक आफिसर व अन्य के
कुल पद : 106
आवेदन की अंतिम तिथिः 08 अगस्त, 2025
आयु सीमाः 27 से 45 वर्ष
करें आवेदनः
**tmc.gov.in**

**झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित कारखाना निरीक्षक के**
**कुल पदः** 14
आवेदन की अंतिम तिथिः 29 जुलाई, 2025
आयु सीमाः 18 से 35 वर्ष
करे आवेदनः
**jpsc.gov.in**

**दिल्ली जल बोर्ड में**
जॉइंट डायरेक्टर, डिप्टी डायरेक्टर के
**कुल पदः 80**
आवेदन की अंतिम तिथिः 15 अगस्त, 2025
करें आवेदनः
**delhijalboard.delhi.gov.in**

**एम्स पटना में सीनियर रेजिडेंट के**
कुल पदः 152
आवेदन की अंतिम तिथिः 30 जुलाई, 2025
योग्यताएंः एमडी, एमएस, डीएमबी व अन्य पात्रता
करे आवेदनः
**aiimspatna.edu.in**

**भारतीय रिजर्व बैंक में**
मैनेजर, लीगल ऑफिसर व अन्य के
**कुल पदः** 28
आदेवन की अंतिम तिथिः 31 जुलाई 2025
करें आवेदनः
**rbi.org.in**

**राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापित लैब अटैंडेट के**
**कुल पदः** 54
आवेदन की अंतिम तिथिः 09 अगस्त, 2025
**योग्यताः** 12वीं व अन्य निर्धारित पात्रता
करे आवेदनः
**rssb.rajasthan.gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
**arthparkash.com** देखें

# महावीर वाणी ही शांति का मार्गः ठाणे में मुनिराजों ने दिया अहिंसा और संयम का संदेश




अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

पानीपत। दिव्य उद्घोष के साथ आज ठाणे-4 अग्रवाल मंडी स्थित जैन स्थानक में एक अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण साकार हुआ, जहां पूज्य गुरुदेव अरुणचन्द्र जी मुनिराज, अभिषेक मुनि जी, अभिनंदन मुनि जी और अमृत मुनि जी महाराज का पावन प्रवचन सम्पन्न हुआ। इस मंगल अवसर पर साधर्मी जनों ने आत्मा को जाग्रत करने वाले भावों से सराबोर होकर गहन श्रद्धा प्रकट की। प्रवचन के दौरान पूज्य मुनिराजों ने जीवन के उद्देश्य, जिन शासन की महिमा और अहिंसा के मूल संदेशों को सरल शब्दों में प्रस्तुत करते हुए आत्मा के वास्तविक स्वरूप की स्मृति दिलाई।

पूज्य गुरुदेव ने कहा यदि हमें अरिहंत प्रभु, जिनवाणी और जैन सिद्धांत ना मिलते-तो हमारी जीवन दिशा कितनी भटक सकती थी। सोचकर आत्मा काँप उठती है। आज संसार में जहाँ हिंसा, क्रोध, असत्य और पापाचार अपने चरम पर हैं, वहाँ केवल भगवान महावीर की वाणी ही शांति का मार्ग दिखाती है। उन्होंने आगे कहा हमें महावीर का शासन मिला, अरिहंत देव मिले, सच्चे गुरु मिले-यह हमारे भाग्य का जागरण है। हमें प्रण करना चाहिए कि कम से कम एक व्यक्ति को शाकाहारी बनाएंगे, जिन धर्म का प्रचार करेंगे और महावीर के शासन की महिमा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जैन धर्म के प्रति जागरूकता फैलाने, आचार-विचार में संयम अपनाने और आत्मिक उत्थान की प्रेरणा सभी को मिली। पूज्य मुनिराजों का मंगलमय सान्निध्य ठाणे-4 जैन स्थानक पर आगामी चार महीने तक बना रहेगा।

# जो भी बोले तोल व सोचकर बोले: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** यह सच है कि मनुष्य के मुंह से निकला अपशब्द, या बुरा वचन, धनुष से निकले तीर के समान है, जो एक बार निकल जाने के बाद वापस नहीं लिया जा सकता। इसका मतलब है कि बोले गए शब्द का प्रभाव स्थायी होता है और उसे वापस लेना या मिटाना संभव नहीं है। यह कहावत मनुष्य को शब्दों के चयन में सावधानी बरतने की सलाह देती है, क्योंकि एक बार बोले गए कठोर या अपमानजनक शब्द, किसी को ठेस पहुंचा सकते हैं और उनके बीच दूरियां बढ़ा सकते हैं। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे कहे। मनीषीसंत ने आगे कहा हमेशा सोच-समझकर बोलें और ऐसे शब्दों का प्रयोग न करें जो दूसरों को दुख पहुंचाएं। किसी की गलती के लिए उसे क्षमा करना बहुत आसान भी है और कठिन भी। आसान इस मायने में कि क्षमादान से मनुष्यों के बीच तमाम द्वेष-द्वंद्व मिट जाते हैं, जबकि यह कार्य कठिन इसलिए है, क्योंकि हर किसी में क्षमा करने का गुण विद्यमान नहीं होता। क्षमा याचना और क्षमा दान से व्यक्ति कमजोर या दुर्बल नहीं होता, बल्कि ऐसा करने से दोनों ही पक्ष अहंकार की अग्नि में जलने से बच जाते हैं और दोनों पक्षों के बीच आत्मीयता पहले की अपेक्षा और ज्यादा प्रकट हो जाती है। सभ्य समाज में क्षमा याचना और क्षमा दान का विशेष महत्व है।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया क्षमा में बहुत बड़ी शक्ति होती है। क्षमा मनुष्य की मनुष्य के प्रति कृतज्ञता है, इसलिए क्षमा दान को वीरों का आभूषण कहा गया है। इसी तरह क्षमा याचना से मनुष्य का समस्त अहंकार समाप्त हो जाता है। क्षमा याचना के लिए मनुष्य में अपनी गलती, असफलता और कमजोरी को स्वीकार करने की क्षमता होनी जरूरी है। जैसे-मनुष्य के मुंह से कोई अपशब्द निकल जाए तो वह उसे वापस नहीं ले सकता। मनुष्य के मुंह से निकला अपशब्द धनुष से निकले तीर के समान है, जो सामने वाले के शरीर में घाव करके ही रहेगा। इसलिए जाने-अनजाने में अपशब्द बोलने के उपरांत यदि मनुष्य अपने किए पर शर्मिंदा है तो उसके लिए उसके पास क्षमा याचना के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। क्षमा याचना की सबसे ज्यादा जरूरत व्यक्तिगत जीवन में पड़ती है। असल में प्रत्येक मनुष्य अपने बारे में एक धारणा और विचारधारा बना लेता है और वह उसी के अनुसार व्यवहार करता है। वह मन ही मन यह तय कर लेता है कि लोग उसे किस रूप में देखें, उसके बारे में क्या सोचें और क्या कहें। जब कोई व्यक्ति उसकी स्व-धारणा को ठेस पहुंचाता है तो उसे अप्रिय लगता है। वह यह मानने लगता है कि उसकी स्व-धारणा को आहत करने वाले को उससे क्षमा मांगनी चाहिए। अगर सामने वाला क्षमा मांग लेता है तो उसकी स्व-धारणा पुनः स्थापित हो जाती है वरना वह उस घटना को लंबे समय तक भुला नहीं पाता। ऐसी स्थिति से निकलने का सुझाव देते हुए गुरु गोविंद सिंह जी कहते हैं कि यदि कोई दुर्बल मनुष्य अपमान करे तो उसे क्षमा कर दो, क्योंकि क्षमा करना वीरों का काम है, लेकिन अपमान करने वाला बलवान हो तो उसको अवश्य दंड दो।

## पंचांग

रविवार, 13 जुलाई, 2025, सूर्योदयः 05:32 ए एम, सूर्यास्तः 07:21 पी एम, चन्द्रोदयः 09:22 पी एम, चन्द्रास्तः 07:41 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः श्रावण, वारः रविवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः तृतीया - 01:02 ए एम, जुलाई 14 तक, नक्षत्रः श्रवण - 06:53 ए एम तक, योगः प्रीति - 06:01 पी एम तक, करणः वणिज - 01:26 पी एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 01:02 ए एम, जुलाई 14 तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः मकर - 06:53 पी एम तक, राहुकालः 05:38 पी एम से 07:21 पी एम, गुलिक कालः 03:54 पी एम से 05:38 पी एम, यमगण्डः 12:27 पी एम से 02:10 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:59 ए एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:31 पी एम से 06:26 पी एम, अमृत कालः 08:26 पी एम से 10:02 पी एम, वर्ज्यः 10:52 ए एम से 12:28 पी एम

## भविष्य फल



**मेषः** गलतफहमी और लगातार असहमति परिवारिक माहौल को निराशाजनक बना सकती है। यह स्थिति आपको तनावग्रस्त कर सकती है।

**वृषः** आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। आपकी सेहत बेहतर बनी रहेगी। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे।

**मिथुनः** बिजनेस और नौकरी में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सोच-समझकर बोलें। उन्नति के रास्ते खुलेंगे।

**कर्कः** आज पारिवारिक समस्याओं से मन विचलित हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि के योग हैं।

**सिंहः** इस माह आपको भाग्य के साथ शानदार परिणाम मिलेंगे। आप प्रभावशाली लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे।

**कन्याः** करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। अपने कार्यों में संतान से पूरी मदद मिलेगी।

**तुलाः** कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। अपने काम पर पूरी नजरे रखें। अधिकारियों से सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिकः** आज आपकी घरेलू जिम्मेदारियों में धन खर्च होने की संभावना है, प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**धनुः** आर्थिक रूप से यह बहुत अच्छी अवधि है। व्यापारी वर्ग वांछित परिणाम प्राप्त करेंगे और अपने कार्य क्षेत्र में अपने लिए जगह बनाएंगे।

**मकरः** पारिवारिक मामलों में आपको भागदौड़ करनी पड़ेगी। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है।

**कुंभः** बिजनेस में आत्मनिर्भरता रहेगी। नए लोगों से कॉन्टैक्ट बनेंगे। कामकाज बढ़ेगा। साथ के लोगों से सहयोग मिल सकता है।

**मीनः** अपने परिवार के साथ रुखा व्यवहार न करें। यह पारिवारिक शान्ति को भंग कर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखे।

# एडब्लूएस ने भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान में स्पेस एक्सेलेरेटर प्रोग्राम लॉन्च किया

**चंडीगढ़।** अमेज़न वेब सर्विसेज़ ने आज एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर- एपीजे 2025 लॉन्च किया। यह प्रोग्राम एशिया पैसिफिक और जापान में स्पेस टेक्नोलॉजी पर केंद्रित स्टार्टअप्स को सपोर्ट देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य एशिया पैसिफिक क्षेत्र में इनोवेशन बढ़ाना और स्पेस इकोनॉमी में तेजी लाना है। इस 10-सप्ताह के एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में 40 तक चयनित स्टार्टअप्स को समर्पित व्यवसायिक संसाधन, विशेषज्ञता और टेक्नोलॉजी एवं बिज़नेस क्षमताओं का मार्गदर्शन दिया जाएगा, ताकि वो एडब्लूएस की मदद से अपने मिशन का निर्माण, विकास और विस्तार कर सकें। इस एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में स्पेस सेक्टर में काम कर रहे हर स्टेज के स्टार्टअप हिस्सा ले सकते हैं, जो भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड या जापान में स्थित हैं। इस प्रोग्राम की मदद से प्रतिभागी अपने टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म का निर्माण कर सकते हैं, अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर सकते हैं, और निवेश के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर के लिए आवेदन-एपीजे के लिए आवेदन 8 जुलाई, 2025 से शुरू होकर 5 सितंबर, 2025 तक जारी रहेंगे।

एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर- एपीजे 2025 टी-हब, मिन्फ़ी, फ्यूज़कि और एंसिस आदि एडब्लूएस पार्टनर्स के सहयोग से चलाया जाएगा।

# अमेजन इंडिया प्राइम डे 2025 के लिए पूरी तरह तैयार

चंडीगढ़। उलटी गिनती आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है! अब बस 24 घंटे बाकी हैं और अमेजन इंडिया अपने साल के सबसे बहुप्रतीक्षित शॉपिंग फेस्टिवल, प्राइम डे 2025 के लिए पूरी तरह तैयार है, खासतौर पर प्राइम मेंबर्स के लिए। 12 जुलाई को रात 12:00 बजे से लेकर 14 जुलाई को रात 11:59 बजे तक, ग्राहक 72 घंटे तक स्मार्टफोन्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, ग्रॉसरी सहित कई श्रेणियों में सबसे बेहतरीन डील्स, शानदार लॉन्च और अब तक की सबसे तेज़ डिलीवरी स्पीड का आनंद उठा सकेंगे। तीन दिन, तीन गुना उत्साह- इस साल प्राइम डे 2025 लेकर आ रहा है अब तक की सबसे बड़ी डील्स, शानदार लॉन्च, बेहतरीन मनोरंजन और जबरदस्त बचत !टॉप ब्रांड्स के नए लॉन्च और डील्स- प्राइम मेंबर्स को 400 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय टॉप ब्रांड्स के स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज़, फैशन, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, होम व किचन एसेंशियल्स, ग्रॉसरी और अन्य कैटेगरीज में हजारों नए प्रोडक्ट लॉन्च पर अर्ली एक्सेस मिलेगा। प्रमुख बैंक साझेदारों से रोमांचक ऑफ़र आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजैक्शन के साथ पेमेंट करने पर पाएं।

# कृषि बीमा योजनाएं किसानों के हित में हो न कि कंपनियों के मुनाफे की योजना: कुमारी सैलजा

> कहा- अधिकारी किसानों के बजाए गैरकानूनी तरीके से बीमा क्षेत्र कंपनियों को पहुंचा रहे है लाभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने राज्य में फसल बीमा योजना की गंभीर खामियों और किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि फसल बीमा योजना का मूल उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के समय आर्थिक राहत देना था, लेकिन यह योजना अब बीमा कंपनियों के मुनाफे का जरिया बनकर रह गई है। बीमा के नाम पर घोटाला करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मीडिया को जारी बयान में कुमरी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश के अलग अलग जिलों में हजारों किसान कई वर्षों से फसल बीमा का क्लेम पाने के लिए भटक रहे हैं। पर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। किसान एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में चक्कर काटने में लगा हुआ है। अधिकारियों और बीमा कंपनियों का गठजोड़ किसानों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। किसानों को परेशान करने वाले ऐसे अधिकारियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जब किसान अपनी फसलों का बीमा करवाता है तो कंपनियां न तो समय पर सर्वे कराती हैं और न ही नुकसान के आकलन में पारदर्शिता रखती हैं। अनेक किसानों को तो बीमा क्लेम से संबंधित कोई दस्तावेज ही नहीं दिया जाता, जबकि वाहन बीमा जैसे क्षेत्रों में उपभोक्ता को पूरी बीमा पॉलिसी सौंपी जाती है। यह दोहरी नीति किसानों के साथ अन्याय है। इससे साफ लगता है कि कंपनियों का शुरू से ही दरादा मुनाफा रहा है किसानों के हित से उन्हें कोई लेना देना नहीं है। सांसद ने आरोप लगाया कि बीमा कंपनियां गांव को एक इकाई मानकर पूरे क्षेत्र का नुकसान आंकती हैं। यदि किसी खेत में वास्तविक नुकसान हुआ है लेकिन पूरा गांव घोषित नुकसान की श्रेणी में नहीं आता, तो उस किसान को क्लेम नहीं मिलता। यह व्यवस्था किसान विरोधी है और इसमें तुरंत बदलाव होना चाहिए।



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन के दौर में बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि जैसी आपदाएं सामान्य हो गई हैं। ऐसे में यदि किसी किसान की फसल नष्ट हो जाए, तो उसे तुरंत मुआवजा मिलना चाहिए ताकि वह अगली फसल की तैयारी कर सके। लेकिन वर्तमान व्यवस्था में 2 से 3 साल की देरी आम बात हो गई है, जिससे किसान कर्ज में डूबता चला जाता है। उन्होंने कहा कि सरकारें केवल प्रीमियम वसूलने तक ही जिम्मेदारी निभाती हैं। लेकिन जब क्लेम देने की बात आती है, तो किसानों को बीमा कंपनियों के रहमोकरम पर छोड़ दिया जाता है। यह स्थिति तुरंत बदली जानी चाहिए। कुमारी सैलजा ने कि कपास उत्पादक क्षेत्रों में खरीफ -23 कपास बीमा क्लेम निर्धारण में कृषि विभाग और सीआईसी कंपनी अधिकारियों की मिलीभगत से भिवानी और चरखी दादरी में 300 करोड़ का बीमा घोटाला हुआ जिसमें आज तक न तो दोषी अधिकारियों को कोई सजा मिली और न ही पीड़ित किसानों को मुआवजा ही मिला।

सांसद कुमारी सैलजा ने सरकार से मांग की है कि किसानों को व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी दी जाए, जैसे अन्य बीमा क्षेत्रों में दी जाती है। बीमा सर्वे में पारदर्शिता हो और व्यक्तिगत खेत के नुकसान का आकलन हो। क्लेम की राशि एक तय समयसीमा के भीतर दी जाए अधिकतम 60 दिनों में। बीमा के नाम पर मुनाफाखोरी कर रही कंपनियों पर निगरानी रखी जाए और लापरवाही पर जुर्माना लगाया जाए। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों की इस पीड़ा को हर स्तर पर उठाएगी और किसानों को उनका हक दिलाने के लिए संघर्ष करेगी।

# सोनीपत ट्रैफिक पुलिस का अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक एव क्राइम नरेन्द्र कादयान के निर्देशानुसार ट्रैफिक पुलिस सोनीपत ने सोनीपत शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने तथा जाम से निजात दिलाने के लिये शहर में दुकानों के बाहर अवैध तरीके से रखे सामान तथा सड़क पर रेहड़ी व अवैध पार्किंग आदि के अतिक्रमण को हटवाने के लिए विशेष अभियान चलाया। यह अभियान मामा भांजा चौक, देवीलाल चौंक व बस अड्डा सोनीपत के आस-पास के क्षेत्र में चलाया गया। सिटी ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज निरिक्षक देशराज की मौजूदगी में पहुंचे भारी पुलिस बल की इस कार्रवाई को देखते हुए दुकानदारों व् रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों व अवैध पार्किंग मे खड़े वाहनो के मालिको में हड़कंप मच गया। सभी ने निर्धारित सीमा से बाहर किए अतिक्रमण को समेटना शुरू कर दिया। दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे सामान को हटवाया गया तथा सड़क के पास लगी रेहड़ियों को हटवाया गया। साथ ही दोबारा अतिक्रमण ना करने की दुकानदारो से व जनता से अवैध पार्किंग मे वाहन खड़ा ना करने की अपील की गई।

# उद्योग पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने के लिए 15 तक करे आवेदन: सुशील सारवान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत उद्योगों के लिए पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन को स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान 15 जुलाई तक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सप्लाई चैन की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य एक्स-सीटू फसल अवशेषों का प्रबंधन करना है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में फसल अवशेषों को एकत्रित एवं भंडारण करने के लिए बुनियादी ढांचे की स्थापना, बेलिंग, परिवहन और हैंडलिंग के सभी आधुनिक उपकरण आदि इस योजना के अंतर्गत शामिल होंगे। धान के भूसे का उपयोग विभिन्न उद्योगों जैसे बायोमास, बिजली उत्पादन इकाइयां, थर्मल पावर प्लांट में बायोमास सह-फायरिंग, बायो-सीएनजी, जैव इथेनॉल, आदि में कर सकते है, इससे किसानों के लिए और ग्रामीण क्षेत्रो में रोजगार के अवसर बढेंगे।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ पवन शर्मा ने बताया कि सोनीपत जिले में मौजूद उद्योग 25 किलोमीटर के दायरे में किसान/किसानों के समूह/ग्रामीण उद्यमियों/किसानों की सहकारी समितियों/एफपीओ और पंचायत को एग्रीगेटर के रूप में या फिर नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा आवंटित क्लस्टर की पहचान करेगा। उद्योग व एग्री गेटर दोनों द्विपक्षीय सहमति से परियोजना का बकाया 35 प्रतिशत (25 प्रतिशत उद्योग+10 प्रतिशतएग्री गेटर) योगदान करके पोर्टल पर आवेदन कर सकता है। इसके अतिरिक्त केवल एग्रीगेटर भी 65 प्रतिशत अनुदान से अतिरिक्त बकाया 35 प्रतिशत अकेला लगाकर भी आवेदन कर सकता है और इस स्कीम में आवेदन कर्ता को दोनों विकल्पों में बैंक लोन लेना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि एग्रीगेटर हरियाणा राज्य का निवासी होना चाहिए। प्राप्त आवेदनों की जांच जिला स्तरीय कार्यकारी समिति (डीएलईसी) द्वारा की जाएगी डीएलईसी परियोजना संबंधित दस्तावेज जैसे वितीय सहायता हेतु बैंक की मंजूरी, परियोजना लागत में शामिल मशीनों के संयोजन में प्रति सीजन 3000/ 4500 मीट्रिक टन धान के भूसे का प्रबंधन करने की क्षमता होनी चाहिए, उद्योग और एग्रीगेटर द्विपक्षीय समझौता होना, पिछले 2 वर्षो के दौरान धान की फसल के अवशेषों की खरीद और 100 प्रतिशत धान के भूसे पर आधारित उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी और डीएलईसी राज्य स्तरीय मंजूरी समिति को अनुमोदन के लिए सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

### योगी आदित्यनाथ ने दिखाई गुरु तेगबहादुर संदेश यात्रा को हरी झंडी, बोले-

# गुरुओं का बलिदान सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर साहिब श्री गुरु तेगबहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री गुरु तेगबहादुर सन्देश यात्रा को पुष्प वर्षा कर रवाना किया। यह यात्रा श्री गुरु सिंह सभा, नाका हिण्डोला, लखनऊ से गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब, चांदनी चैक, दिल्ली तक होगी। इसके पूर्व मुख्यमंत्री अपने शीश पर श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी के पावन स्वरूप को धारण कर आगमन एवं स्वागत करते हुए आसन पर विराजमान किया। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रन्थ साहिब के समक्ष मत्था टेका। इस अवसर पर आयोजित शबद-कीर्तन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को गुरु तेग बहादुर जी का चित्र, स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश से दिल्ली तक जाने वाली सन्देश यात्रा बलिदान के स्मृतियों को जीवन्त बनाए रखने व वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। बलिदान सन्देश यात्रा के दृष्टिगत देश एवं प्रदेश के अन्दर एक नया उत्साह और उमंग दिख रहा है। देश भर में कई आयोजन हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश स्थित गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटियां इसके लिए कार्य कर रही हैं। यह सन्देश यात्रा लखनऊ से प्रस्थान कर दिल्ली के उस स्थान तक जा रही है, जहां सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए गुरु तेग बहादुर जी ने शहादत दी। इस यात्रा के माध्यम से साढ़े तीन सौ वर्षों के सम्पूर्ण इतिहास को जीवन्तता प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औरंगजेब द्वारा सनातन धर्म पर किए गए हमलों तथा अत्याचारों की खबरें उस कालखण्ड में आती थी। औरंगजेब का उद्देश्य था, तिलक, जनेऊ तथा सनातन धर्म को समाप्त करना। औरंगजेब के अभियान को प्रथम चुनौती गुरु तेगबहादुर जी महाराज ने दी थी। तत्कालीन समय में शासकों ने गुरु तेगबहादुर जी महाराज, भाई सतिदास, भाई मतिदास, भाई दयाला जी के साथ अत्याचार एवं क्रूरता की सारी सीमाएं तोड़ दी। भय और प्रलोभन से गुरु तेगबहादुर जी महाराज को इस्लाम स्वीकार करने के लिए दबाव बनाया, लेकिन वे अपने पथ से



विचलित नहीं हुए। अन्ततः वे शहादत देकर भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए। यही शहादत की परम्परा है, जिस पर वर्तमान भारत की नींव खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व की चैथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। इसकी नींव में यही शहादत और बलिदान है। चार साहबजादों ने देश और धर्म की रक्षा करने के लिए बलिदान दिया था। सत्य को कोई समाप्त नहीं कर सकता। सत्य हर काल व परिस्थिति में अपने अस्तित्व को बनाए रखता है। सिख गुरुओं का इतिहास भारत व विश्व के समक्ष सच्चाई को प्रस्तुत करता है। इसी इतिहास पर भारत की सुदृढ़ नींव खड़ी है।


मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेगबहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर आयोजित सन्देश यात्रा हमें प्रेरणा दे रहा है कि जिस उद्देश्य से सिख गुरुओं से अपनी शहादत, त्याग व बलिदान दिया था। वर्तमान पीढ़ियों का यह दायित्व है कि गुरुओं की शहादत को जीवन्त बनाए रखने के लिए कार्य करे। धर्मांतरण व आपस में फूट डालने की कोशिश के प्रति हमें सतर्क रहना पड़ेगा। प्रदेश के कार्यक्रमों में दिल्ली गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी का सकारात्मक योगदान प्राप्त होता रहता है। उत्तर प्रदेश व दिल्ली की गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटियां परस्पर एक टीम भाव के साथ कार्य करती हैं। यहां पर कोई भी आवाज हम सामूहिक रूप से लेकर चलते हैं तो वह राष्ट्रीय बनती है। यह आवाज सफल भी होती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में शबद-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसके उपरान्त वीर बाल दिवस सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 26 दिसम्बर की तिथि को राष्ट्रीय स्तर पर 'वीर बाल दिवस' आयोजित करने का निर्णय लिया। इसे राष्ट्रीय स्तर का आयोजन बनाकर भावी पीढ़ियों के समक्ष इतिहास को जीवन्त बनाने का प्रयास किया गया है। सिख गुरुओं की महानता व समर्पण भाव सभी भारतीयों के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह सन्देश यात्रा एक शुरुआत है, जो कोटि-कोटि भारतीयों के लिए प्रेरणा का केन्द्र रहेगी। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ओलख, विभिन्न गुरुद्वारा प्रबन्ध समिति के पदाधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## चार श्रम संहिताओं के विरोध में आम हड़ताल, श्रमिक संगठनों ने केंद्र पर लगाए पूंजीपतियों के पक्षपात के आरोप

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**मंगलगिरी(** आंध्र प्रदेश राजधानी विधानसभा क्षेत्र मंगलगिरी और तेदेपल्ली इधर अमरावती के विभिन्न श्रमिक दलों ने आज आंदोलन कर केंद्र सरकार की आलोचना किया और उनकी योजना को बेतुकी कहा केंद्र सरकार श्रम अधिकारों को छीन रही है और श्रम कानूनों को पूंजीपतियों के हाथों में सौंपकर श्रमिकों के श्रम का शोषण कर रही है, वहीं देश भर के श्रमिक संघों और किसान संगठनों ने नरेंद्र मोदी सरकार से श्रमिक वर्ग के लिए हानिकारक चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, न्यूनतम मजदूरी 26,000 रुपये करने और किसानों द्वारा उगाई गई फसलों के लिए लाभकारी मूल्य प्रदान करने जैसी मांगों के साथ आम हड़ताल का आह्वान किया है। इस आह्वान के तहत बुधवार को मंगलगिरी कस्बे में आम हड़ताल का आयोजन किया गया। हड़ताल के अवसर पर मंगलगिरी कस्बे में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली से पहले, प्रजा नाट्यमंडली के कलाकारों ने क्रांतिकारी गीत गाए और ढोल बजाए। रैली गौतम बुद्ध रोड, न्यू बस स्टैंड, अंबेडकर केंद्र, देवस्थानम रोड, गलीगोपुरम, मुख्य बाजार, पोट्टी श्रीरामुलु प्रतिमा, साधु सोडा केंद्र, फूल बाजार केंद्र, मिद्दे केंद्र, अन्नपूर्णा थिएटर, गौतम बुद्ध रोड होते हुए पुराने बस स्टैंड पहुंची। रैली का आयोजन एटक से संबद्ध यूनियनों, सीटू से संबद्ध यूनियनों, एआईएफटीयू न्यू और वाईएसआर टीयूसी के तत्वावधान में किया गया था। पुराने बस स्टैंड केंद्र पर प्रजा नाट्यमंडली के कलाकारों ने श्रमिकों से संबंधित गीत गाए। बैठक अंबेडकर केंद्र में हुई। बैठक की अध्यक्षता सीटू शहर सचिव एम बालाजी ने की। इस अवसर पर बोलते हुए सीपीआई निर्वाचन क्षेत्र सचिव चिन्नी तिरुपतैया, सीपीआई शहर सचिव और एटक जिला सहायक सचिव अन्नावरपु प्रभाकर



ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार वे इस बात पर नाराज़ थे कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण बेरोज़गारी बढ़ी है। उन्होंने इस बात पर भी रोष व्यक्त किया कि मोदी की विनाशकारी नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था बिखर रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार की कॉर्पोरेट-समर्थक जन नीतियों का विरोध किया जाना चाहिए। वे इस बात पर भी नाराज़ थे कि पूँजीपतियों के पक्ष में कानूनों में बदलाव करके मज़दूरों के श्रम का शोषण किया जा रहा है। इस रैली में भाग लेने वाले वाईएसआर ट्रेड यूनियन के श्री रत्नाकर श्रीनिवास राजू कंचरला कसाई कम वेंकटेश्वर राव कम तेदेपल्ली कम के प्रधान पूर्व सांसद श्री मधु जी ने भी इसमें भाग लिया इन्होंने श्रमिक जीवन को उद्धार करने के लिए गुप्त केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया रत्नाकर श्रीनिवास राजू मंगलगिरी विधानसभा प्रभारी ने कहा कि आर्थिक नीतियों में मजदूरों का हनन होना देश के लिए हिट नहीं है।

## लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट एक व्यवहार्य और जीवन रक्षक प्रक्रिया: डॉ. कप्तान सिंह



मैक्स अस्पताल ने 38 वर्षीय युवक की लाइफ-सेविंग लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी करके रचा इतिहास

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मोहाली के डॉक्टरों ने तीन वर्षों से अधिक समय से क्रोनिक लिवर रोग से पीड़ित युवक पर लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक ईलाज करके अमलोह निवासी को नया जीवन प्रदान किया है। ज्ञात रहे कि लिवर ट्रांसप्लांट कंसल्टेंट-एचपीबी सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट डॉ. कप्तान सिंह, डायरेक्टर-जीआई, एचपीबी और लिवर ट्रांसप्लांट डॉ. मनमोहन सिंह बेदी, प्रिंसिपल डायरेक्टर-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ. अतुल सचदेव और उनकी टीम ने अहम भूमिका अदा की। 38 वर्षीय बलजीत सिंह को 2022 में उल्टी में खून, कमजोरी और चक्कर आने की समस्या हुई थी। धीरे-धीरे उनकी हालज बिगड़ती गई। 2025 में लिवर खराब होने की वजह से ही ट्रांसप्लांट एकमात्र उपचार था। अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए ट्रांसप्लांट के बारे में बात करते हुए डॉ. कप्तान सिंह ने बताया हालांकि उनकी बहन अपना लिवर दान करना चाहती थी लेकिन ब्लड ग्रुप नही मिल सका। अतंत उनकी पत्नी ने लिवर दान किया। सभी आवश्यक परीक्षणों के बाद ट्रांसप्लांट करके रोगी को बीमारी से निजात दिलाया जा सका। उन्होने कहा कि अंतिम चरणों के लिवर रोगियों में लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट एक व्यवहार्य और जीवन रक्षक प्रक्रिया है। रोगी का रोगग्रस्त लिवर निकाल दिया गया, और लगभग 62-65 प्रतिशत लिवर ट्रांसप्लांट के लिए ले लिया गया। अब डोनर के पास लगभग 35 प्रतिशत लिवर है जो 6-8 हफ्तों में पूरी तरह से पुनर्जीवित हो जाएगा। रोगी और डोनर दोनों स्वस्थ हैं।

## नयागांव में अधूरे पार्क पर दो-दो उद्घाटन, हाईकोर्ट की 20 अगस्त की सुनवाई पर टिकी निगाहें

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू-चंडीगढ़।** नयागांव के नगर खेड़ा, वार्ड नंबर 12 में प्रस्तावित सार्वजनिक पार्क को लेकर पिछले छह वर्षों से जारी संघर्ष अब एक खुली राजनीतिक लड़ाई का रूप ले चुका है। शुक्रवार को भाजपा शासित नगर परिषद की प्रधान बलविंदर कौर व पार्षदों ने अधूरे पार्क का उद्घाटन सुबह 10 बजे किया, जबकि आम आदमी पार्टी की विधायक अनमोल गगन मान ने उसी दिन शाम 4 बजे उसी पार्क का पुनः उद्घाटन कर दिया।

इस दोहरे उद्घाटन ने स्थानीय जनता को असमंजस में डाल दिया और भारी आक्रोश भी उत्पन्न किया। खास बात यह है कि यह वही पार्क



है, जिसे लेकर 2019 में मात्र 4 वर्ष की बच्ची समृद्धि वर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। अब वह बच्ची 10 साल की हो चुकी है लेकिन पार्क आज भी अधूरा पड़ा है।

**छह वर्षों की न्यायिक प्रक्रिया**

सितंबर 2019-4 वर्षीय समृद्धि वर्मा



द्वारा पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

नवंबर 2020- नगर परिषद ने 1.41 करोड़ की योजना बनाई और ठेकेदार को कार्य दिया

2022-24- कार्य रुकता रहा, हाईकोर्ट ने कई बार नाराज़गी जताई

20 अगस्त 2025- अगली सुनवाई में नगर परिषद को देना होगा जवाब – कितना कार्य हुआ, कितनी राशि खर्च हुई, और देरी के लिए जिम्मेदार कौन?

**जमीनी सच्चाई:** पार्क में न बाउंड्री पूरी है, न झूले, न रोशनी की व्यवस्था, और न ही बच्चों के लिए शौचालय या खेल का सामान। केवल दो ट्यूबवेल और एक मोबाइल टावर ही 'विकास' के नाम पर खड़ा है।

**स्थानीय विरोध:** स्थानीय निवासी सतिंदर शर्मा और अन्य ने उद्घाटन को ÷जनता की भावनाओं के साथ मज़ाक÷ करार दिया और मांग की कि जब तक कार्य पूर्ण न हो, कोई राजनीतिक उद्घाटन नहीं होना चाहिए।

## प्राचीन काली माता मंदिर कालका में सावन की तैयारिया शुरू

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। प्राचीन श्री काली माता मंदिर, कालका में श्रावण माह 2025 की भव्य तैयारियाँ शुरू हो चुकी हैं। इस पावन अवसर पर मंदिर को सुंदर फूलों और झालरों से सजाया गया है। भगवान शिव की प्रतिमा को गणेश रूप में अत्यंत भव्य और मनमोहक रूप से सजाया गया, जिसे भक्तों द्वारा खूब सराहा जा रहा है।

श्रावण मास का आरंभ 10 जुलाई 2025 से हो रहा है, और मंदिर में प्रतिदिन रात 10 बजे से संगीतमय शिव भजन एवं कीर्तन का आयोजन हो रहा है। भक्तगण भारी संख्या में इस अलौकिक अनुभव का



हिस्सा बनने मंदिर पहुँच रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में राजीव बंसल (राजू), परवीन कांत, अमित जिंदल, मनप्रीत सिंह और सोनू का विशेष सहयोग रहा। उनकी सेवा भावना और भक्ति से मंदिर का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा है।

## आंध्र प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा नहीं : कल्याणी

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफलता रहा

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

विशाखापत्तनम। वाईएसआरसीपी महिला विंग की अध्यक्ष और एमएलसी वरुदु कल्याणी ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफलता के लिए कड़ी आलोचना की, खासकर काकीनाडा के रंगाराया मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी संस्थानों में। विशाखापत्तनम स्थित वाईएसआरसीपी कार्यालय में बोलते हुए, उन्होंने एक परेशान करने वाली घटना का जिक्र किया जिसमें एक लैब असिस्टेंट ने छात्राओं के निजी अंगों की तस्वीरें खींचीं, उन्हें ब्लैकमेल किया, और शिकायतों के बावजूद कोई ख़ास कार्रवाई नहीं की



गई, केवल सह-आरोपी तकनीशियनों को निलंबित कर दिया गया। कल्याणी ने उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की अपने ही जिले में निष्क्रियता पर सवाल उठाया, महिला सुरक्षा पर उनके ÷खोखले संवादों÷ को खारिज कर दिया, और गृह मंत्री अनीता की आलोचना की कि वे 50 पीड़ित छात्राओं की दुर्दशा पर ध्यान देने के बजाय वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी पर राजनीतिक हमलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

सरकार लापरवाह है, और अत्याचार बढ़ रहे हैं, जिनमें गुडलावल्लेरु इंजीनियरिंग कॉलेज में छिपे हुए कैमरे, राजमुंदरी में एक नर्सिंग छात्रा पर हमला और अनंतपुर में सामूहिक बलात्कार शामिल हैं। कल्याणी ने अप्रभावी शक्ति ऐप की निंदा की और इसकी तुलना वाईएसआरसीपी के दिशा ऐप से की। उन्होंने विशाखापत्तनम में अनियंत्रित नशीली दवाओं के व्यापार पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, नेताओं की जवाबदेही और राज्य भर में महिलाओं की सुरक्षा बहाल करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की।

## अररिया-गलगलिया बीजी लाइन के लिए सीआरएस निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**मालीगांव।** बहुप्रतीक्षित 110.75 किलोमीटर लंबी अररिया-गलगलिया ब्रॉड गेज लाइन परियोजना का रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) सुमीत सिंघल द्वारा वैधानिक निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न होते ही एक प्रमुख उपलब्धि हासिल हो गई। 9 जुलाई 2025 को शुरू हुआ यह व्यापक निरीक्षण 11 जुलाई 2025 को संपन्न हुआ, जिससे रणनीतिक रूप से इस महत्वपूर्ण मार्ग पर पूर्ण रेल परिचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया।

यह महत्वपूर्ण कार्य इस रेल परियोजना के पूरा होने में एक टर्निंग प्वाइंट है, जिससे बिहार और आसपास के क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी और परिचालन दक्षता में वृद्धि होगी। अब सीआरएस प्राधिकरण मिलने के साथ, यह पूरा सेक्शन सुरक्षित और निर्बाध यात्री एवं मालगाड़ियों के आवागमन को सज्ज है।

अररिया-अररिया कोर्ट-रहमतपुर सेक्शन (8.24 कि.मी.) अप्रैल



2024 में चालू कर दिया गया, इसके बाद पौआखाली-ठाकुरगंज सेक्शन (23.24 कि.मी.) नवंबर 2024 में चालू किया गया। सीआरएस निरीक्षणों के सफल समापन के साथ, अंतिम और सबसे लंबा सेक्शन-रहमतपुर से पौआखाली (79.77 कि.मी.) भी चालू हो गया, जिससे संपूर्ण अररिया-गलगलिया ब्रॉडगेज कॉरिडोर का निर्माण पूरा हो गया है। नवनिर्मित लाइन को अधिकतम 100 कि.मी. प्रति घंटे की गति से परिचालन के लिए अधिकृत किया गया है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत एक प्रमुख बुनियादी संरचना वाली परियोजना, अररिया-गलगलिया लाइन में 64 बड़े पुल, 264 छोटे पुल और 15 नए रेलवे स्टेशन शामिल हैं। ये घटक परियोजना के इंजीनयरी पैमाने और जटिलता को दर्शाते हैं और सामूहिक रूप से संरक्षा, संपर्क और क्षेत्रीय सुगम्यता को बढ़ाएँगे।

इस अंतिम माइलस्टोन के साथ, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे अब संपूर्ण अररिया-गलगलिया सेक्शन को चालू करने को तैयार है, जिससे यात्री सुविधा, माल ढुलाई और क्षेत्रीय आर्थिक विकास के संदर्भ में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा।

## मार्केट सेक्टर 15 डी चंडीगढ़ में 40 युवाओं ने किया रक्तदान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** गर्मियों की वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व इंडियन रेडक्रॉस यूटी चंडीगढ़ द्वारा कार्तिक रेस्टोरेंट के सहयोग से मार्केट सेक्टर 15 डी चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 42 लोगों ने रक्तदान करने के लिए पंजीकृत करवाया। 2 को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों की वजह से डाक्टरों द्वारा रक्तदान करने के लिए मना कर दिया गया। ब्लड बैंक रोटरी एण्ड ब्लड बैंक सोसाइटी रिसोर्स सेंटर सेक्टर-37 चंडीगढ़ की टीम ने डायरेक्टर डॉक्टर मनीष राय की देखरेख में 40 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया।

विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि शिविर का उद्घाटन कार्तिक रेस्टोरेंट के मालिक पी गुणा सेकरण ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया और आये हुए लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया। इस रक्तदान शिविर में रेडक्रॉस यूटी चंडीगढ़ की नोडल अफसर पूनम मलिक द्वारा रक्तदाताओं के लिए प्रशंसा पत्र भी दिए गए। उन्होंने बताया कि लोगों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती, बल्कि सभी को 90 दिन में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए। पी गुणा सेकरण ने बताया कि रक्तदान महादान है। किसी जरुरतमन्द व्यक्ति को रक्त देकर उसकी जान बचाई जा सकती है। आमतौर पर लोगों की मानसिकता है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। ये भ्रामक जानकारी है। इस रक्तदान शिविर में आये सभी रक्तदानियों को प्रशंसा पत्र व गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विश्वास फाउंडेशन से रमेश सुमन, वरीन्द्र कुमार, मधु खन्ना, जनक मुंझाल, रेड क्रॉस चंडीगढ़ का स्टाफ व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## टीएचडीसीआईएल ने राष्ट्र निर्माण व ऊर्जा उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ 38वां स्थापना दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**ऋषिकेश।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, विद्युत क्षेत्र का अग्रणी सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) ने ऋषिकेश स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और देश भर की सभी परियोजनाओं और इकाई कार्यालयों में बड़े उत्साह और गौरव के साथ अपना 38वां स्थापना दिवस मनाया। यह अवसर न केवल 1988 में अपनी स्थापना के बाद से संगठन की शानदार यात्रा में एक और वर्ष का प्रतीक रहा, बल्कि ऐतिहासिक उपलब्धियों के वर्ष के रूप में भी चिह्नित किया, जिसने टीएचडीसीआईएल के ऊर्जा पोर्टफोलियो का महत्वपूर्ण रूप से विस्तार किया और सततता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया साथ ही जिससे भारत के भविष्य को ऊर्जा प्रदान करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि हुई है।

स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर. के. विश्नोई द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई, जिसके बाद विश्नोई ने शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक), भूपेंद्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) एवं सिपन कुमार गर्ग, निदेशक (वित्त) के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलन किया। टीएचडीसीआईएल के स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन ऋषिकेश स्थित रसमंजरी हॉल में किया गया जिसमें कर्मचारियों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अपने प्रेरक संबोधन में, विश्नोई ने टीएचडीसीआईएल की 38 वर्षों की परिवर्तनकारी यात्रा पर प्रकाश डाला और हाल ही में उत्तराखंड के टिहरी में 1000 मेगावाट के वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) की पहली और दूसरी यूनिटों(प्रत्येक 250 मेगावाट) के कमीशन होने की सराहना की, जिसमें भारत की पहली वेरिएबल स्पीड टरबाइन है एवं किसी भी सीपीएसई द्वारा अपनी तरह का सबसे बड़ा पीएसपी है। ये उपलब्धियां भारत के विद्युत क्षेत्र में ग्रिड लचीलेपन, नवीकरणीय एकीकरण और ऊर्जा स्थिरता की दिशा में एक बडे कदम का प्रतीक है।

श्री विश्नोई ने उत्तर प्रदेश के



बुलंदशहर में 1320 मेगावाट की खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की यूनिट-1 (660 मेगावाट) के कमीशन होने पर भी प्रकाश डाला, जिसे माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने राष्ट्र को समर्पित किया। यह उपलब्धि टीएचडीसीआईएल के ताप विद्युत क्षेत्र में रणनीतिक विस्तार, इसके ऊर्जा पोर्टफोलियो में और विविधता लाने और देश की बढ़ती विद्युत मांगों को पूरा करने की इसकी प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि स्थापना दिवस न केवल अपनी विरासत का उत्सव है, बल्कि यह भारत की नेट-ज़ीरो प्रतिबद्धताओं, ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों और राष्ट्र निर्माण की आकांक्षाओं के अनुरूप एक अग्रणी ऊर्जा संगठन बनने के टीएचडीसीआईएल के रणनीतिक दृष्टिकोण की पुष्टि करने का भी अवसर है।

श्री विश्नोई ने आगे कहा कि यह स्थापना दिवस न केवल उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि टीएचडीसीआईएल के समर्पण, एकता और राष्ट्र विकास की भावना का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि टीएचडीसीआईएल की प्रत्येक उपलब्धि के पीछे प्रेरक मानव शक्ति हैं साथ ही उन्होने कंपनी की उत्कृष्टता की खोज में निरंतर सहयोग के लिए सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों की हार्दिक सराहना की।

उन्होंरने इस बात पर बल दिया कि किसी भी संगठन की सफलता उसके शीर्ष प्रबंधन की दूरदृष्टि और प्रतिबद्धता में निहित होती है, और इस संदर्भ में टीएचडीसीआईएल के निदेशक मंडल की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। श्री विश्नोई ने यह स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि हाल ही में संगठन द्वारा प्राप्त असाधारण उपलब्धियों के पीछे सभी निदेशकों का योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने निदेशक (कार्मिक), निदेशक (तकनीकी) तथा निदेशक (वित्त) के समर्पित प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की, जिनके कुशल नेतृत्व और रणनीतिक मार्गदर्शन से टीएचडीसीआईएल की निरंतर प्रगति और रूपांतरण संभव हो सका है।

समारोह के एक भाग के रूप में, संगठन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन, शैक्षणिक प्रदर्शन एवं आयोजित प्रतियोगिताओं के लिए विभिन्न पुरस्कारों के माध्यम से कर्मचारियों और उनके परिवारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जो टीएचडीसीआईएल परिवार की एकता और प्रतिभा का प्रतीक थे। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के 38वें स्थापना दिवस समारोह के मुख्य आकर्षण के रूप में, टीएचडीसी आईएल के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डी.वी. सिंह को प्रतिष्ठित नमन पुरस्कार प्रदान किया गया, जो उनके दूरदर्शी नेतृत्व और संगठन के विकास के प्रति आजीवन समर्पण को सम्मानित करता है, जबकि नीरज वर्मा, कार्यपालक निदेशक (प्रभारी), ए.के. घिल्डियाल, कार्यपालक निदेशक (एपीपी); अजय वर्मा, मुख्य महाप्रबंधक (वीपीएचईपी), अजय कुमार गर्ग, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त) एवं डॉ. ए.एन. त्रिपाठी, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन एवं कॉर्पोरेट संचार) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया।

# स्कूल-कॉलेजों में लौटे बच्चे, दाखिलों में जबरदस्त इज़ाफा नशा छोड़कर भविष्य की राह पर लौट रहे हैं नौजवान: बैंस

भारत सरकार के राष्ट्रीय सर्वेक्षण में पंजाब शिक्षा के क्षेत्र में बना नंबर वन

'मिशन समर्थ' से छात्रों की नींव हुई मजबूत, राज्य के सरकारी स्कूल केंद्र सरकार के शैक्षणिक संस्थानों से निकले आगे



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 12 जुलाई।** आम आदमी पार्टी 'आप' के वरिष्ठ नेता और पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने पिछली कांग्रेस, अकाली-भाजपा की सरकारों पर राज्य की शिक्षा व्यवस्था को नजरअंदाज करने के लिए निंदा की और कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में %आप% सरकार ने बीते साढ़े तीन वर्षों में राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

शनिवार को एक प्रेस को सम्बोधित करते हुए मंत्री बैंस ने कहा कि पिछली सरकारों के दौरान सरकारी स्कूलों की हालात बेहद खराब थी। बच्चे दरियों में बैठने को मजबूर थे, लेकिन 2022 में 'आप' सरकार बनने के बाद हमने सरकारी स्कूलों का कायाकल्प किया। हमने नए क्लासरूम बनाने के साथ अत्याधुनिक लैब्स, सुरक्षा गार्ड, कैंपस मैनेजर, ट्रांसपोर्ट सेवा शुरू की, समय पर यूनिफॉर्म व किताबों की आपूर्ति से लेकर स्कूल ऑफ एमिनेंस तक अनेक सुधार किए गए हैं। हमने शिक्षकों को वविश्वस्तरीय प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा और विद्यार्थियों के लिए एक्सपोजर विज़िट जैसी योजनाएं लागू की। मंत्री बैंस ने आगे बताया कि सरकार फाउंडेशन लर्निंग को प्राथमिकता दे रही है। बच्चों को मजबूत शैक्षणिक आधार देने के लिए अध्यापकों को बिना किसी दबाव के प्रोत्साहित किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि हर बच्चा आत्मविश्वास और गुणवत्ता के साथ आगे बढ़े।

उन्होंने आगे कहा कि 'मिशन समर्थ' के तहत उन बच्चों की पहचान की गई जो अपनी कक्षा के अनुसार पढ़ने-लिखने या मैथ्स में कमजोर थे। इस मिशन को सही ढंग से लागू किया गया। जिसके परिणाम भारत सरकार के नेशनल असेसमेंट सर्वे में देखने को मिला, जिसमे पंजाब ने पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। बैंस ने कहा कि पंजाब ने केवल प्रथम स्थान ही नहीं प्राप्त किया, बल्कि अपने पिछले सभी रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। विशेष रूप से तीसरी कक्षा के छात्रों ने 100 में से 80 का ऐतिहासिक स्कोर प्राप्त किया, जबकि देश का औसत मात्र 60-65 के बीच रहा।

राष्ट्रीय सर्वे में सामने आया कि पंजाब के सरकारी स्कूलों ने राज्य के निजी स्कूलों और यहां तक कि केंद्र सरकार के शैक्षणिक संस्थानों को भी पीछे छोड़ दिया है। सर्वे के दौरान स्कूलों का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया था, फिर भी पंजाब के सरकारी स्कूलों का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि चाइल्ड साइकोलॉजी के अनुसार जब बच्चा अपनी मातृभाषा में दक्ष होता है तो वह अन्य विषयों को बेहतर समझ पाता है। इसी सोच के तहत पंजाबी भाषा में रीडिंग, लर्निंग और राइटिंग पर जोर दिया गया, जिसके सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं।

### देशभर में मिसाल बन गया है शिक्षा विभाग

बैंस ने कहा कि पहले शिक्षा विभाग से जुड़ी नकारात्मक खबरें सुर्खियों में रहती थीं, लेकिन आज वही विभाग देशभर में मिसाल बन गया है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय पंजाब के एक लाख से अधिक सरकारी अध्यापकों, नॉन-टीचिंग स्टाफ, मिड डे मील वर्कर्स, सिक्योरिटी गार्ड्स और पूर्व व वर्तमान अधिकारियों को दिया। बैंस ने कहा कि हमारा ये मिशन लगाता जारी है। राज्य के 20,000 स्कूलों को बेहतर बनाने का लक्ष्य अब भी बाकी है। 'आप' सरकार की यह सफलता एक बड़ा कीर्तिमान है जो भारत सरकार के सर्वे में दर्ज हो गई है। यह उपलब्धि हर पंजाबी और देशवासी तक पहुंचनी चाहिए।

# शहीद ऊधम सिंह को सुनाम में श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

अमन अरोड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को पंजाब सरकार द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप), पंजाब के प्रधान अमन अरोड़ा ने नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर उन्हें पंजाब सरकार द्वारा 31 जुलाई को सुनाम में आयोजित किए जा रहे शहीद ऊधम सिंह के शहादत दिवस समारोह में शामिल होने और इस महान शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए आमंत्रित किया।

अमन अरोड़ा के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने श्री केजरीवाल को शहीद ऊधम सिंह के बलिदान की ऐतिहासिक महत्ता से अवगत करवाया और बताया कि इस अवसर पर पंजाब सरकार एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जो इस महान क्रांतिकारी को सम्मान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। प्रतिनिधिमंडल में विधायक दविंदर सिंह लाडी ढोस, फौजा सिंह सरारी, रजनीश दहिया, गुरलाल घनौर, जगदीप गोल्डी कम्बोज, मुहम्मद जमील उर रहमान, राजिंदरपाल कौर छीना, नीना मित्तल, नरेश कटारिया, नरिंदर कौर भराज, चेतन सिंह जौड़ामाजरा और पंजाब बी.सी. कमीशन के चेयरमैन डॉ. मलकीत सिंह थिंद शामिल थे।

अमन अरोड़ा ने आप के राष्ट्रीय संयोजक को बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली सरकार शहीद ऊधम सिंह की जन्मभूमि सुनाम ऊधम सिंह वाला में यह राज्य स्तरीय समारोह आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि यह वही ऊधम सिंह हैं, जिन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए लंदन जाकर माइकल ओ डायर को मौत के घाट उतारा, और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक नई प्रेरणा दी। इसलिए उनका शहादत दिवस पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया जाना आवश्यक है। अरविंद केजरीवाल ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वह शहीद ऊधम सिंह के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु अवश्य उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर श्री अमन अरोड़ा ने केजरीवाल को शहीद ऊधम सिंह की तस्वीर स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की और उनका धन्यवाद किया।

# महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में पत्रकार पर मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण

**खन्ना, 12 जुलाई।** खन्ना में एक बड़े अखबार के पत्रकार राकेश शाही पर एक महिला से छेड़छाड़ करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया, मिली जानकारी अनुसार एक महिला शिकायतकर्ता जो खुद भी एक वेब चेनल के लिए काम करती है उसने पुलिस को शिकायत दी कि मैं 10 जून की रात खन्ना की जी टी वी मार्केट में एक इवेंट कवर करने के लिए गई थी, करीब रात 9.00 बजे के उक्त पत्रकार मेरे पास आया जिसने नशा किया हुआ था वह मेरे इतने समीप आ गया कि मुझे यह कहना पड़ा कि आप थोड़ा दूर हो जाएं क्योंकि आपके मुंह से इसे नशीले पदार्थ की बदबू आ रही है, उसके बाद उस व्यक्ति ने नशे की हालत में मेरी बॉडी को टच किया, इसके बाद मैंने उसका कॉलर पकड़ा



आरोपी

वह कॉलर छुड़ाकर वहां से भाग गया, इस दौरान आरोपी की कमीज का बटन भी टूट गया था, जिसके बाद मैंने इसकी शिकायत एसएसपी खन्ना ज्योति यादव को दी, सिटी खन्ना 2 में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई है, आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

# ज़ीरकपुर पटियाला रोड़ पर बन रहे प्रोजेक्ट्स के सामने केमिकल छिड़ककर पुराने पेड़ सुखाने का अंदेशा

मिट्टी के नमूने लेने से विभागीय अधिकारी रहे हैं बच

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 12 जुलाई।** ज़ीरकपुर पटियाला रोड़ पर जहाँ भी कोई नया प्रोजेक्ट बनता है, पेट्रोल पंप खुलता है या कोई व्यावसायिक प्रोजेक्ट बनता है, उसके सामने लगे दशकों पुराने यूकेलिप्टस के पेड़ अचानक सूखने लगते हैं और यह सब एक साथ नहीं, बल्कि धीरे-धीरे होता है। जैसे कोई बीमारी धीरे-धीरे इंसान के शरीर को और फफूंद धीरे-धीरे फर्नीचर को खराब करती है, वैसे ही धीरे-धीरे एक-दो साल में इन प्रोजेक्ट्स के सामने लगे पेड़ सूखने लगते हैं। इससे पहले भी ज़ीरकपुर पटियाला रोड़ पर कोई भी प्रोजेक्ट



हो, उसके सामने लगे पेड़ सूख जाते हैं और फिर विभाग की मिलीभगत से उन्हें काट दिया जाता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन पेड़ों को सुखाने में विभागीय मिलीभगत है क्योंकि आम आदमी को पता ही नहीं होता कि पेड़ों को सुखाने के लिए कौन सा केमिकल इस्तेमाल करना है। फिर पूरी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद इन पेड़ों को काट दिया जाता है। ऐसा पहले भी कई बार सामने आ चुका है। लेकिन विभागीय कार्रवाई के नाम पर मामूली जुर्माना लगाकर नए पेड़ लगाने को कहा जाता है, जिसके बदले में बिल्डर छायादार पेड़ लगाने की बजाय अपनी पसंद के सजावटी पेड़ लगाता है और फिर यही सिलसिला चलता रहता है। अब नया मामला यह है कि जीरकपुर पटियाला रोड़ पर नाभा साहिब के पास नए बने पेट्रोल पंप के पास अमेलिया सोक नाम से एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है, जिसके सामने दर्जनों पेड़ सूखने लगे हैं। पत्रकारों के पास एक साल पहले का वीडियो भी मौजूद है जिसमें ये पेड़ हरे-भरे दिखाई दे रहे हैं क्योंकि ऐसी हरकतें पहले भी हो चुकी हैं और पत्रकारों को पता था कि आज नहीं तो कल ये पेड़ सूखने ही वाले हैं और आज ये पेड़ सूखने लगे हैं। जब हमने इलाके के फॉरेस्ट गार्ड जतिंदर सिंह से बात की तो उन्होंने कहा कि अगर ऐसा है तो वे मिट्टी की जांच करवाएंगे। जब वे अपने वरिष्ठ अधिकारी ब्लॉक फॉरेस्ट डिपार्टमेंट सुरिंदर धीमान के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्होंने कहा कि अगर ये पेड़ सूखते हैं तो वे उचित कार्रवाई करेंगे। लेकिन जब उनसे मिट्टी के नमूने लेने के लिए कहा गया तो वे कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज

## कथित आरोपी युवक पहले से शादीशुदा और दो बच्चों का पिता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 12 जुलाई।** बनूड़ थाने की पुलिस ने एक युवक के खिलाफ जिसने शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक एक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। कथित आरोपी युवक पहले से शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है।

मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी एएसआई जसविंदर पाल ने बताया कि एक व्यक्ति ने बनूड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि अमित सिंह निवासी अजीत नगर बस्ती जगराओ जिला लुधियाना, जो बनूड़ शहर में किराए के मकान में रहता था, उसकी बालिग बेटी से दोस्ती कर शादी का झांसा देकर डेढ़ साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा।

शारीरिक संबंध बनाने के कारण उसकी बेटी छह महीने की गर्भवती हो गई है। यह युवक कुछ दिन पहले उसने लड़की के साथ मारपीट करके यहां से फरार हो गया। जांच अधिकारी ने बताया कि इस शिकायत के आधार पर उक्त आरोपी के खिलाफ बीएनएस एक्ट की धारा 64, 316(2), 318(4) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# डीपीएस स्कूल से लेकर वीआईपी रोड़ तक करीब एक किलोमीटर पैच की हालत खस्ता

परेशान राहगीरों ने जल्द सड़क बनाने की लगाई गुहार

बरसात में गड्ढों में भर जाता है पानी हादसों का रहता है खतरा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 12 जुलाई।** वीआईपी रोड़ से जाने वाली सड़क की हालात बेहद खस्ता है। जिस कारण बरसाती पानी ही नहीं बल्कि यहां डाली सीवरेज लाइन भी जिम्मेवार है क्योंकि सीवरेज लाइन बिछाने के बाद यहां मिट्टी डालकर गड्ढे भर दिए गए थे। जो बाद में बरसात आने के बाद दब गए और सड़क के साइडों में बड़े बड़े गड्ढे बन गए जिस कारण लोगों के वाहन फसने शुरू हो गए। मौजूदा स्थिति की बात करें तो सड़क इस समय चलने लायक बची ही नही है। गड्ढे इतने ज्यादा है के सड़क दिखाई नहीं ही देती। इसके इलावा इस रोड़ पर स्थित डीपीएस स्कूल के आगे कुछ सोसायटियां बनी हुई हैं उनके आगे भी इंटर लॉकिंग टाइल्स के साथ सड़क बनाई हुई थी वह भी उखाड़ दी गई है और वहां अब मिट्टी की सड़क रह गई है, जिसमें सीवरेज के मेन हॉल भी सड़क से ऊपर ही दिखाई दे रहें है। बरसात के दिनों में यहां कीचड़ ही कीचड़ हो जाता है और लोगों का यहां से निकलना भी मुश्किल हो जाता है? गाड़ियां मिट्टी में धंसने लगती है और दो पहिया वाहन भी फिसलने लगते हैं। जिसके चलते लोगों द्वारा यहां सड़क बनाने की गुहार लगाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है के डीपीएस स्कूल से लेकर वीआईपी रोड तक करीब एक किलोमीटर पैच जो सबसे ज्यादा खराब है में बहुत ज्यादा निर्माण कार्य चल रहा है और यहां कंस्ट्रक्शन का सामान लेकर आने वाले ट्रकों के कारण सड़क के यह हालात हो गए हैं और अब इस सड़क की तरफ कोई ध्यान नही दे रहा है। जबकि वीआईपी रोड पर जाने और सिंहपुरा से हाइवे पर जाने के लिए बहुत ज्यादा शार्ट रास्ता है। जो जाम से बचने के लिए बेहतरीन विकल्प है।

स्कूल बसों द्वारा भी यहीं रास्ता ज्यादातर अपना जा रहा है। क्योंकि इस रोड के आसपास दो निजी व एक सरकारी स्कूल मौजूद है और करीब आधा दर्जन सोसायटीयां भी इस रोड पर मौजूद है। बात करें तो यहां से रोजाना सेंकड़े वाहन इधर उधर जाते है। इस लिए लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए सड़क का व सीवरेज का इंतजाम सही ढंग से जल्दी कर देना चाहिए।

वीआईपी रोड व सिंहपुरा जाने वाली सड़क पर सीवरेज लाइन बिछाई गई है। जिसके बाद इस पर सड़क बनाई जाएगी। लेकिन बरसात होने के कारण रास्ता गीला है। जैसे ही सड़क का बैड सुख जाएगा यहां सड़क बना दी जाएगी।

**सवनीत सिंह, जेई नगर परिषद जीरकपुर।**

# पूर्व चेयरमैन के खिलाफ मामला अदालती आदेशों का उल्लंघन व गुंडागर्दी के आरोप में दर्ज हुआ: 'आप नेता'

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 11 जुलाई।** जगराओं पुलिस ने वरिष्ठ अकाली दल नेता एवं मार्कीट कमेटी के पूर्व चेयरमैन दीदार सिंह मलिक तथा उनके एक अन्य साथी के खिलाफ कॉलोनी की दीवार तोड़ने तथा गुंडागर्दी करने के आरोप में मामला दर्ज किया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद शिरोमणि अकाली दल ने इसे - राजनीतिक रंग दे दिया और कहा कि / दीदार सिंह मलिक के खिलाफ मामला न आम आदमी पार्टी की बदले की राजनीति र के कारण दर्ज किया गया है, क्योंकि उन्होंने 7 जुलाई को बड़ी संख्या में व किसानों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने पंजाब सरकार की लैंड पूलिंग नीति के खिलाफ तहसील चौक पर धरना दिया।

इस धरना की पूरी रूपरेखा दीदार सिंह मलिक ने तैयार की थी,



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए को-ऑर्डिनेटर थिंद, को-ऑर्डिनेटर परमिंदर सिंह, को-ऑर्डिनेटर कमलजीत सिंह, को-ऑर्डिनेटर गालिब, वाइस को-ऑर्डिनेटर धालीवाल, को-ऑर्डिनेटर गोपाल सिंह। (गोल्डी) परिणामस्वरूप, सरकार कई महीनों पुरानी शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके जानबूझकर उन्हें फंसाने की कोशिश कर रही है। शिरोमणि अकाली दल के इन आरोपों को खारिज करते हुए आज आम आदमी पार्टी के जगराओं वार अगेंस्ट ड्रग्स के संयोजक विक्रमजीत सिंह थिंद, शिक्षा संयोजक परमिंदर सिंह, संयोजक कमलजीत सिंह, संयोजक युवा सतिंदर सिंह गालिब, वॉयस को-ऑर्डिनेटर धरमिंदर सिंह धालीवाल और को-ऑर्डिनेटर गोपाल सिंह द्वारा जगराओं में एक प्रैस कॉन्फ्रेंस की गई, जिसमें नेताओं ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शिरोमणि अकाली दल जानबूझकर दीदार सिंह मलिक के मुद्दे को राजनीतिक रंग देना चाहता है, जो पूरी तरह से गलत है। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले दीदार सिंह मलिक ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर जगराओं की सबसे महंगी पॉश सैंट्रल सिटी कॉलोनी के पास जमीन खरीदी थी और सेंट्रल सिटी की दीवार तोड़कर उसमें रास्ता बनाना चाहते थे जिसका सैंट्रल सिटी के निवासियों द्वारा काफी समय से विरोध किया जा रहा है और इस मामले में माननीय न्यायालय से 2021 में स्टे भी प्राप्त किया जा चुका है, इसके बावजूद दीदार सिंह मलिक व उसके साथियों ने हाईकोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए कॉलोनी की चारदीवारी तोड़ दी और कॉलोनी में गुंडागर्दी की गई।

उन्होंने बताया कि इस मामले में कॉलोनीवासियों ने कोर्ट के स्टे ऑर्डर की कॉपी के साथ पुलिस के उच्च अधिकारियों को अपनी शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने उच्चाधिकारियों की एस. आई.टी. गठित की और कई महीनों तक मामले की गंभीरता से जांच करने के बाद डी.ए. लीगल की सलाह के साथ पूरे तथ्यों के आधार पर दीदार सिंह मलिक और उनके सहयोगी और दशहरा कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रितेश भट्ट, जो खुद भी प्रॉपर्टी कारोबारी हैं, ने भी केस दर्ज कराया है।

उन्होंने कहा कि अकाली दल झूठा प्रचार करके इस मुद्दे को भड़काना चाहता है ताकि आम आदमी पार्टी सरकार और जगराओं विधायक ढं बीबी सर्वजीत कौर माणूके को बदनाम किया जा सके। उन्होंने कहा कि हम भी किसान के बेटे हैं और हम भी नहीं चाहते कि सरकार की लैंड पूलिंग नीति के कारण किसानों की जमीन जाए। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई दिनों से हलका विधायक माणूके के साथ इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं तथा विधायक माणूके ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही यह मामला मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के ध्यान में लाएंगे।

# भारत रत्न अटल जिला बैठक का सफल आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** आज भारत रत्न अटल जिला की एक महत्वपूर्ण बैठक चंडीगढ़ के सेक्टर 35-ए स्थित जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता जोशी के निवास स्थान (मकान नंबर 353) पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष खुशविंदर सिंह ने की।

इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र पाल मल्होत्रा, प्रदेश महामंत्री संजीव राणा, तथा जिला प्रभारी रमेश सहोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने संगठनात्मक मजबूती और कार्य विस्तार पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन देते हुए, सभी पदाधिकारियों से स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ऐप अपने मोबाइल पर डाउनलोड करने की अपील की।

बैठक में जिला महामंत्री रंजोध जमवाल जी सहित जिला के समस्त पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री उपस्थित रहे। बैठक अत्यंत सफल रही और आगामी संगठनात्मक योजनाओं को लेकर सभी में नया उत्साह देखने को मिला।

# आप नेताओं का भाजपा के खिलाफ पंजाब के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन, कहा-भाजपा गैंगस्टरों के साथ

भाजपा पंजाब का माहौल खराब करने की कर रही है कोशिश, गैंगस्टरों को केन्द्रीय जेलों दे रही है पनाह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** अबोहर में कपड़ा व्यापारी संजय वर्मा की हत्या करने वाले गैंगस्टरों की हिमायत करने के लिए भाजपा नेता मनजिंदर सिरसा की ओर से दिए गए बयानों की आम आदमी पार्टी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। इसके विरोध में आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जालंधर, पठानकोट, अमृतसर, लुधियाना, पटियाला और अबोहर के अलावा कई अन्य शहरों में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के विधायक मंत्री समेत कई बड़े पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। आप नेताओं ने कहा कि भाजपा शुरू से ही पंजाब की कानून-व्यवस्था के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को भाजपा की केंद्र सरकार की ओर से राजनीतिक संरक्षण दिया जा रहा है। एक तरफ भाजपा कह रही है कि पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर नाम की कोई चीज नहीं है वहीं दूसरी तरफ जब आप सरकार गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई करती है तो भाजपा नेता





उन गैंगस्टरों की हिमायत में खड़े हो जाते हैं। यह दोहरा रवैया अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आप विधायकों ने कहा कि मनजिंदर सिरसा और पूरे भाजपा नेताओं को पंजाब के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा गैंगस्टरों के एनकाउंटर का विरोध कर रही है और उसके नेता मनजिंदर सिरसा पंजाब सरकार पर गैंगस्टरों को मारने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकियां दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मान सरकार गैंगस्टरों को खत्म कर रही है। केंद्र सरकार की शह पर किसी भी व्यापारी के साथ किसी भी तरह का धक्का नहीं होने दिया जाएगा। केंद्र की पंजाब में किसी भी तरह की दखलअंदाजी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में अकाली, भाजपा और कांग्रेस का कोई अस्तित्व नहीं बचा है। इसलिए वे आम आदमी पार्टी के पीछे पड़े हैं।

उन्होंने कहा कि मान सरकार पंजाब से गैंगस्टरों को खत्म करने का बीड़ा उठाया है। जबकि केंद्र सरकार और पूरी भाजपा गैंगस्टरों को पनाह दे रही है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह भाजपा की ओछी राजनीति है। उन्होंने बताया कि अकाली, भाजपा और कांग्रेस तीनों एक ही हैं। पंजाब की खुशहाली इन पार्टियों को रास नहीं आ रही है। लेकिन उन्हें अब जनता को जवाब देना पड़ेगा।

आप नेताओं ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस अकाली दल और भाजपा को कोई काम नहीं है। इसलिए वे हर समय किसी न किसी मुद्दे को लेकर पंजाब का माहौल खराब करने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन आप सरकार इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि पंजाब दशकों से संताप झेल रहा है, चाहे गैंगस्टर हो, नशा हो या पानी का मुद्दा हो, पंजाब को हमेशा कमजोर करने की कोशिश की गई है। लेकिन अब मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार पंजाब के लोगों की सुरक्षा के लिए लगातार अपराधियों गैंगस्टरों और नशा तस्करों पर कार्रवाई कर रही है। इसलिए विरोधी पार्टियां घबराई हुई है।

# मान की बयानबाजी राजनितिक अपरिपक्वता की निशानी: देवशाली

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** चंडीगढ़ नगर निगम के पूर्व पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 देशों की यात्रा पर की गई बयानबाजी को शर्मनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक और संवेदनशील पद पर रहते हुए भगवंत मान की ऐसी बयानबाजी अशोभनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

देवशाली ने कहा कि आज जब सम्पूर्ण विश्व भारतीय नेतृत्व का लोहा मानता है और जब किसी भी देश में भारत के प्रधानमंत्री का सम्मान किया जाता है तो प्रत्येक देशवासी स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करता है। पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा की गई बयानबाजी उनकी वैश्विक राजनीति के प्रति अनभिज्ञता का प्रदर्शन करती है।

उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने राजनितिक आकाओं को प्रसन्न करने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



को विश्व के 26 देशों द्वारा सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने पर पूरा देश हर्ष का अनुभव कर रहा है तो भगवंत मान अपने बयानों से हंसी का पात्र बन रहे हैं। भगवंत मान को न तो इन देशों के बारे में कोई ज्ञान है और न ही वैश्विक मंच पर उनके महत्त्व के बारे में। यही कारण है कि वे ऐसी ओछी बयानबाजी कर रहे हैं। उनका यह बयान उनकी राजनितिक अपरिपक्वता की निशानी है।

देवशाली ने कहा कि आम आदमी पार्टी नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री की ऐसी बयानबाजी देश की छवि खराब करने तथा वैश्विक स्तर पर नीचे दिखाने का प्रयास प्रतीत होती है जिसके लिए उन्हें सम्पूर्ण देश से माफ़ी मांगनी चाहिए।

# हमीरपुर के खोखा धारकों पर सरकार हुई मेहरबान

## लगभग 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दुकानों और ग्रामीण हाट का किया शिलान्यास

**नगर निगम हमीरपुर के लिए बनाया गया है 150 करोड़ रुपये की योजना का खाका**

अर्थ प्रकाश/सुरेश कश्यप



**हमीरपुर 12 जुलाई।** नगर निगम हमीरपुर पर प्रदेश सरकार 150 करोड रुपए की राशि खर्च करेगी शहर के नगर निगम की विकासात्मक योजनाओं पर खर्च होने वाली इस राशि से हमीरपुर की जनता को लाभ पहुंचाया जाएगा सरकार द्वारा तैयार किए गए इस खाकी का ऐलान मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने किया है शनिवार को बस स्टैंड हमीरपुर के निकट लगभग 35 लाख रुपये की लागत से खोखाधारकों के लिए बनने वाली दुकानों और एपीएमसी की अपनी मंडी-ग्रामीण हाट का शिलान्यास कार्यक्रममें बोल रहे थे


इसके बाद रानी झांसी पार्क में जनसभा को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गरीब एवं लाचार खोखाधारकों की पुकार सुनते हुए इन्हें पक्की दुकानों की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि इन खोखाधारकों को उजाड़ दिया गया था और इनके पुनर्वास के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी, लेकिन प्रदेश की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री ने इन खोखाधारकों का पुनर्वास सुनिश्चित किया है। इन खोखाधारकों के लिए दुकानों के निर्माण के साथ-साथ मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए ग्रामीण हाट बनाने का निर्णय भी लिया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए एक उपयुक्त जगह मिलेगी और इन उत्पादों को अच्छे दाम मिलेंगे।

हमीरपुर में जारी विभिन्न विकास कार्यों की चर्चा करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि नगर निगम का दर्जा मिलने के बाद हमीरपुर शहर के विकास को बल मिलेगा। इसके शुरुआती दौर में लगभग 150 करोड़ रुपए की योजनाओं का खाका तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमीरपुर में प्रदेश के सबसे बड़े बस अड्डे का निर्माण करवा रहे हैं। उन्होंने हमीरपुर के मेडिकल कालेज में कार्डियोलॉजी, नैफ्रोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण विभागों की स्थापना, जोल सप्पड़ में बन रहे कालेज के नए कैंपस में कैंसर केयर संस्थान, मातृ-शिशु अस्पताल, नर्सिंग कालेज, अत्याधुनिक पैट स्कैन मशीन और रोबोटिक सर्जरी जैसी तकनीक का प्रावधान किया है। इससे लोगों को अपने घर के पास ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि आपदा के समय में मुख्यमंत्री स्वयं आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा करके पीड़ित परिवारों का दुख-दर्द बांट रहे हैं तथा उन्हें प्रदेश सरकार के अपने संसाधनों से त्वरित सहायता प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार का स्वागत किया तथा दुकानों एवं ग्रामीण हाट के शिलान्यास के लिए आभार व्यक्त किया। खोखाधारक यूनियन, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों और अन्य संस्थाओं ने भी सुनील शर्मा बिट्टू का अभिनंदन किया।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश रानी एपीएमसी के सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस भोरंज के निवर्तमान अध्यक्ष विजय बन्याल, पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता, ग्राम पंचायत धनेड़ की प्रधान नीलम शर्मा, दिम्मी की प्रधान उषा बन्याल, पूर्ववर्ती नगर परिषद के पार्षद रहे अनिल चौधरी, राजेश चौधरी, अन्य पार्षद एवं मनोनीत पार्षद, संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह किरवीं की चंपा देवी, आरती स्वयं सहायता समूह फरनोल की आशा कुमारी, लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह बकारटी की सीमा देवी, शिवा स्वयं सहायता समूह बकारटी की नीरू देवी, राधेश्याम स्वयं सहायता समूह मसियाणा की सीमा देवी, कान्हा स्वयं सहायता समूह सुजानपुर की नीलम देवी, सन शाईन स्वयं सहायता समूह सुजानपुर की संतोष कुमारी, उजाला स्वयं सहायता समूह रोपा की वंदना देवी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।



**शिमला:** पूर्व मुख्य सचिव डॉ. श्रीकांत बाल्दी द्वारा 12 जुलाई, 2025 को शिमला में आपदा राहत कोष हेतु मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को तीन लाख रुपये का चेक भेंट किया गया।



**सुंदरनगर:** बिलासपुर ट्रक ऑपरेटर्स सोसाइटी द्वारा 11 जुलाई, 2025 को सुंदरनगर, जिला मंडी में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 15 लाख रुपये का चेक भेंट किया गया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी उपस्थित थे।

# पर्यावरण सुरक्षा को पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 12 जुलाई।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति खंड इकाई गोहर की अध्यक्षा सरला देवी, सचिव लाल मन और महिला मंडल शाला की महिलाओं के द्वारा पर्यावरण सुरक्षा का पाठ भी लोगों को पढ़ाया गया। इन लोगों ने सामूहिक रूप से इस अभियान में देवदार व बान के 20 पौधे सार्वजनिक भूमि पर लगाए गए द्य इसके अतिरिक्त विभिन्न विभिन्न स्थानों पर जैसे ग्राम पंचायत कांढी, सरोआ, मौवीसेरी, खारसी थरजूण मे नींबू, अमरुद, जापानी,देवदार और बान के लगभग 100 पौधे एम एस जे वी एस के कार्यकर्ता और महिला मंडलों के द्वारा सार्वजनिक और निजी भूमि पर लगाए गए।समिति के खंड समन्वयक लाल मन ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है। जिसके कारण हमारे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और बादल फटने जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। हमारा जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। इससे बचने के लिए एकमात्र उपाय यही है कि हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं द्य हम सब का दायित्व है कि हम पर्यावरण के संरक्षण हेतु आगे आए ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए हम अच्छा वातावरण दे पाए।

# आईआईआईटी ऊना में दो दिवसीय सीबीडई कार्यशाला का समापन सत्र आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 12 जुलाई।** दो दिवसीय 'डिज़ाइन और इंजीनियरिंग के लिए क्षमता निर्माण (सीबीडीई) कार्यशाला का समापन सत्र आज भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) ऊना में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य फैकल्टी सदस्यों की डिज़ाइन और इंजीनियरिंग संबंधी क्षमताओं को बढ़ाना था। यह एक ज्ञानवर्धक और रोचक शैक्षणिक कार्यक्रम के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला में कई प्रमुख अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें डिज़ाइन शिक्षा विशेषज्ञ और कार्यशाला के मुख्य संसाधन व्यक्ति डॉ. सुधीर वरदराजन, सीबीडीई मेंटर डॉ. एच.एस. जटाना, और आईआईआईटी ऊना के निदेशक प्रो. मनीष गौर शामिल रहे। दो दिनों तक चली इस कार्यशाला में आईआईआईटी ऊना और देशभर के विभिन्न संस्थानों से आए कुल 40 फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। सत्रों में डिज़ाइन थिंकिंग, आधुनिक शिक्षण विधियाँ और समूह में सीखने पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों ने चर्चा, समूह गतिविधियाँ और ज्ञान साझा करने में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डॉ. तनु वधेरा, जो कार्यशाला समन्वयक और सीबीडीई परियोजना की प्रमुख अन्वेषक हैं, ने कार्यशाला पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें मुख्य बिंदुओं, गतिविधियों और उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। प्रतिभागियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कार्यशाला की व्यावहारिक एवं इंटरऐक्टिव शैली की सराहना की। समापन सत्र में अतिथियों ने इन पहलों के महत्व को रेखांकित किया।

डॉ. सुधीर वरदराजन ने डिज़ाइन आधारित शिक्षा के बढ़ते महत्व पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे डिज़ाइन थिंकिंग को आधुनिक पाठ्यक्रमों में शामिल करना छात्रों में रचनात्मकता, समस्या सुलझाने की क्षमता और व्यावहारिक समझ को बढ़ाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे न केवल पढ़ाई रोचक बनती है, बल्कि छात्र उद्योग की आवश्यकताओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार होते हैं।

डॉ. एच.एस. जटाना ने सीबीडीई पहल की दीर्घकालिक सोच को साझा किया। उन्होंने कहा कि यह पहल शिक्षकों को आधुनिक टूल्स और दृष्टिकोण के साथ सशक्त बनाने का काम करती है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि निरंतर क्षमता निर्माण से एक मजबूत शैक्षणिक वातावरण तैयार होता है, जो तकनीकी और शैक्षणिक परिवर्तनों के साथ तालमेल बैठा सकता है- और इसका लाभ छात्रों और शिक्षकों, दोनों को होता है। डॉ. अंकुर कुमार, जो इलेक्ट्रॉनिक्स स्कूल के प्रमुख और सह-प्रमुख अन्वेषक (सीओ-पीआई) हैं, ने कहा-'यह कार्यशाला हमारे विभाग की शिक्षण पद्धतियों को आगे बढ़ाने, नवाचार को बढ़ावा देने, और अकादमिक तथा औद्योगिक जगत के बीच संबंध मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसने शिक्षकों को भविष्य के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कौशल और टूल्स प्रदान किए हैं।' इसके बाद प्रतिभागियों को उनके सक्रिय योगदान और कार्यशाला को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सत्र का समापन डॉ. नमन गर्ग (सह-प्रमुख अन्वेषक) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, फैकल्टी, छात्र स्वयंसेवकों और सहयोगी स्टाफ का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

# मुख्य न्यायाधीश ने नालागढ़ में नवनिर्मित आवासीय परिसर का किया लोकार्पण



अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 12 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने आज नालागढ़ में न्यायिक अधिकारियों के लिए नवनिर्मित आवासीय परिसर का लोकार्पण किया। इस आवासीय परिसर के निर्माण पर लगभग 03 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। मुख्य न्यायाधीश ने इस अवसर पर नवनिर्मित आवासीय परिसर का निरीक्षण भी किया। मुख्य न्यायाधीश ने तदोपरांत नालागढ़ स्थित न्यायिक परिसर में ई-सेवा केन्द्र तथा यहां स्थापित अन्य आधुनिक न्यायिक प्रौद्योगिकी को जांचा और न्यायिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल, प्रदेश उच्च न्यायालय के महापंजीयक भूपेश शर्मा, ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन डॉ. अरविंद मल्होत्रा, अतिरिक्त ज़िला सत्र न्यायाधीश पंकज गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नालागढ़ अजय ठाकुर, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान, उपमण्डलाधिकारी नालागढ़ राजकुमार, बार एसोसिएशन नालागढ़ के अध्यक्ष मनीष डडवाल, बार एसोसिएशन नालागढ़ के अन्य सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# हर एक जिंदगी अनमोल मगर थुनाग पर दोहरी मार न मारे सरकार

**मामला हॉर्टिकल्चर एवं फारेस्ट्री महाविद्यालय को शिफ्ट करने का**

**लोगों ने कहा अपने हक के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे**

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा

**गोहर 12 जुलाई।** हाल ही में 30 जून की रात को जिला मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र में कुदरत की जल प्रलय के कारण बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है।हर तरफ तबाही का मंजर है।जिस तबाही के मंजर को देखकर हर इंसान की रूह कांप रही है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं कई दर्जनों जिंदगियां यह जल सैलाब लील गया है सैकड़ो गाड़ियां इस जल प्रलय में बह गई है।कितने मासूम जीव जंतु दुधारू पशु इस प्राकृतिक आपदा के कारण जमीन में समा गए कुछ कहा नहीं जा सकता। लोग अपनी जिंदगी भर की कमाई कुछ क्षणों में गंवा चुके हैं ।आज सराज के हजारों लोग दाने-दाने को मोहताज हैं ।इस जल प्रलय के कारण सराज विधानसभा क्षेत्र का सबसे ज्यादा प्रभावित एरिया जहां कुदरत ने सबसे ज्यादा मार मारी है वह तहसील हेडक्वार्टर थुनाग है ।वैसे तो सराज में हर जगह तबाही का ही मंजर नजर आ रहा है चाहे हम बात करें रैल चौक की बियोड की पांडव शीला की जरोल की देजी लांबशाफड की बगस्याड की शरण मुरहाग की च्युणी की कोई भी एरिया ऐसा नहीं है जहां पर जल प्रलय ने कुदरत ने अपनी क्रूरता ना दिखाई हो। ग्राम पंचायत पखरैल में भूस्खलन से जहां 11 लोग अभी भी लापता है वहीं थुनाग में भी कई लोग इस जल प्रलय का शिकार बने हैं ।यहां के लोगों का यहां पर रहना ही दुश्वार हो गया है। जहां पर लोगों ने अपनी व अपनों की बेशकिमती जिंदगियां खोई है वहीं पर जिंदगी भर की कमाई से खड़ा किया गया व्यापार कारोबार आशियाने सब धराशाई हो गए हैं मिट्टी में मिल गए हैं ।आज कोई बिना कपड़ों के कोई बिना बर्तनों के कोई बिना जूते के है कोई बिना स्वेटर के है जिसके पास जो था वह जल प्रलय सब कुछ अपने साथ बहा ले गई थुनाग क्षेत्र का जो सराज विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र माना जाता है केंद्र बिंदु है उप मंडल मुख्यालय होने के साथ-साथ तहसील हेडक्वार्टर व मिनी सेक्रेटेरिएट होने के कारण ज्यादातर कार्यालय यहीं पर हैं, जिस वजह से पूरे सराज क्षेत्र के लोग इस थुनाग में आकर अपना व्यापार करते थे । थुनाग में हॉर्टिकल्चर व फोरेस्ट्री महाविद्यालय चल रहे थे जल प्रलय के कारण उन विद्यालयों में भी भारी नुकसान हुआ है। लोगों का व्यापार तो शून्य हो ही गया है मगर अब प्रदेश सरकार ने एक तुगलकी फरमान जारी किया है जिसमें उन्होंने कहा है थुनाग में चलने वाले हॉर्टिकल्चर व कालेज आफ फॉरेस्ट्री की कक्षाएं अब सुंदर नगर से संचालित की जाएगी। थुनाग के लोगों ने रूंधे गले से कहा है एक तो कुदरत ने इतना कहर बरपाया है हमें कहीं का नहीं छोड़ा।

आज हम दाने-दाने को मोहताज है हमारा व्यापार शून्य हो चुका है फिर भी हमें उम्मीद है कि हम इस प्रलयकारी घड़ी को चकमा देकर फिर अपने अस्तित्व को बरकरार रखेंगे फिर अपने व्यापार को बढ़ाएंगे। मगर हिमाचल प्रदेश सरकार ने यह जो तुगलक की फरमान जारी किया है थुनाग में चल रहा हॉर्टिकल्चर वह फॉरेस्ट्री कॉलेज को वहां से शिफ्ट करने का जो निर्णय लिया है वह थुनाग व सराज के लोगों के जख्मों पर नमक डालने का काम कर रहा है। लगभग 300 -350 छात्र थुनाग में इन महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं अगर इनको शिफ्ट कर दिया जाता है तो थुनाग बाजार का व्यापार जो वैसे ही शून्य हो गया है जिसकी थोड़ी बहुत उम्मीद लोगों को है वह भी खत्म हो जाएगी।जिवा नन्द संजु पवन कुमार अजय ठाकुर, जय देव शर्मा, मोहर सिंह, चुनी लाल भाग चंद, महेंद्र कुमार सोनु शर्मा चंदन ठाकुर निशा शर्मा, नरेंद्र कुमार पुर्ण चंद शिव लाल शेर सिंह ललित कुमार चंद्रा कुमारी लाल सिंह गगन ठाकुर लीला धर सहित पचासों दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने सरकार से मांग की है यह सच है कि आज हर जिंदगी बेशकीमती है ,आपने तीन-चार सौ बच्चों की जिंदगी का हवाला देते हुए हॉर्टिकल्चर व फॉरेस्ट्री कॉलेज को शिफ्ट करने का निर्णय लिया है क्या सराज में चल रहे दर्जनों प्राथमिक ,मिडल स्कूल हाई स्कूल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं व लंबाथाच महाविद्यालय वहां के बच्चों की जिंदगियों की कोई कीमत नहीं है सराज में रहे हजारों लोगों की जिंदगी की कोई कीमत नहीं हमारी जिंदगियां का कोई मोल नहीं है। इन लोगों ने सरकार से मांग की है बरसात का मौसम खत्म होते ही थुनाग में चल रहे हॉर्टिकल्चर व फॉरेस्ट्री महाविद्यालय की क्लासें थुनाग से ही सुचारू ढंग से चलाई जाए।

# उपायुक्त किरण भड़ाना ने किया त्रिलोकीनाथ मंदिर का दौरा, सौंदर्यीकरण कार्यों की ली समीक्षा

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग/ कुल्लू 12 जुलाई।** लाहौल-स्पीति की उपायुक्त एवं विश्वविख्यात त्रिलोकीनाथ मंदिर की आयुक्त किरण भड़ाना (भा.प्र.से) ने त्रिलोकीनाथ मंदिर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

दौरे के दौरान उपायुक्त किरण भड़ाना ने मंदिर परिसर में प्रस्तावित सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने उपमण्डलाधिकारी (ना.) उदयपुर एवं मंदिर अध्यक्ष अलीशा चौहान, सहायक अभियंता (यांत्रिक) लोक निर्माण विभाग राजेन्द्र, कनिष्ठ अभियंता गिरधारी लाल, मंदिर सहायक जय सिंह ठाकुर समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर मंदिर के सौंदर्यीकरण, विस्तार एवं निर्माण कार्यों की योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मंदिर सौंदर्यीकरण हेतु तैयार किए गए प्राक्कलन व ड्राइंग की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य पारंपरिक धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप व लौहली भवन शैली में ही किए जाएं, ताकि मंदिर की मूल सांस्कृतिक पहचान बनी रहे।

उपायुक्त ने पोरी मेला मैदान के सुधार कार्यों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रस्तावित सार्वजनिक शौचालय निर्माण को शीघ्र आरंभ करने हेतु सभी आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।

# सराज विधानसभा क्षेत्र में युद्ध स्तर पर किया जा रहा पेयजल योजनाओं की बहाली का कार्य: अग्निहोत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 12 जुलाई।** उप-मुख्यमंत्री एवं जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सराज विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में आई आपदा के कारण जल शक्ति विभाग की 241 पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं और इनकी बहाली का कार्य विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अब तक 150 योजनाओं को आंशिक रूप से बहाल किया गया है जबकि शेष योजनाओं को शीघ्र बहाल करने के लिए विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी दिन-रात दुर्गम परिस्थितियों में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं की मरम्मत के लिए अनुकूल मौसम के बावजूद दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल सुनिश्चित करवाने के दृष्टिगत कार्य किया जा रहा है।

श्री अग्निहोत्री ने कहा कि वह स्वयं राहत एवं बचाव कार्यों तथा क्षतिग्रस्त योजनाओं की बहाली के कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं तथा ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लोगों को पेयजल सहित अन्य आवश्यक सामग्री सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एचपिटीडीसी फॉर सेल में जनता को ठग रहे केबिनेट रैंक वाले एचपिटीडीसी के अध्यक्ष, हिमाचल ऑन सेल: भाजपा

**क्या ऐसा हो सकता है कि कैबिनेट रैंक वाले व्यक्ति को कैबिनेट के निर्णय 28 जून से लेकर 10 जुलाई तक पता ही ना हो ?**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 12 जुलाई।** भाजपा के पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज, प्रवक्ता अजय राणा, प्रवक्ता राकेश शर्मा ने कहा कि जिसका डर था वही हुआ, भड़के कर्मचारी, प्राइवेट को दे दिए सरकारी होटल। उन्होंने कहा कि इस बड़े भ्रष्टाचार की पटकथा काफी समय पहले से लिखी जा रही थी और सबसे हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री एवं उनके केबिनेट रैंक वाले एचपिटीडीसी के अध्यक्ष जनता को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। क्या ऐसा हो सकता है कि कैबिनेट रैंक वाले व्यक्ति को कैबिनेट के निर्णय 28 जून से लेकर 10 जुलाई तक पता ही ना हो ? लगता है हिमाचल ऑन सेल का बोलबाला प्रदेश में चल रहा है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस बात का डर था अब वही कर रही है हिमाचल की सरकार सरकारी संपत्ति को प्राइवेट करके पैसा कमाएगी और पुराने कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। 14 सरकारी होटल्स को प्राइवेट करने का आदेश जारी। काम करने वालों में हड़कंप, आंदोलन करेंगे कर्मचारी। 14 सरकारी होटल अब प्राइवेट हाथों में दे दिए जाएंगे। ऑपरेशन और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी अब सरकारी कर्मचारियों के हाथों से छीनकर किसी प्राइवेट कंपनी को दे दी जाएगी और इस काम को पूरा करने के लिए पर्यटन विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने एचपीटीडीसी के एमडी को 3 महीने की डेडलाइन भी थमा दी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है, यानी सरकार ने अपने ही होटल से तौबा कर ली है और अब इनके ताले चाबी किसी और को सौंपने की तैयारी है।

### सबसे बड़ी बात यह है कि यह फैसला उस वक्त लिया गया जब पर्यटन निगम के रेवेन्यू में इजाफा हुआ हैः भाजपा

भाजपा नेताओं ने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि यह फैसला उस वक्त लिया गया जब पर्यटन निगम के रेवेन्यू में इजाफा हुआ है। मतलब होटल्स घाटे से उबर रहे थे। कमाई की रफ्तार सुधर रही थी। स्टाफ उम्मीद में था कि हालात अब ठीक होंगे और ऐसे वक्त में सरकार ने कर दिया प्राइवेटाइजेशन का ऐलान। तो सवाल उठता है जब होटल मुनाफे में आने लगे तब बेचने की क्या जरूरत थी? लेकिन यह सिर्फ आज की नहीं। कई महीनों से पक रही साजिश की आंच है क्योंकि भाजपा का कहना है कि यह पूरी कारवाई एक नीलामी की स्क्रिप्ट है। सरकार जानबूझकर होटल्स को प्राइवेट हाथों में दे रही है। वो भी पिछले दरवाजे से। अब आपको याद हो तो यह नवंबर 2024 की वो खबर है जब हिमाचल हाईकोर्ट ने एचपीटीडीसी के घाटे वाले 18 होटल्स को बंद करने का आदेश दिया था। तब अदालत ने इन्हें सफेद हाथी बताते हुए कहा था कि राज्य के ऊपर बोझ बनते जा रहे हैं ये होटल्स। भाजपा ने उस समय भी कहा कि होटल्स घाटे में नहीं है बल्कि जानबूझकर गलत आंकड़े पेश किए गए। एचपीटीडीसी के कर्मचारियों ने साफ कहा था कि सरकार इन होटल्स को घाटे में दिखाकर प्राइवेट हाथों में देने की तैयारी कर रही है। यह भी आरोप लगे थे कि निगम के चेयरमैन आर एस बाली ने अपनी ही विधानसभा के 70 से ज्यादा लोगों को इन होटल्स में तैनात करवा दिया। वह भी बिना किसी योग्यता और अनुभव के और अब वही होटल्स जिन पर नवंबर 2024 में विवाद हुआ था जिन्हें कोर्ट ने बंद करो या सुधारो कहा था। अब सरकार उन्हें प्राइवेट हाथों में देने का फैसला कर लिया है। होटल्स की लिस्ट देख लीजिए। सब कुछ साफ हो जाएगा होटल हिल टॉप स्वारघाट, होटल लेक व्यू बिलासपुर, होटल भागल, एप्पल ब्लॉसम फागू, शिवालिक परवाणू, गिरीगंगा खड़ा पत्थर, ममलेश्वर चंडी, चाशल रोहड़ू, ओल्ड रॉस कॉमन कसौली, सरवरी कुल्लू, उहल जोगेंद्रनग, टूरिस्ट इन राजगढ़ वे साइड अमेनिटी भराड़ीघाट और सबसे अहम कश्मीर हाउस धर्मशाला अब आप खुद सोचिए क्या धर्मशाला की कश्मीर हाउस जैसी प्रॉपर्टी वाकई घाटे में थी या फिर इसके पीछे कोई खास खरीददार तय था।

# अंबाला में बर्फखाना जमीन पर 85 सालों से रह रहे व्यक्ति का बिजली मीटर उतारने पर अनिल विज ने एसई को लगाई कड़ी फटकार

विज बोले कि सालों से बिजली का मीटर लगा, आपने कैसे उतार लिया, जिसने मीटर उतारा पर कार्रवाई करो

ऊर्जा मंत्री अनिल विज का मच्छौंडा निवासियों ने क्षेत्र में ट्रांसफार्मर लगाने पर जताया धन्यवाद

अर्थ प्रकाश /रवि पहुजा



**अंबाला, 12 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंबाला में बिजली निगम के एसअई को बर्फखाना जमीन पर 85 सालों से रह रहे परिवार का मीटर उतारने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि ÷सालों से यहां बिजली का मीटर लगा, कैसे घर से मीटर उतार लिया, जिसने मीटर उतारा, उस पर कार्रवाई करो, यदि वो डिफाल्टर है तो उस पर नियम अनुसार कार्रवाई करो, यदि डिफाल्टर नहीं तो किसने मीटर उतारा, क्या किराएदार बिजली का मीटर घर पर नहीं लगा सकता÷।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष आज बर्फखाना जमीन पर 85 सालों से रह रहे मारसेलिनो नारनौहां के परिवार ने शिकायत दी थी। उन्होंने शिकायत में कहा था कि वह वर्षों से यहां रह रहे हैं मगर कुछ दिन पहले बिजली निगम अधिकारियों/कर्मचारियों ने उनका मीटर उतार लिया जबकि उन्होंने पूरा बिल भरा हुआ है। श्री विज ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसई को इस मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मीटर क्यों और किसने उतारा इसकी जांच की जाए तथा तुरंत मीटर लगाने के दिशा-निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज का मच्छौंडा निवासियों ने क्षेत्र में ट्रांसफार्मर लगाने पर धन्यवाद जताया

ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज से आज उनके आवास पर पहुंचे मच्छौंडा निवासियों ने क्षेत्र में ट्रांसफार्मर व अन्य कार्य कराने पर उनका धन्यवाद जताया। निवासियों ने कहा कि श्री अनिल विज की बदौलत उन्हें बेहतर व निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल रही है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई निवासी मौजूद रहे। इसी प्रकार, एफसीआई गोदाम के निकट बाजीगर मोहल्ला निवासी लोगों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग ऊर्जा मंत्री अनिल विज से की जिस पर मंत्री अनिल विज ने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने के दिशा-निर्देश बिजली अधिकारियों को दिए।

**कैबिनेट मंत्री ने जनसमस्याओं को सुना व कार्रवाई के निर्देश दिए:** श्री विज ने आज अंबाला में अपने आवास पर जनसमस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। राजा पार्क निवासी लोगों ने क्षेत्र में लगे ट्रांसफार्मर का स्थान बदलने की मांग करी जिस पर उन्होंने संबंधित एसडीओ को कार्रवाई को कहा। इसी प्रकार, छावनी निवासी युवक ने उसके बिजली मीटर की जांच कराने की शिकायत दी तथा बब्याल निवासी महिला ने कुछ लोगों द्वारा उससे मारपीट करने तथा घर पर कब्जे की कोशिश करने, महेशनगर निवासी महिला ने पति पर मारपीट करने के आरोप लगाए जिन पर मंत्री अनिल विज ने संबंधित को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**विज ने नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता हैंडबॉल खिलाड़ी तान्या को 11 हजार रुपए स्वैच्छिक कोष से प्रदान किए:** इधर, ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी बब्याल की रहने वाली हैंडबॉल खिलाड़ी तान्या को हैंडबॉल जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर आर्शीवाद दिया। उन्होंने खिलाड़ी को पदक पहनाते हुए भविष्य में और बढ़िया प्रदर्शन करने के लिए कहा और खिलाड़ी का प्रोत्साहन स्वरूप अपने स्वैच्छिक कोष से 11 हजार रुपए प्रदान किए। इस अवसर पर हैंडबाल कोच कुसुम व अन्य मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों के आंतक से शहरवासी परेशान



प्रशासनिक अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान

अर्थ प्रकाश/ राजेन्द्र कुमार

सिरसा। अग्रवाल सभा सिरसा रजि. के महासचिव अश्वनी बंसल ने शहर में आवारा कुत्त्तों की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता जताई है। जारी बयान में अश्वनी बंसल ने कहा कि कुत्त्तों के हमला करने व काटने की अनेक घटनाएं शहर में रोजाना हो रही है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन इस दिशा में संज्ञान नहीं ले रहा।

शहर की पॉश कालोनी हुडा के सेक्टर 20 में भी कुत्तों की भरमार है। गुरुद्वारा के पास अलसुबह आने वाले लोगो को ये काट खाते हैं। छोटे बच्चों व कागज आदि बीनने वाली महिलाओं पर भी कई बार हमला कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुत्त्तों के आतंक के कारण लोगों खासकर बच्चों का घरों से निकलना दुभर हो गया है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि जब बच्चे गली में खेल रहे होते हैं तो इन आवारा कुत्त्तों द्वारा अचानक उन पर धावा बोल दिया जाता है, जिससे बच्चे जख्मी हो जाते हैं। कई बार तो बच्चों की जान पर भी बन आती है। बंसल ने कहा कि अनेक लोगों ने कुत्त्ते अपने घरों में पाल रखे हैं, जबकि गलियों में घूमने वाले कुत्त्तों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है।

नगर परिषद के अध्यक्ष वीर शांति स्वरूप ने अध्यक्ष बनते ही कहा था कि वो आवारा कुत्त्तों के लिए शैल्टर बनाएंगे, लेकिन अभी तक कुछ नहीं किया गया है। शासन-प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अश्वनी बंसल ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई कि गंभीर होती इस समस्या पर तुरंत संज्ञान लिया जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके और वे सुरक्षित अपने घरों से निकल सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्र गायब, एक सप्ताह बाद भी नहीं लगा सुराग

**पलवल (दयाराम वशिष्ठ)।** घर से स्कूल के लिए निकला 14 साल का छात्र मनीष संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। वह न तो स्कूल ही पहुंचा और न ही वापस घर। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी छात्र का कोई सुराग नहीं लग सका है। गदपुरी थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रपट दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। पलवल के गांव मिरापुर में रहने वाले लिखी राज का 14 वर्षीय बेटा मनीष बघौला गांव के सरकारी स्कूल की 10 वीं कक्षा में पढता था। वह 4 जुलाई की सुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकला था, लेकिन वह न तो स्कूल ही पहुंचा और न ही वापस घर। इससे घबराए परिजनों ने इसकी सूचना गदपुरी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने गुमशुदगी की रपट दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है।

### रक्तदान महादान, इंसान की जान बचाने के लिए रक्त की एक एक बूंद है कीमती : राजेश कक्कड



**पलवल (दयाराम वशिष्ठ)।** शनिवार को पृथला औद्योगिक इलाके के ततारपुर स्थित सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मोहन अग्रवाल के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सरकारी अस्पताल, पलवल तथा रेड क्रॉस सोसाइटी, पलवल के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में कंपनी के कर्मचारियों के साथ–साथ आसपास के ग्रामीणों ने भी भारी संख्या में भाग लिया और उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए प्लांट हेड राजेश कक्कड ने कहा कि कहा कि रक्तदान महादान है, इंसान की जान बचाने के लिए रक्त की एक एक बूंद कीमती है, इसलिए हर इंसान को समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने शिविर में रक्तदान करने पहुंचे कम्पनी प्रबंधक व कर्मचारियों का आभार जताते हुए कहा कि मानवता की सेवा में आपका यह सद्कर्म टूटती सांसों को संबल प्रदान करता है। इस पुनीत कार्य की बदौलत काफी संख्या में लोगों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। मुझे खुशी है कि रक्तदान में कम्पनी स्टाफ व कर्मचारी स्वैच्छिक रक्तदान में बढचढकर भाग ले रहे हैं। इनमें काफी संख्या में महिला कर्मचारी भी शामिल हैं। इस अवसर पर सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड के कई वरिष्ठ अधिकारी चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर संजय कुमार सिंह, एजीएम, एचआर नरेश कुमार, सिक्योरिटी ऑफिसर मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में पलवल के सरकारी अस्पताल से डॉ. महेश कुमार के नेतृत्व में पहुंची उनकी मेडिकल टीम ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी, पलवल से अंजली बिहाना अपनी पूरी टीम के साथ विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर के दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उपहार भी भेंट किए गए, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ा।

## ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर इंटर-स्टेट ऑफिसरों की मीटिंग

# नूंह में खुले में डीजल–पेट्रोल की बिक्री पर प्रतिबंध, राजस्थान की सीमाएं रहेंगी सील

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नूंह।** नूंह में 14 जुलाई को प्रस्तावित ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा को लेकर शनिवार को हरियाणा और राजस्थान के अफसरों के बीच एक महत्वपूर्ण इंटरस्टेट मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में दोनों राज्यों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर साझा रणनीति तैयार की। वहीं उपायुक्त ने नूंह में खुले में डीजल-पेट्रोल की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इससे किसी भी व्यक्ति को बोतल अथवा किसी अन्य बर्तन में डीजल-पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

रामगढ़ के डीएसपी, पहाड़ी व जुरेह?ा थाना प्रभारी सहित राजस्थान के अन्य थाना प्रबंधकों ने हरियाणा पुलिस के डीएसपी अजायब सिंह को भरोसा दिलाया कि राजस्थान पुलिस की ओर से हरियाणा सीमा में किसी भी संदिग्ध वाहन या व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

**हरियाणा की सीमाओं को किया जाएगा सील:** जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक अजायब सिंह ने बताया कि हरियाणा के शिव मंदिर से आगे तिजारा, बीवा और मुंडाका के अलावा होडल की सीमा राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सीमाओं से लगती है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यात्रा के दौरान हरियाणा की सीमाएं पूरी तरह सील रहेंगी। हर नाके पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और प्रत्येक वाहन की गहनता से जांच की जाएगी। किसी भी संदिग्ध वाहन और व्यक्ति को बिना जांच और पूछताछ के हरियाणा की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। भारी वाहनों पर पूर्ण रूप से नो एंट्री लागू रहेगी, जिससे सुरक्षा में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।

**राजस्थान के पुलिस अधिकारियों सहयोग करने का दिया आश्वासन:** राजस्थान के रामगढ़ से आए डीएसपी ने आश्वासन देते हुए कहा कि आम जनता की सुविधा और यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ट्रैफिक रूट में भी बदलाव किया जाएगा। दोनों राज्यों की पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से गश्त और निगरानी की जाएगी। सभी आवश्यक जानकारियों को दोनों अधिकारियों के बीच लगातार साझा किया जाएगा। राजस्थान की सीमा को पूरी तरह सील किया जाएगा।

# हरियाणा के 4 जिलों में बारिश, 12 में अलर्ट



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के 4 जिलों पानीपत, फतेहाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में शनिवार को बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र चंडीगढ़ ने रात 10 बजे तक के लिए नूंह, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, चरखी दादरी, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, सोनीपत, पानीपत, करनाल, जींद और कैथल में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, शाम को भिवानी और चरखी दादरी में तेज बारिश हुई।

उधर, हिसार के हांसी में आसमानी बिजली कड़कने से घबराकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। बिजली की आवाज सुनकर वह बेहोश हो गए थे। मृतक की पहचान गंगाधर (50) के तौर पर हुई है। मृतक के 2 बच्चे हैं। उनके भाई जयप्रकाश ने बताया कि यह सब अचानक ही हुआ। ऐसा लग रहा है कि तेज आवाज की वजह से उन्हें हार्ट अटैक आया होगा।

# जागरूकता से ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है: एसपी हेमेंद्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की ओर से यूरो इंटरनेशनल स्कूल धारूहेड़ा में साइबर फ्रॉड के बारे में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साइबर थाना रेवाड़ी से साइबर विशेषज्ञ पीएसआई प्रिंस, एचसी हरिओम व उनकी टीम ने विधार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय सुझाए। जिला रेवाड़ी पुलिस की टीमें पिछले काफी समय से जिले के अधिकतर स्कूलों/कॉलेजों एवं गांवों में इस तरह के जागरूकता अभियान चला रही हैं।

इस अभियान के दौरान साइबर विशेषज्ञ टीम ने विद्यार्थियों बताया कि आज के समय साइबर अपराध चरम पर है आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बड़े ही चालाक किस्म के होते हैं जिनसे सभी को बचना होगा। वैसे जिला रेवाड़ी में साइबर क्राइम थाना, साइबर सैल और साइबर हेल्प डेस्क गठित है, जो लगातार इस दिशा में काम रही है। इसके लिए सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है। आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा।इस दौरान उन्होंने साइबर क्राइम संबंधित संचार साथी पोर्टल तथा टेफको पोर्टल के बारे में भी बताया जिसमें अपना फोन नंबर इंटर करके पर यह पता लगाया जा सकता है कि एक आदमी के नाम से कितने सिम जारी हुई है।

# करनाल में होगा 'स्वामी विवेकानंद' नाटक का मंचन, शेखर सेन निभाएंगे मुख्य भूमिका

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 12 जुलाई।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार की ओर से 19 जुलाई को सेक्टर-5 स्थित हेरिटेज लॉन, करनाल में पद्मश्री शेखर सेन द्वारा प्रस्तुत 'स्वामी विवेकानंद' नाटक का मंचन किया जाएगा। आयोजन में जेनिसिस क्लासिज सहयोगी भूमिका में है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठन मंत्री सुधीर कुमार मुख्य अतिथि होंगे, जबकि दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम मुख्य वक्ता रहेंगे। पूर्व आईएएस बालेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे।

शेखर सेन के एकल अभिनय पर आधारित यह नाटक विवेकानंद जी के जीवन और विचारों को आज की पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है। जितेंद्र अहलावत व डॉ. गौतम ने बताया कि यह नाटक कला और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम है।

डॉ. आशीष गौतम ने मिशन के सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि सेवा कुंज, हरिद्वार में कुष्ठ रोगियों व उनके बच्चों के लिए चिकित्सा, शिक्षा, स्वावलंबन आदि क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। समिधा चिकित्सालय और सुश्रुत अल्सर केयर सेंटर में रोजाना दर्जनों रोगियों का निःशुल्क इलाज होता है।

इसके अलावा महिलाओं को हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रशिक्षण, सेवा ज्योति पत्रिका का प्रकाशन, और प्रदीप वाटिका छात्रावास व दिव्य भारत शिक्षा मंदिर के माध्यम से बच्चों को संस्कार आधारित शिक्षा दी जा रही है।

इस आयोजन के माध्यम से सेवा, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# बीड़ बबरान धाम में 13 जुलाई को संकीर्तन, श्याम बाबा के भव्य दरबार के होंगे दर्शन

बीड़ बबरान धाम में 13 जुलाई के संकीर्तन में हिस्सा लेंगे श्रद्धालु, बाबा के दरबार में करेंगे आराधना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



हिसार। धर्म व संस्कृति के पोषक प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 13 जुलाई को आयोजित होने वाले श्याम बाबा के संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया जाएगा। सर्वप्रथम भक्तगण बाबा के दरबार में माथा टेककर अनुकंपा बनाए रखने की अर्जी लगाएंगे। इसके साथ ही विधि-विधान के अनुसार श्याम बाबा की पूजा व आराधना भी की जाएगी।

संकीर्तन में गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए बाबा के शौर्य, पराक्रम और अनुकंपा से परिचय करवाएंगे। इस दौरान बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा भी बाबा के भजन गाकर समां बांधने का काम करेंगे। विनय शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की बीड़ बबरान धाम व श्याम बाबा के प्रति अगाध आस्था है। इसलिए संकीर्तन में काफी संख्या में भक्तगण उमड़ते हैं। उन्होंने बताया कि संकीर्तन में पधारने वाले भक्तों को श्याम बाबा के दरबार, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के दर्शन करने का मौका भी मिलेगा। इसके साथ-साथ महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष व उसके अनूठे पत्तों के दर्शन भी होंगे।

# सूरजकुंड गोल चक्कर पर राष्ट्र स्तरीय सर्व समाज 36 बिरादरी की महापंचायत को लेकर विशाल पंडाल और विशाल मंच बनकर तैयार

महापंचायत में सभी दलों के नेताओं और देश भर में बसे समाज के लोगों को दिया गया न्यौता : विजय प्रताप

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** 13 जुलाई 2025 रविवार को सूरजकुंड गोल चक्कर पर अंनगपुर संघर्ष समिति के तत्वाधान में राष्ट्र स्तरीय सर्व समाज 36 बिरादरी की महापंचायत को लेकर विशाल पंडाल और विशाल मंच बनकर तैयार हो गया है। प्रात 10 से सायं 3 बजे तक चलने वाली में महापंचायत में करीब 20 हजार लोगों के बैठने के साथ साथ सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। अंनगपुर संघर्ष समिति का कहना है कि प्रशासन द्वारा 6500 नोटिस दिए जाने से करीब एक लाख लोग प्रभावित हो रहे हैं जिसमें शिवदुर्गा विहार सहित अनेक कालोनियां शामिल हैं और दिल्ली के दरवाजे से सटा 1200 साल से अधिक पुराना एतिहासिक अनंगपुर गांव को उजाड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पैदल मार्च करते हुए अनंगपुर गांव को बचाने के लिए हजारों ग्रामीण ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की चौखट पर पहुंचे और मात्र आश्वासन के अलावा उन्हें कुछ नहीं मिला। उसके बाद भी बुलडोजर गांव पहुंच गया और तोड? ोड़ की। अंनगपुर संघर्ष समिति के एडवाइजर विजय प्रताप ने विशाल पंडाल का जायजा लेने पहुंचने पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि एतिहासिक गांव अनंगपुर, 50 सालों से बसी शिवदुर्गा विहार विभिन्न कालोनियों को बचाने के लिए सर्व समाज की महापंचायत में सभी दलों के नेताओं ,देश भर में बसे समाज के लोगों को अनुरोध किया गया है कि 1200 वर्ष से अधिक पुराने एक ऐतिहासिक ग्राम अनंगपुर , शिवदुर्गा विहार सहित विभिन्न कालोनियों पर एक भारी विपदा आन पड़ी है। फॉरेस्ट (वन) क्षेत्र के नाम पर उजडने के लिए तैयार लगभग 50,000 से अधिक आबादी और 50000 से अधिक फार्म हाऊस, बैंकट हॉलों में माली, गार्ड ,स्वीपर, इलैक्ट्रिशियन,हलवाई, डिजाइनर, डैकोरेटर ,इवैंट करने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। वन विभाग ने नियमों के विपरित कार्य कर करीब एक लाख लोगों को उजाडने तैयारी करवा दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में सही तथ्य नहीं रखे और जनप्रतिनिधियों ने लापरवाही बरती ,यहां तक की विधायक ने विधानसभा में पर्वत श्रृंखलाओं में बने फार्म हाऊसों और कालोनियों को अवैध करार देते हुए इनका सफाया करने की मांग कर डाली। हजारों लोगों को रोजी रोटी देने वाले आधे आधे एकड़ के फार्म अवैध नहीं है। लोगों की मलकियत में ऐसे फार्म बने हैं जिन्हें अवैध बताया जा रहा है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को चुनौती देते हुए कहा कि वह उन्हें समझाए की कैसे वन विभाग की जमीन है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में वन विभाग ने गलत तथ्य पेश किए । नियमानुसार 1200 साल पुराने गांव अनंगपुर ,शिवदुर्गा विहार सहित अन्य क्षेत्र वन क्षेत्र में नहीं आते , लेकिन विभाग ने इन्हें वन क्षेत्र घोषित कर दिया। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर जी समाज के हितैषी है तो आए और आंदोलन को लीड करे लेकिन हरियाणा सरकार से आर्डिनेंस पास करवा कर सुप्रीम कोर्ट में दर्ज करवाएं जुबानी खर्ची नहीं चलेगी। दिल्ली के दरवाजे पर बसा एतिहासिक गांव अनंगपुर पर बुलडोजर चला तो राजस्थान तक पर्वत श्रृंखलाओं में बसे हजारों गांवों तक बुलडोजर चल सकता है। महापंचायत इस बुलडोजर को रोकने के लिए हो रही है ताकि लाखों लोगों की रक्षा की जा सके।




# शातिर अपराधियों हो जाओ सावधान!

**पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के अलग अलग तीन मामलो में शातिर आरोपियो को किया काबू**

**पकड़े गए तीनों आरोपियो के कब्जे से कमानीदार चाकू बरामद**

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी





**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** हरदम से एक्टिव मोड़ में रहने वाली यूटी साउथ डिविजन की थाना 31 पुलिस ने शातिर अपराधियों के खिलाफ ड्राइव चला दी है। पुलिस वारदातो को अंजाम देने वाले आरोपियों की लगातार धरपकड़ कर रही है। पुलिस का कहना है कि अगर किसी भी अपराधी ने एरिया में किसी भी वारदात या फिर नशीले पदार्थों की सप्लाई की तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए कमानीदार चाकू रखने के मामले में तीन शातिर आरोपियो को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान राम दरबार निवासी 33 वर्षीय विनोद,25 वर्षीय रोहित और 22 वर्षीय संदीप के रूप में हुई है।सभी आरोपी राम दरबार के रहने वाले हैं। बता दे कि थाना 31 पुलिस की टीम इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण मामलों को सुलझा कर आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

**क्या था मामला:** जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की सुपरविजन में उनकी टीम में शामिल हैड कांस्टेबल दौलत राम टीम के साथ शुक्रवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस हल्लो माजरा स्थित सीआरपीएफ दीवार के पास पहुंचे तो पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए राम दरबार निवासी आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी विनोद के खिलाफ 5 अलग अलग मामले दर्ज पाए गए।

**केस नंबर-2:** जानकारी के अनुसार थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल भीम सिंह शनिवार को अपनी टीम के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस 3बीआरडी एयरपोर्ट क्षेत्र के पास पहुंचे तो पुलिस ने शक होने पर आरोपी रोहित की तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ 4 मामले दर्ज पाए गए।

**केस नंबर-3:** थाना 31 पुलिस के हेड कांस्टेबल अजमेर सिंह अपनी टीम के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस काली बाड़ीमंदिर पार्किंग के पास पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी संदीप को रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ पहले भी दो अलग अलग मामले दर्ज पाए गए हैं।

## बंद पड़े घर से ज्वैलरी और नकदी चोरी

**चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)।** थाना 19 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक बंद पड़े घर को शातिर चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए घर से ज्वैलरी का एक तोले समान और नकदी लेकर फरार हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना 19 पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता महिला ने पुलिस को बताया कि वह हर रोज की तरह सुबह अपने कार्यालय गई थी। जब वह शाम को घर लौटी तो देखा कि घर के ताले टूटे हुए हैं।और अंदर से सारा सामान बिखरा हुआ है। घर से एक तोला गोल्ड ज्वैलरी और 5 हजार रुपए की नकदी गायब थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्वीडन में प्रतिभा दिखाएंगे हरियाणा के खिलाड़ी

## स्वीडन के गोथेनबर्ग में फुटबॉल टूर्नामेंट में करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

**खेल मंत्री ने स्वीडन एंबेसी से किया रवाना**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जुलाई।** नई दिल्ली स्थित स्वीडन एम्बेसी में हरियाणा अंडर-15 महिला टीम और भारत स्पेशल ओलंपिक के खिलाड़ियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह खिलाड़ी 13-19 जुलाई को स्वीडन के गोथेनबर्ग में होने वाले दुनिया के सबसे बड़े युवा फुटबॉल टूर्नामेंट गोथिया कप 2025 में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश के खेल युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि यह सिर्फ खेल नहीं, भारत की बेटियों और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास, जुनून और समर्पण का प्रदर्शन है। खेल सीमाएँ नहीं मानते बल्कि ये सपनों को उड़ान देते हैं। बेहतरीन खेल नीतियों की बदौलत आज देश के खिलाड़ी ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों समेत अंतरराष्ट्रीय खेलों में उच्च कोटि का प्रदर्शन करते हुए पदक जीते हुए देश का नाम रोशन कर रहे हैं उन्होंने बताया कि आज हरियाणा के खिलाड़ियों का विश्व स्तर पर डंका बज रहा है।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने इन खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छा खेलो, मुस्कराओ और अपने देश का तिरंगा लहराओ। इस अवसर पर डॉ. मल्लिका नड्डा,यान थेस्लेफ़ समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।




# पुलिस ने घर में हुई चोरी के मामले में आरोपियों को किया गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** थाना मनी माजरा पुलिस ने घर में हुई चोरी के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान राजीव कॉलोनी पंचकूला के रहने वाले 29 वर्षीय रोहित, जिसके कब्जे से पुलिस ने एक पीस गोल्ड टॉप्स और आधार कार्ड, आरोपी के खिलाफ पंचकुला और चंडीगढ़ में मामले दर्ज पाए गए। दूसरे आरोपी की पहचान गुरु प्रसाद जिसके कब्जे से पुलिस ने एक पीस गोल्ड टॉप्स और पेन कार्ड, जिसके खिलाफ तीन मामले दर्ज पाए और तीसरे आरोपी की पहचान दिवाकर उर्फ सोनू जिसके कब्जे से एक गोल्ड लॉकेट वारदात के समय इस्तेमाल बाइक को अपने कब्जे में लिया। आरोपी के खिलाफ एक मामला पंचकूला थाना में दर्ज पाया गया। जानकारी के अनुसार पता चला कि पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला कि घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी एरिया में सक्रिय है।

**क्या था मामला:** जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता पीड़िता महिला गुरदेव कौर ने पुलिस को बताया था कि 5 जुलाई को उनकी तबियत ठीक नहीं थी और वे अपनी बेटी के घर गई थीं। 09 जुलाई 2025 को सुबह लगभग 3:30 बजे उनके भतीजे ने उन्हें फोन करके बताया कि उनके घर के दरवाजे खुले हैं। लौटने पर उसने पाया कि घर का सारा सामान फर्श पर बिखरा पड़ा था और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। उसने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने 1.5 लाख रुपये नकद और कुछ सोने के गहने चुरा लिए थे।

मामले को गंभीरता से लेते हुए और चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते पुलिस की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियो को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया था।

## अवैध हथियारों सहित युवक गिरफ्तार, दो कट्टे व एक कारतूस बरामद

**पंचकूला (अप्रस)।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 की टीम ने डीसीपी क्राइम अमित दहिया के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए 19 वर्षीय संदीप उर्फ शम्मी निवासी गांव मौली को दो अवैध देशी कट्टों और एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। टीम को सूचना मिली थी कि नवोदय रोड, हंगोली मार्ग पर एक युवक हथियारों के साथ खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू कर लिया। आरोपी के पास हथियारों का कोई लाइसेंस नहीं था।

इंस्पेक्टर दलीप सिंह की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25(1)(ए) के तहत मामला दर्ज कर 3 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है।

**तुम जियो हजारों साल**



मृत्युजंय सैनी व धनंजय सैनी को उनके जन्मदिन पर परिवार व सगे संबंधियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)